✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 161 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 8 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह

# बिहार के किसानों को सम्मान निधि से प्रतिवर्ष मिलेंगे नौ-नौ हजार रुपये : प्रधानमंत्री

## छठी मैया का अपमान करने वालों को बिहार देगा सजा | 14 नवंबर के बाद कीजिए बिहार में विजयोत्सव की तैयारी

(कमल किशोर)

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बिहार में एनडीए की विजय के साथ ही यहां के किसानों को प्रतिवर्ष नौ-नौ हजार रुपये किसान सम्मान निधि के तहत मिलेंगे जिसमें तीन हज़ार रुपये राज्य सरकार देगी। इस घोषणा के साथ ही प्रधानमंत्री ने एनडीए के संकल्प पत्र के एक मुख्य बिन्दु की एक प्रकार से पुष्टि कर दी। श्री मोदी ने शुक्रवार को औरंगाबाद में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में इस बार एनडीए की सबसे बड़ी विजय होने वाली है इसलिए 14 नवंबर के बाद विजयोत्सव की तैयारी कर लीजिए। बिहार में एनडीए सबसे बड़ी विजय हासिल करने जा रहा है और दूसरी ओर कांग्रेस को भी पता चल गया है कि वह



हार रही है इसलिए कांग्रेस पराजय के बहाने खोज रही है, उसकी नेट प्रैक्टिस कर रही है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और राजद पर हमला करते हुए कहा कि इन जंगलराज वालों के पास हर वह चीज है जो निवेश और नौकरी के लिए खतरा है। अगर यह गलती से भी सत्ता में आ गए तो यह कट्टा, दुनाली, फिरौती और रंगदारी यही सब चलाएंगे। इनसे सतर्क रहना है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कई बार इस बात पर जोर दिया कि वह जो कहते हैं, जो वादे करते हैं, उसे जरूर निभाते हैं। इस क्रम में उन्होंने राम मंदिर निर्माण, धारा 370, वन रैंक वन पेंशन जैसी अपनी घोषणाओं को अमली जामा पहनाए जाने की बात कही। उन्होंने इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण उत्तर कोयल परियोजना के बारे में भी कहा कि राजद के जंगलराज की सरकार ने खेतों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाया था और केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया था लेकिन आज उत्तर कोयल नहर परियोजना में तेजी से काम चल रहा है। इस परियोजना और किसानों की बड़ी समस्या को बार-बार उठाने के लिए प्रधानमंत्री ने औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह (शेष पृष्ठ 7 पर)

### पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने जताया पीएम मोदी का आभार

उत्तर कोयल नहर परियोजना (कुटकू डैम) को पूरा करने के लिए मेरे अथक प्रयास पर सार्वजनिक रूप से मुहर लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हृदय से धन्यवाद और आभार।

**सुशील कुमार सिंह**
पूर्व सांसद, औरंगाबाद

## प्रथम चरण में लालू-राहुल का सूपड़ा साफ : अमित शाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रथम चरण के मतदान को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि 121 विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने लालू और राहुल का सूपड़ा साफ कर दिया है। वो झाझा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीपुर के बंगरडीह स्कूल के मैदान मैं एनडीए प्रत्याशी दामोदर रावत के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। जयकारे और संकल्प के साथ सभा की शुरुआत करते हुए शाह ने स्थानीय देवी-देवताओं तथा स्वतंत्रता सेनानियों को न सिर्फ नमन किया, बल्कि घनवेरिया का पेड़ा और खैरा के बालूशाही की चर्चा कर स्थानीय लोगों से जुड़ने का सीधा प्रयास किया। उन्होंने जंगलराज से सावधान करते हुए कहा कि लोग भेष और कपड़ा बदलकर आना चाहते हैं। इसे आने नहीं देना है। यह आए तो लालू का बेटा अपहरण का डिपार्टमेंट खोलेगा। हम जीते तो बिहार को बाढ़ मुक्त बनाने के साथ किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने जमुई से नक्सलवाद साफ कर देने को सरकार की उपलब्धि बताया। साथ ही कहा कि नरसंहार और अपराध ने कल कारखाने बंद कर दिया। नीतीश कुमार ने जंगलराज समाप्त किया है। अब आने वाला पांच साल बिहार के विकसित राज्य बनाने का होगा। गृह मंत्री ने जमुई को पर्यटन का बड़ा केंद्र बनाने के संकल्प को भी लोगों से साझा किया। साथ ही बताया कि जमुई जिले से दो-दो एक्सप्रेस वे गुजरने वाली है। अमित शाह ने जमुई और झाझा की महत्वपूर्ण योजनाओं को (शेष पृष्ठ 7 पर)

## लोकतंत्र की रक्षा व संविधान के सम्मान के लिए सावधान रहेगा बिहार का हर व्यक्ति : राहुल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के वोट चोरी की योजना से बिहार की जनता को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने शुक्रवार को यहां भागलपुर क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वोट चोरी का तरीका अपनाया गया था और अब वही खेल बिहार में चलाया जा रहा है। भाजपा के



कई नेताओं ने गुरुवार को बिहार में वोट देने के साथ-साथ दिल्ली में भी मतदान किया। श्री गांधी ने कहा कि एक तरफ भाजपा नेताओं को एक से ज्यादा वोट देने की अनुमति (शेष पृष्ठ 7 पर)

## चुनाव के बाद तेज होगी बहाली की प्रक्रिया : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सूबे में अब कोई भय का वातावरण नहीं है। सरकार ने बड़े पैमाने पर कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई है। अब तक दो लाख 58 हजार शिक्षकों की बहाली की जा चुकी है जबकि 70 हजार पदों पर बहाली की तैयारी चल रही है। चुनाव बाद सरकार बनते हीं यह बहाली प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी। पुराने और नये मेडिकल कॉलेजों को विकसित किया गया है। दस लाख नौकरियां और दस लाख रोजगार पहले ही दिए जा चुके हैं। अब लक्ष्य एक



करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का है। उक्त बातें शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में कई जगहों पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राज्य सरकार और केंद्र सरकार मिलकर प्रदेश को समृद्ध बनाने में जुटी है। सीएम ने बताया कि तीन लाख 85 हजार जीविका दीदियों को शहरी क्षेत्र में लाभ दिया गया है। सभी वृद्ध और दिव्यांगजनों की पेंशन 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी गई है। हर घर तक बिजली पहुंचाई जा चुकी है और घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अब तक एक करोड़ 51 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है, ताकि वे स्वरोजगार कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य के विकास में बड़ा योगदान दिया है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नमन किया। नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार अब पहले से कहीं ज्यादा तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिहार देश की प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा है।

## राजद ने पूर्व विधायक को छह साल के लिए किया बाहर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजद ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में खजौली के पूर्व विधायक सीताराम यादव को छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की ओर से जारी पत्र में कहा गया कि 2015 में विधायक रहे सीताराम यादव 2020 में चुनाव हार गए थे और इस बार पार्टी ने ब्रजकिशोर यादव को उम्मीदवार बनाया लेकिन उन्होंने अपने बेटे राजेश कुमार को निर्दलीय मैदान में उतारकर राजद के खिलाफ दुष्प्रचार किया। इसी वजह से उन्हें दल से निष्कासित कर दिया गया है।



# बिहार के सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र का कौन होगा सिकंदर

**विनय कुमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिकंदरा (जमुई)।** बिहार की सिकंदरा विधानसभा सीट जमुई जिले की चार सीटों में से एक है। सिकंदरा विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है तथा इसमें खैरा, सिकंदरा और अलीगंज तीन प्रखंड क्षेत्र शामिल है। सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र खैरा प्रखंड क्षेत्र में हरखार स्थित भगवान महावीर की जन्मस्थली तथा लछुआड़ के लिए काफी प्रसिद्ध है। इसके साथ ही यहां कई ऐसे स्थान हैं जिन्हें पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है जिसकी मांग समय-समय पर इस क्षेत्र के लोग करते रहे हैं। सिकंदरा विधानसभा सीट जमुई जिले की एक अहम सीट मानी जाती है जिसका राजनीतिक इतिहास बेहद दिलचस्प और उतार चढ़ाव भरा रहा है। इस सीट पर एक दौर में कांग्रेस का मजबूत दबदबा था, लेकिन वक्त के साथ यहां राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के समीकरण बदलते चले गए। कभी निर्दलीयों की जीत ने सबको चौंकाया तो कभी क्षेत्रीय दलों ने बड़ा उलट-फेर करके दिखाया। सबसे दिलचस्प बात है कि लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का खाता इस सीट पर आज तक नहीं खुला और शायद इसी छटपटाहट में तेजस्वी यादव गठबंधन धर्म भूल गए। इस बार के चुनाव में सिकंदरा विधानसभा सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) जहां मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहा है, वहीं इंडिया ब्लॉक पूरी तरह यहां बिखर गया है। कभी कांग्रेस के गढ़ रहे इस इलाके में राजद ने गठबंधन को लठबंधन बनाते हुए यहां दोस्ताना मुकाबले का ऐलान कर दिया है और कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। उल्लेखनीय है कि इस विधानसभा सीट पर करीब सवा तीन लाख मतदाता हैं। रामेश्वर पासवान यहां से सबसे ज्यादा सात बार निर्वाचित तो हुए है, लेकिन उसके लिए उन्हें कई दलों के पतवार की जरूरत पड़ी है। सिकंदरा विधानसभा सीट पर पहला चुनाव 1962 में हुआ जिसमें कांग्रेस के मुसाफिर अहमद शाह विजयी हुए। उसके बाद 1967 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के एस. विवेकानंद ने कांग्रेस से यह सीट छीन ली थी, लेकिन 1969 में रामेश्वर पासवान ने कांग्रेस की यहां वापसी कराई। इसके बाद कांग्रेस ने 1985 तक इस सीट पर अपना दबदबा बरकरार रखा। वर्ष 1990 , 95 और 2000 में प्रयाग चौधरी इस सीट से विधायक चुने गए। प्रयाग चौधरी राबड़ी मंत्रिमंडल के सदस्य भी रहे। वर्ष 2005 के फरवरी और नवंबर के चुनाव में रामेश्वर पासवान एक बार फिर विधायक चुने गए और नीतीश सरकार में मंत्री बने। इसके बाद वर्ष 2010 के चुनाव में फिर रामेश्वर पासवान विधायक बने। वर्ष 2015 के चुनाव में कांग्रेस के सुधीर कुमार सिकंदरा से विजयी रहे। 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव में सिकंदरा सीट पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कांग्रेस के सुधीर कुमार और हिन्दुस्तानी अवाम पार्टी (हम-से) के प्रफुल्ल कुमार मांझी के बीच कांटे की टक्कर हुई। हालांकि प्रफुल्ल कुमार मांझी ने 47,061 वोट प्राप्त कर कांग्रेस के सुधीर कुमार को 5,505 वोट से पराजित कर कांग्रेस के इस गढ़ को तोड़ दिया। इस बार सिकंदरा सीट पर राजद और कांग्रेस आमने सामने है। इससे यह संभव है कि मुस्लिम वोट बिखरने का फायदा एनडीए को होगा। पिछले दो चुनावों में भी दोनों महागठबंधन से इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी लड़ते आए हैं लेकिन इस चुनाव में राजद और कांग्रेस दोस्ताना मुकाबला करेंगे। राजद से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी और कांग्रेस से विनोद चौधरी फ्रेंडली फाइट करेंगे जिसका सीधा फायदा कहीं न कहीं एनडीए के प्रफुल्ल कुमार मांझी को मिलेगा जिन पर एक बार फिर जीतन राम मांझी की हम पार्टी ने दांव खेला है। तस्वीर साफ है मुकाबले को रोचक बनाने में जनसुराज के सुभाष पासवान भी लगे हैं। इस क्षेत्र में 11 नवंबर को मतदान होगा तथा मतगणना 14 नवंबर को होगी। अब देखना होगा कि सिकंदरा का सिकंदर कौन होगा।

# एलआइसी का शानदार रिजल्ट, दूसरी तिमाही में मुनाफा 32 प्रतिशत बढ़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम के निदेशक मंडल ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही के लिए एकल और समेकित वित्तीय परिणामों को स्वीकृति प्रदान की एवं उन्हें अनुमोदित किया। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही के लिए कर पश्चात लाभ (पीएटी) 21,040 करोड़ रुपये था जबकि 30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए यह 18,082 करोड़ रुपये था जो 16.36% की वृद्धि दर्शाता है। प्रथम वर्ष की प्रीमियम आय (एफवाईपीआई) (आईआरडीएआई के अनुसार) के आधार पर मापी गई बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ में एलआईसी 30 सितंबर 2025 को समाप्त छमाही के लिए 59.41% की समग्र बाजार हिस्सेदारी के साथ भारतीय जीवन बीमा-व्यवसाय में बाजार अग्रणी बनी हुई है जबकि 30 सितंबर 2024 को समाप्त छमाही के लिए यह 61.07% थी। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही के लिए एलआईसी की व्यक्तिगत व्यवसाय में 37.21% और समूह व्यवसाय में 72.74% बाजार हिस्सेदारी थी। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छह महीने की अवधि के लिए कुल प्रीमियम आय 2,45,680 करोड़ रुपये थी जबकि 30 सितंबर 2024 को समाप्त छह महीने की अवधि के लिए यह 2,33,671 करोड़ रुपये थी जो 5.14% की वृद्धि दर्शाती है। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छह महीने की अवधि के लिए व्यक्तिगत नव व्यवसाय प्रीमियम आय रु. 28,491 करोड़ थी, जबकि 30 सितंबर 2024 को समाप्त छह महीने की अवधि के लिए यह रु. 29,538 करोड़ थी, यानी 3.54% की गिरावट दर्ज की गई। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छह महीने की अवधि के लिए व्यक्तिगत नवीनीकरण प्रीमियम आय रु. 1,22,224 करोड़ थी जबकि 30 सितंबर 2024 को समाप्त छह महीने की अवधि के लिए यह रु. 1,15,158 करोड़ थी, यानी 6.14% की वृद्धि दर्ज की गई। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छह महीने की अवधि के लिए कुल व्यक्तिगत व्यवसाय प्रीमियम पिछले वर्ष की तुलनीय अवधि के लिए रु. 1,44,696 करोड़ से बढ़कर रु. 1,50,715 करोड़ हो गया, यानी 4.16% की वृद्धि दर्ज की गई। 30 सितंबर 2025 को समाप्त छह महीने की अवधि के लिए समूह व्यवसाय की कुल प्रीमियम आय 94,965 करोड़ रुपये थी, जबकि 30 सितंबर 2024 को समाप्त छह महीने की अवधि के लिए यह 88,975 करोड़ रुपये थी, जो 6.73% की वृद्धि दर्शाती है।

# मध्य विद्यालय मैडिहां में 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य सामूहिक गायन कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** मध्य विद्यालय मैडिहां में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापिका रिंकी कुमारी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर रिंकी कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा है जिसके पीछे असंख्य वीरों का बलिदान और त्याग जुड़ा हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों से इस गीत के भाव और उसके ऐतिहासिक महत्व को समझने की अपील की। कार्यक्रम में वर्ग प्रथम से लेकर अष्टम तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक साथ स्वर मिलाकर 'वंदे मातरम' गाया जिससे विद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। इस अवसर पर प्रतिमा कुमारी, रमेश कुमार, पप्पू कुमार, खुशी कुमारी, रेखा, संतोषी, वर्षा, आयुषी, आरोही, रिया, आयूष, दिलीप, सागर, धीरज, अभिनन्दन सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे इस महान गीत के संदेश मातृभूमि के प्रति प्रेम, एकता और समर्पण को जीवन में आत्मसात करेंगे।

# छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली, दिया संदेश 'पहले मतदान, फिर जलपान'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस (रोहतास)।** आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कोचस प्रखंड क्षेत्र के पीएम श्री हाई स्कूल की छात्राओं ने शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली का नेतृत्व शिक्षक राकेश कुमार सिंह और सदानंद चौबे ने किया। सैकड़ों छात्राओं ने हाथों में बैनर, पोस्टर और तख्तियां लेकर बाजार की सड़कों पर घूमते हुए मतदाताओं को जागरूक किया। छात्राओं ने नारे लगाए 'पहले मतदान, फिर जलपान' और 'एक वोट, देश के भविष्य की बात'। रैली के दौरान लोगों से 11 नवम्बर को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई। छात्राओं ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का एक वोट लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाता है, इसलिए सभी मतदाता मतदान केंद्र पर अवश्य पहुंचे। यह जागरूकता रैली स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही और लोगों ने छात्राओं की इस पहल की सराहना की।

# एनटीपीसी कांटी परियोजना में मना स्थापना दिवस सह स्वर्ण जयंती समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मुजफ्फरपुर।** एनटीपीसी कांटी परियोजना में 7 नवम्बर 2025 को एनटीपीसी का स्थापना दिवस एवं स्वर्ण जयंती समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख एस. के. सुआर द्वारा प्रशासनिक भवन परिसर में एनटीपीसी ध्वज फहराया गया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए श्री सुआर ने एनटीपीसी तथा कांटी स्टेशन की उपलब्धियों को स्मरण किया तथा परियोजना की सतत प्रगति और बेहतर होते प्रदर्शन के लिए समस्त कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे टीम भावना, दक्षता और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए संगठन के लक्ष्यों की प्राप्ति में योगदान दें। स्वर्ण जयंती दिवस को स्मरणीय बनाने हेतु परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। यह पहल परिसर को हरा-भरा एवं पर्यावरण अनुकूल बनाए रखने की दिशा में एक सराहनीय कदम रहा जो एनटीपीसी के सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को और मजबूत करता है। इसके उपरांत सभी महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधि, कर्मचारी एवं सीआईएसएफ कर्मियों की उपस्थिति में केक काटा गया। बाद में सभी कर्मचारियों ने कॉर्पोरेट कार्यालय से एनटीपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह का सीधा प्रसारण देखा जिसमें उन्होंने एनटीपीसी समूह की वर्तमान उपलब्धियों, भविष्य की दिशा एवं देश की ऊर्जा जरूरतों के अनुरूप संगठन की कार्ययोजना पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) देबेश कुमार पाढ़ी, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) उमेश कुमार तथा अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) महेश कुमार सुथार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिहार स्ट्रेंथ लिफ्टिंग टीम घोषित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 35 वीं सब जूनियर,जूनियर, सिनियर राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवम इनक्लाइन बेंच प्रेस प्रतियोगिता का अयोजन दिनांक 10 से 13 नवम्बर 2025 को गंगटोक, सिक्किम में किया जा रहा है जिसमे बिहार से 19 सदस्य टीम , गोविंद कुमार, सकील आलम, रोहित कुमार, विकास कुमार, समीर आलम, विवेक कुमार, राहुल कुमार, सौरभ कुमार, विष्णु कुमार, प्रिंस कुमार, संतोष कुमार, सुशांतो भाटाचार्जी, आदित्य दास, कुणाल कुमार, कुंदन मलिक, सुरेश कुमार, राजेश कुमार सिंह, सत्य प्रकाश एवम पूजा कुमारी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। बिहार स्ट्रेंथ लिफ्टिंग संघ के सचिन मनोज कुमार एवम अन्य सदस्यो ने खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी है।

# 62000 करोड़ का घोटाला : पवन खेड़ा

## पवन खेड़ा ने बिहार सरकार से जनहित में किए दस सवाल, कहा जनता के समक्ष दें जवाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के कार्यसमिति सदस्य और मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन पवन खेड़ा ने आज मौर्या होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बिहार सरकार पर करारा हमला किया है। एआईसीसी कार्यसमिति सदस्य और मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा कि आपको यह नहीं कहूंगा कि 62 हजार करोड़ में कितने जीरो होते हैं, उन्हें आप गिनकर बताइए क्योंकि अब वो दौर नहीं है कि आप अपने चैनल में या अखबार में इस तरह की कोई हैडलाइन लगा दें और आपकी नौकरी सुरक्षित रह जाए। तुरंत फोन आयेगा या तो स्टोरी हट जायेगी या आप हट जाओगे। अभी इसी हफ्ते एक राष्ट्रीय चैनल पर पूर्व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री और भाजपा नेता के इस खुलासे को एक चैनल ने सुबह-सुबह दिखा दिया था। दोपहर तक वो स्टोरी डिलीट हो गई और शाम तक वो चैनल भाजपा के पक्ष में फर्जी ओपिनियन पोल दिखाने लगा। हम जानते हैं कि देश का मीडिया किस दबाव में काम करता है, पीएमओ एक मायावी हिरण है जिसने देश के मीडिया का अपहरण कर लिया है। मीडिया जोश में अगर कोई स्टोरी चला भी दे तो जोशी जी उसको ठंडा कर देते हैं, लेकिन देश में और बिहार में आज आजाद पत्रकारों का एक बड़ा समूह खड़ा है जो जनता के हित की बात को हर कीमत पर जनता तक लेकर जाता है। ये 62 हजार करोड़ के घोटाले की कहानी भी आज बिहार के घर-घर तक पहुंच गई है। 15 सितंबर को पहली बार हमने इस बात का खुलासा किया था कि बिहार सरकार ने भागलपुर के पीरपैंती में बेशकीमती 1050 एकड़ जमीन 1 रूपये में अदानी के हवाले कर दी। बिहार के कोयले और बिहार के जमीन से मुफ्त में बनी बिजली को राष्ट्रीय सेठ अदानी जी लगभग 7 रूपये प्रति यूनिट के हिसाब से बिहार को बेचेंगे। एक तरफ भाजपा मां के नाम पर बिहार बंद कर रही थी, दूसरी तरफ किसान की मां समान प्रिय जमीन को एक रुपए में अदानी को सरका रही थी। अब इस घोटाले पर खुद भाजपा के वरिष्ठ नेता ने बड़ा खुलासा करके हमारी बात पर मोहर लगा दी है। उन्होंने कहा है कि अदानी जी हर साल इस प्रोजेक्ट से 25000 करोड़ कमाएंगे। अदानी जी को ये टेंडर दिलाने के लिए नियमों और कानूनों में केंद्र और राज्य स्तर पर तमाम तरह के बदलाव किए गए हैं। आर के सिंह साहब खुद केंद्रीय ऊर्जा मंत्री रहे हैं, इसलिए उनकी बात में बहुत वजन है। उन्होंने तमाम तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखी है। एक पेड़ मां के नाम लगाकर, पूरा जंगल अदानी के नाम करने वाली भाजपा ने अदानी को ये प्रोजेक्ट दिलवाने के लिए केंद्रीय कैबिनेट के माध्यम से शक्ति नीति में ही बदलाव कर डाले। इस साल मई से लेकर जुलाई तक मोदी और नीतिश सरकार ने बिहार के साथ ये बेइमानी का खेल खेला। पहले तो सौर ऊर्जा के प्रोजेक्ट को थर्मल में बदला, फिर बिना कोयले की व्यवस्था के टेंडर जारी किया गया, फिर पर्यावरण के मानकों में ढील दी गई, फिर इंजीनियरों और विशेषज्ञों के तमाम विरोधों के बावजूद ये टेंडर पास कर दिया गया। इसलिए तो हम कहते हैं कि सारी खुदाई एक तरफ, गौतम भाई एक तरफ जब बात गौतम भाई की होती है तो मोदी जी सब नियम और कानूनों को ताक पर रख देते हैं। पिछले एक साल से भाजपा ने नीतीश जी का मुंह बंद करके रखा हुआ है और उनका हाथ पकड़ कर खाली फाइलों पर दस्तखत करवा लिए जाते हैं। फिर उन फाइलों पर भाजपा के नेता अपनी मर्जी के टेंडर और प्रोजेक्ट जारी करते हैं। बिहार में लूट और भ्रष्टाचार का खुला खेल चल रहा है। इसी का परिणाम है कि कल पहले चरण की वोटिंग में बंपर वोटिंग से बिहार के सभी वर्गों ने अपना आक्रोश जाहिर कर दिया। रुझान दूसरे चरण में भी यही रहेगा, बिहार से भाजपा और जेडीयू की विदाई तय हो चुकी है। महागठबंधन की सरकार बनते ही बिजली के इस महाघोटाले की जांच शुरू होगी और बिहार के किसानों को उनका उचित हक अदा किया जाएगा। बिहार की वर्तमान सरकार से एआईसीसी के कार्यसमिति सदस्य और मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन पवन खेड़ा ने मीडिया के माध्यम से मुख्य तौर पर 10 प्रश्न जनता के लिए उठाए।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में इशान किशन क्रिकेट एकेडमी ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




पटना। ईशान किशन क्रिकेट एकेडमी ने विमला देवी मेमोरियल अंडर-12 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ईशान किशन क्रिकेट एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी को 6 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एक अन्य प्री क्वार्टरफाइनल में 22 यार्ड्स क्रिकेट एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एसपीसीए टीम को 66 रन से मात देकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार (सीएबी) ग्राउंड पर चल रहे इस टूनार्मेंट के अंतर्गत शुक्रवार को खेले गए मैच में ईशान किशन क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी को 20.4 ओवर में 104 रन पर ऑल आउट कर दिया। अंशुमान कुमार ने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 5 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट झटके। वहीं शुभम शर्मा ने 4 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी की ओर से अतिरिक्त के सहारे 50 रन बने। लक्ष्य का पीछा करते हुए ईशान किशन क्रिकेट एकेडमी ने 13.3 ओवर में 109 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। अमन कुमार ने तूफानी 37 रन (25 गेंद, 6 चौके, 1 छक्का) की पारी खेली, जबकि आयुष रंजन ने केवल 12 गेंदों में 23 रन जड़ दिए। दोनों बल्लेबाजों की साझेदारी ने टीम को आसानी से जीत दिलाई। ईशान क्रिकेट एकेडमी को अंशुमान कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22 यार्ड्स टीम ने 15.4 ओवर में 146 रन बनाकर दमदार स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से रोहित राज ने 39 रन (25 गेंद, 4 चौके, 1 छक्का), उज्ज्वल यादव ने 25 रन (21 गेंद) और कप्तान अविनाश कुमार ने नाबाद 23 रन (13 गेंद, 5 चौके) की तेज पारी खेली। टीम को 35 अतिरिक्त रनों का भी लाभ मिला।लक्ष्य का पीछा करते हुए एसपीएसए की टीम 16.2 ओवर में मात्र 80 रन पर ढेर हो गई। टीम की शुरूआत बेहद खराब रही और केवल कप्तान अर्णव कुमार (4 रन) और रोहित कुमार (11 रन) ही थोड़ी देर टिक सके। टीम की ओर से 35 वाइड गेंदों के रूप में अतिरिक्त रन तो मिले, पर बल्लेबाज कोई साझेदारी नहीं बना पाए। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए सुमित कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर डिहरी में मनाई गई वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** आर एसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर डिहरी में 7 नवम्बर 2025 को वंदे मातरम का 150 वीं वर्षगांठ मनाया जिसमें विद्यालय के 29 /42 बिहार बटालियन एनसीसी के विद्यार्थियों ने विद्यालय के सुबह के प्रार्थना सभा में वन्देमातरम गीत के साथ राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। वंदे मातरम मां भारती के मंत्र सूत्र है जिसके कारण आज भारत दुनिया में विकसित देश की सूची में शामिल हुआ है। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने कहा कि आज बहुत खुशी का दिन है। पूरा देश 150वीं वंदे मातरम के वर्षगांठ के रूप में मना रहा है। इसके साथ-साथ विद्यालय के लिए एक साथ दो खुशी जुड़ गई है जो आर एस के पब्लिक स्कूल को एन सी सी के द्वारा मान्यता प्राप्त हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि आर एस के पब्लिक स्कूल के बच्चे अब सैनिक स्कूलों के तर्ज पर शिक्षा एवं अनुशासन मूलभूत सुविधाओं के साथ शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

# भारत स्काउट गाइड रोहतास ने मनाया 75वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जिला संगठन आयुक्त अरविंद कुमार सिंह के निर्देशानुसार भारत स्काउट और गाइड के स्वयंसेवक रवि शंकर कुमार, काजल कुमारी, मुस्कान कुमारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय को स्थापना दिवस का स्टीकर लगाकर 75वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर अंकित कुमार, मनीषा कुमारी, रिया कुमारी, आदर्श कुमार, मुस्कान कुमारी उपस्थित रहे। भारत स्काउट्स और गाइड्स का इतिहास 7 नवंबर 1950 को कई स्काउट और गाइड संगठनों के विलय से शुरू हुआ था। ब्रिटिश भारत में स्काउटिंग की शुरुआत 1909 में हुई थी जबकि गाइडिंग 1911 में शुरुआत हुई थी। उस समय भारत में ब्वॉय स्काउट एंड गर्ल गाइड, बालचर सेवा समिति, हिंदुस्तान स्काउट एसोसिएशन एवं विभिन्न छोटे-छोटे संगठन चलाए जा रहे थे। भारत में संविधान लागू होने के बाद सभी छोटे-छोटे संगठन को एक में विलय करके 07 नवंबर 1950 इ. को द भारत स्काउट और गाइड की स्थापना की गई। वर्तमान में स्काउट गाइड संगठन के नाम पर द भारत स्काउट और गाइड ही एकमात्र भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था चलाई जा रही है। इसका उद्देश्य युवाओं के चरित्र, कौशल और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है जिसके लिए यह विभिन्न गतिविधियों जैसे कैम्पिंग, सामुदायिक सेवा और प्रशिक्षण शिविर आयोजित करता है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि विश्व स्काउट आंदोलन इसकी शुरुआत 1908 में सर बेडेन पावेल ने की थी। भारत में स्काउटिंग की 1909 में इसकी एक विदेशी शाखा के रूप में शुरुआत हुई जो केवल यूरोपीय और एंग्लो इंडियन बच्चों के लिए खुली थी। भारतीय नेताओं के प्रयास राष्ट्रवादी नेताओं जैसे पंडित मदन मोहन मालवीय और एनी बेसेंट ने भारतीय लड़कों के लिए अलग स्काउट एसोसिएशन की स्थापना की। विलय-विभिन्न समूहों के विलय के प्रयास असफल रहे क्योंकि ब्रिटिश वफादारी के बजाय देशभक्ति को शामिल करने का मुद्दा था। भारत स्काउट्स और गाइड्स की स्थापना 07 नवंबर 1950 को स्वतंत्र भारत में सभी मौजूद स्काउट और गाइड संगठनों के विलय से भारत स्काउट्स और गाइड्स का गठन हुआ।

# सीएचसी कोचस में कर्मियों ने सामूहिक रूप से गाया 'वंदे मातरम'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोचस (रोहतास)।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की 150 वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोचस में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी स्वास्थ्यकर्मियों एवं सुरक्षाकर्मियों ने मिलकर सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन किया। राष्ट्रगीत की गूंज से पूरा अस्पताल परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम की जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. तुषार कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस मौके पर सभी कर्मियों ने पूरे जोश और सम्मान के साथ 'वंदे मातरम' का गायन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन देश के प्रति सम्मान और सेवा भाव को मजबूत करने का संदेश देते हैं। डॉ. तुषार कुमार ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारी एकता, त्याग और राष्ट्रप्रेम की भावना का प्रतीक है।

# बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है : पीएम मोदी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)।** सरदार पटेल कॉलेज भभुआ के खेल मैदान में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने संबोधन में कहा कि बिहार में एनडीए की लहर चल रही है। पहले चरण के चुनाव में एनडीए को अपार समर्थन मिला है। दूसरे चरण में आप लोग से अपील करने आया हूं कैमूर का चारों प्रत्याशियों को भारी मतों से विजय बनाएं और कहा कि इस बार फिर से एनडीए सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री ने सभा में शामिल हुए जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे, जो एनडीए के प्रति अपना समर्थन दिखाने के लिए आए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि कैमूर जिले की चारों विधानसभा सीटें - भभुआ, मोहनियां, चैनपुर और रामगढ़ एनडीए को इस बार फिर से वोट देकर जीताने का काम करें। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल रहा। एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे थे और प्रधानमंत्री की रैली को लेकर जनसमर्थन जुटाने में सफल रहे। साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में इंडिया महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि जो हमारे आस्था के महापर्व छठ पर्व को विपक्ष के द्वारा नहीं माना जाता है वैसे लोगों को सजा मिलनी चाहिए। आपके पास उनको सजा लेने के लिए 11 तारीख का मौका है। आपके द्वारा उनको अवश्य सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वर्गीय लाल मुनी चौबे हमारे प्रेरणा रह चुके हैं, आज हमारे बड़े भाई चंद्रमौली मिश्रा भी हमारे प्रेरणा रह चुके हैं इनसे हम बहुत कुछ सीखा है। चुनावी जनसभा के मंच का संचालन महिला भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष समीक्षा श्रीवास्तव ने किया वही अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे ने किया। मंच पर आसीन एनडीए के प्रत्याशी मोहम्मद जमा खान, अशोक कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, स्नेहलता, संगीता कुमारी, भारत बिन्द, बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, जेडीयू जिलाध्यक्ष अजय पटेल, वीणा श्रीवास्तव, महाबली सिंह, मुरारी प्रसाद गौतम, शिवेश राम और एनडीए गठबंधन के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष : डीडीयू मंडल में स्मरणोत्सव आयोजित

## मंडल रेल प्रबंधक के साथ रेलकर्मियों ने किया राष्ट्रगान के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 नवम्बर 2025 को पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के साथ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्काउट-गाइड बच्चों द्वारा राष्ट्रगीत के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गान किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी उज्जवल आनंद सहित मंडल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान नई दिल्ली में आयोजित केंद्रीय समारोह का लाइव प्रसारण भी देखा गया। यह आयोजन राष्ट्रगीत की ऐतिहासिक विरासत को सम्मानित करने और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। इसी क्रम में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन परिसर, पूर्व मध्य रेल इंटर कॉलेज तथा मंडल के अन्य स्टेशनों पर भी वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन किया गया।

# डॉ. निर्मल कुशवाहा को भगवान कुश मंदिर सह कुशवाहा सभा भवन ने किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भगवान कुश मंदिर सह कुशवाहा सभा भवन, डिहरी के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ चिकित्सक एवं ट्रस्टी सदस्य डॉ. निर्मल कुशवाहा को उनके आवास पूर्वी मोहन बिगहा स्थित निवास पर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पमाला और प्रतीक चिन्ह (मेमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर के अध्यक्ष लाल बिहारी सिंह ने बताया कि डॉ. निर्मल कुशवाहा न केवल कुशवाहा सभा भवन के वरिष्ठ ट्रस्टी सदस्य हैं, बल्कि उनके द्वारा मंदिर निर्माण एवं विकास कार्यों में सबसे अधिक आर्थिक सहयोग दिया गया है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष इंजीनियर लक्ष्मण सिंह, उपसचिव विक्रमादित्य सिंह, राम प्रसाद सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वातावरण श्रद्धा एवं सम्मान के भाव से ओत-प्रोत रहा।

# स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में रिलेरेस, 1600 मीटर दौड़ (लड़कियों एवं लड़कों की), योगाभ्यास सहित विभिन्न खेल आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य फर्स्ट टाइम वोटर्स के बीच निष्पक्ष चुनाव का महत्व समझाना एवं उन्हें सक्रिय मतदान हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान ए.एस.पी. बिक्रमगंज एवं अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा स्वस्थ शरीर और सशक्त लोकतंत्र के संदेश के साथ निष्पक्ष मतदान की प्रेरणा दी गई। प्रतियोगिता के समापन के बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें विजयी प्रतिभागियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, ए.एस.पी. बिक्रमगंज, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, नगर कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी, अनुमंडल तथा पंचायत कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान की सफलता में अपना योगदान दिया। साथ ही संझोली प्रखंड में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व और निष्पक्ष चुनाव की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त काराकाट विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखंडों काराकाट, संझोली एवं बिक्रमगंज में विकास मित्रों एवं टोला सेवकों द्वारा अनुसूचित जाति टोलों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को बिना भय के निष्पक्ष मतदान करने की अपील की गई।

# राजद प्रत्याशी सत्येंद्र साह का डिहरी प्रत्याशी गुड्डू चन्द्रवंशी ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार के सासाराम विधानसभा सीट से नॉमिनेशन के बाद गिरफ्तार हुए महागठबंधन के प्रत्याशी सत्येंद्र शाह आज 17 दिन बाद जेल से रिहा होने के बाद सासाराम के राजद प्रत्याशी सत्येंद्र शाह को झारखंड के गढ़वा जेल से जमानत पर रिहा होने के उपरांत सासाराम जाने के क्रम में डिहरी शहर के पाली स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिहरी विधानसभा के राजद प्रत्याशी गुड्डू चंद्रवंशी ने अंग वस्त्र और फूलों से भव्य स्वागत किया। राजद के सैकड़ों समर्थकों ने जोरदार स्वागत करते हुए राष्ट्रीय जनता दल जिंदाबाद, लालू यादव जिंदाबाद तेजस्वी यादव जिंदाबाद के नारे भी लगाए। दरअसल झारखंड के गढ़वा से दर्जनों काफिले के साथ सासाराम पहुंचते राजद उम्मीदवार सत्येंद्र शाह को राजद समर्थकों ने फूलों से लाद दिया। सत्येंद्र शाह ने कहा कि उन्हें बेवजह फंसा कर जेल भेजा गया ताकि विधानसभा सीट पर खेला किया जा सके, लेकिन उनके विरोधियों की साजिश नाकाम हुई और उनकी रिहाई हुई।

# गीत गाकर रंगोली बना मतदाताओं को किया जागरूक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी के द्वारा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पदाधिकारी डिहरी संजय कुमार सिंह की उपस्थिति में तथा प्रधानाध्यापक संजय कुमार के कुशल नेतृत्व में मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस अभियान के तहत छात्रों के द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के शुभंकर चिरैया तथा रोहतास के लिट्टी बाबू की स्टेचू बनाकर छात्रों के द्वारा प्रदर्शित की गई तथा शहर के हृदय स्थल कर्पूरी चौक पर रंगोली बनाने का कार्य किया गया एवं छात्राओं के द्वारा 11 नवंबर 2025 को चाचा, चाची, भैया, बहिनी, दादा-दादी से गीत गाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए छात्राओं ने वोट फॉर बिहार के लिए संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका मोनू गुप्ता, आयुषी गौतम मेंटर्स के रूप में उपस्थित थी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में धीरज कुमार, अभिषेक कुमार, अंश कुमार, पृथ्वी गोपाल, साक्षी कुमारी, प्रिया कुमारी, वर्षा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, तनु कुमारी, साक्षी सुमन, अंजली कुमारी, रानी कुमारी, स्वीटी कुमारी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा लोगों को अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु प्रेरित करने का कार्य किया।



# इंडोर स्टेडियम से गांधी मैदान तक निकली मतदाता जागरूकता रैली, छात्रों ने लगाए जागरूकता के नारे






नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र जिले में समावेशी स्वीप गतिविधियों के तहत शुक्रवार को भव्य मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मलहचक मोड़ स्थित इंडोर स्टेडियम से शुरू हुई यह रैली गांधी मैदान तक पहुंची, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली छात्र, स्वयंसेवी संगठन और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर समावेशी मतदाता जागरूकता रैली एवं मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया। यह रथ जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के कम मतदान वाले बूथों पर जाकर मतदाताओं को जागरूक करेगा और शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करेगा। जिलाधिकारी स्वयं रैली में शामिल हुईं और लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। द विंग्स फाउंडेशन स्कूल के छात्रों ने "आपका वोट, जहानाबाद की नई सोच" जैसे प्रभावी नारे लगाते हुए लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। रैली का समापन गांधी मैदान में हुआ। रैली के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने छात्रों को मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने माता-पिता, दादा-दादी, चाचा-चाची सहित परिवार के सभी सदस्यों को 11 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को मिला यह अधिकार पांच वर्ष में एक बार मिलता है, और यही भविष्य तय करता है। अंत में सहायक नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने छात्रों को अपने अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। बच्चों द्वारा 'वोट फॉर जहानाबाद' की मानव श्रृंखला बनाकर जिलेवासियों से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की गई।

# वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य मे समाहरणालय परिसर मे सामूहिक गायन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। कला संस्कृति युवा विभाग, बिहार तथा जिला प्रशासन, जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान मे जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के नेतृत्व मे 'वन्दे मातरम् के 150 वर्ष' पूरे होने के उपलक्ष्य मे समाहरणालय परिसर मे सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सामूहिक गायन कार्यक्रम मे जिला पदाधिकारी के नेतृत्व मे उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति, अपर समाहर्ता, राजस्व अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच विनय कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विशेष कार्यक्रम तेज नारायण राय, निदेशक, डी. आर. डी. ए. रोहित कुमार मिश्रा, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी चांदनी कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाहरणालय परिसर के कर्मी शामिल हुए। "वन्दे मातरम् के 150 वर्ष" सामूहिक गायन कार्यक्रम वन्देमातरम गायन की प्रस्तुति राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय, जहानाबाद के छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। जिसके साथ कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने वन्देमातरम का गायन किया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को 'वंदे मातरम' सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन जहानाबाद जिला अंतर्गत अनुमंडल कार्यालय, सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के साथ साथ सभी विभागों एवं कार्यालय मे किया गया।

# बिना निबंधन के कुकुरमुत्ते की तरह पनप रहे कोचिंग संस्थान फैला रहे छात्रों में अधकचरा ज्ञान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना निबंधन के दर्जनों कोचिंग संस्थान संचालित हो रहे। कुकुरमुत्ता की तरह फैले इन कोचिंग संस्थान में बच्चों की भीड़ तो खूब लग रही है लेकिन ऐसे कोचिंग संस्थान किसी भी मानक पर खरा नहीं उतरते हैं। तेजी से पनप रहे इन कोचिंग संस्थानों के वजह से सरकारी शिक्षण संस्थानों में छात्रों की उपस्थिति नगण्य रहती है। अपने मनमर्जी से संचालित हो रहे इन कोचिंग संस्थानों के द्वारा सरकार के किसी भी दिशा निर्देश का अनुपालन नहीं किया जाता है। जिले में संचालित हो रहे अधिकतर कोचिंग संस्थानों से छात्रों को कचरा ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। अपने मनमर्जी से संचालित हो रहे इन तमाम कोचिंग संस्थानों के बारे में जिले के प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी जानकारी नहीं है। जिले में कितने कोचिंग संस्थान कहां-कहां संचालित हो रहे हैं इसकी जानकारी प्रशासन को नहीं है।

***कई प्रखंड क्षेत्र में एक भी कोचिंग संस्थान नहीं है निबंधितः*** जहानाबाद जिले के शहरी एवं प्रखंड क्षेत्र में अधिकतर कोचिंग संस्थान जो बिहार कोचिंग संस्थान ( नियंत्रण एवं विनियमन) अधिनियम 2010 अंतर्गत निबंधित नहीं है। इस कानून के नियमों के अनुसार बिना निबंधन के संचालित हो रहे कोचिंग संस्थान से 25 हजार रूपए से लेकर 1 लाख रुपए तक जुर्माना वसूलने का है प्रावधान।

***क्या है बिहार कोचिंग संस्थान (नियंत्रण एवं विनियमन )अधिनियम 2010:-*** 28 अप्रैल 2010 से क्रियान्वयन में आए इस अधिनियम के अनुसार राज्य में संचालित होने वाले सभी कोचिंग संस्थानों का निबंधन कराना अनिवार्य कर दिया गया है इसके अंतर्गत सभी कोचिंग संस्थानों को निबंधन के लिए विहित प्रपत्र में संपूर्ण सूचना भरकर 5000 की राशि निबंधन शुल्क के लिए देना होगा। इसके लिए आवेदन प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर किए गए आवेदन के आलोक में कोचिंग संस्थान का भौतिक सत्यापन और निरीक्षण किया जाएगा। इस अधिनियम के अंतर्गत जिले में इस कमेटी के जिलाधिकारी अध्यक्ष होंगे, पुलिस अधीक्षक सदस्य होंगे, जिला शिक्षा पदाधिकारी सदस्य सचिव होंगे तथा जिले किसी सरकारी महाविद्यालय के प्राचार्य इसके सदस्य होंगे।

***निबंधन के लिए क्या-क्या हैं आवश्यक शर्तें:*** 5 अध्यायों वाले इस अधिनियम के दुसरे अध्याय में भौतिक अधोसंरचना एवं अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से उल्लेख किया गया है। इसके अनुसार भौतिक संरचना के आधारभूत ढांचे में कोचिंग संस्थान के पास प्रति छात्र 1 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के गुणांक में संरचना होनी चाहिए। कोचिंग संस्थान के पास छात्रों के लिए निम्नलिखित बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए - छात्र छात्राओं के लिए समुचित उपस्कर, पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, पेयजल की समुचित व्यवस्था, छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय, आकस्मिक चिकित्सा की व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा की व्यवस्था, साईकिल एवं वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, सुरक्षा की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे तथा संकाय के अनुसार पर्याप्त संख्या में शिक्षक। इस अधिनियम के अनुसार प्रत्येक कोचिंग संस्थान का अलग से विवरणिका छात्रों के लिए होना जरूरी है जिसमें शिक्षण शुल्क के साथ साथ पाठ्यक्रम एवं पाठ्यचर्या की विस्तृत जानकारी उसमें होनी चाहिए। इस अधिनियम के अनुसार सरकार को इस मामले में विशेष शक्ति दी गई है कि सुविधा अनुसार नियमों को वह बदल सकती है या नए नियमों का समावेश इस कानून के दायरे में कर सकती है।

# प्रत्येक मत लोकतंत्र की मजबूती का आधार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए अधिवक्ताओं ने अपने साथियों से अपील की है। शुक्रवार को जिला विधिज्ञ संघ अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय एवं महासचिव जगनरायण सिंह ने जिला विधिज्ञ संघ और व्यवहार न्यायालय परिसर में घूमघूम कर अधिवक्ताओ और मुवक्किलों से अनुरोध किया कि 11 नवंबर को द्वितीय चरण के होने वाले मतदान में बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता रखें। लोकतंत्र के इस महापर्व में हर एक वोट की अहमियत है। स्वस्थ समाज के लिए जैसे दवा जरूरी है, वैसे ही मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी है। हम सभी का दायित्व है कि अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश और प्रदेश की दिशा तय करें। बेहतर सरकार चुनने से देश और राज्य विकसित होगा। अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि मौलिक अधिकार मताधिकार का सदुपयोग करें। सचिव जगनरायण सिंह ने कहा कि युवा अधिवक्ताओ में मतदान के प्रति विशेष उत्साह है। मीडिया प्रभारी सतीश कुमार स्नेही ने कहा कि मतदान का अधिकार वह ताकत है जो आपके राजनीतिक अस्तित्व का बोध कराता है। अधिक से अधिक मतदान का रिकार्ड बनाएं। इस अवसर पर वरीय अधिवक्ता धर्मराज शर्मा सोनु सिंह, प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित थे।

## 'गोद भराई' कार्यक्रम का सफल आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। समेकित बाल विकास सेवाएं द्वारा संचालित गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन मखदुमपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत कचनामा में किया गया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया राजेश कुमार की उपस्थिति में आंगनवाड़ी केंद्र कोड 26,197 एवं 287 की सभी सेविकाओं एवं लाभार्थियों ने मिलकर कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया राजेश कुमार ने सभी गर्भवती लाभार्थियों को आश्वासन पत्र प्रदान किया तथा उन्हें अच्छे खानपान, संतुलित पोषण, सरकारी अस्पताल में प्रसव करवाने एवं आपात स्थिति में एम्बुलेंस सेवा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# 9 नवंबर को मनाया जाएगा विधिक सेवा दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। 9 नवंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले विधिक सेवा दिवस मनाया जाएगा जिसका मूल उद्देश्य न्याय सबके लिए की भावना को साकार करना है। यह दिन न केवल कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए समर्पित है, बल्कि उन लोगों तक न्याय पहुंचाने का माध्यम भी है, जो अधिकारों से वंचित हैं। जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव न्यायधीश तान्या पटेल ने बताया कि इस अवसर पर ज़िले भर के पारा विधिक स्वयं सेवको द्वारा विभिन्न विषयों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। प्राधिकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। मौके पर निम्न क्षेत्र में डोर टू डोर अभियान पारा विधिक स्वयं सेवको द्वारा चलाई जाएगी। इस दौरान देवकुंड में उपेंद्र कुमार, ज्ञानदत्त कुमार, महुआधाम में राजकुमार पासवान माधुरी सिंह, देव प्रखंड में रोमा पाठक, रोहित कुमार, दाउदनगर में रूबी कुमारी एवं मुकेश कुमार सिंह अपने क्षेत्र के धार्मिक और पर्यटन स्थल, बाजार में डोर टू डोर अभियान कर अधिक से अधिक लोगों को जानकारी और विधिक सहायता उपलब्ध कराएंगे।

## आर्थिक तंगी से जूझ रहा ओबरा का कालीन उद्योग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के ओबरा प्रखंड के महफिल-ए-कालिन उद्योग वर्षो से बंद पड़ा है। उद्योग इन दिनों आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। बता दें कि एक समय ऐसा था कि ओबरा की कालीन यूपी के भदोही तक जाती थी। भदोही की तरह ओबरा का कालीन भी विख्यात थी। जहां पर कालीन उद्योग के साथ-साथ गांवों में भी कारीगर कालीन तैयार कर अपना जीविकोपार्जन करते थे। कल तक जहां इन उद्योगों को दूर-दूर तक ख्याति प्राप्त थी। साथ ही इसमें जुड़े लोग आर्थिक रूप से खुशहाल थे पर आज उद्योग बंद पड़ा है। बता दें कि यह कालीन उद्योग भारत नहीं बल्कि विदेशों में ही विख्यात रहा है। यहां के कुछ बुनकरों को ऊंच कोटि के कालीन बुनाई देती है। बता दें कि मो. मोखतार के द्वारा स्व. अहमद अली को 1972 में राष्ट्रपति के द्वारा पुरुस्कार से नमाजे गए थे। बुनकरों को विकसित करने हेतू 1974 में ओबरा महफील कालीन सेंटर में कार्य प्रारंभ कार्य गई थी। परंतु अबतक उद्योग को चालू नहीं कराया गया। गरीब बुनकर काम काज के लिए अन्य प्रदेश में काम करने जाने को विवश हैं। फिलहाल यह उद्योग उदासीनता के कारण दम तोड़ने की स्थिति में पहुंच गई है।


फार्मेट सी-1

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **विगन पासवान (ग्राम-रौसा, पोस्ट+प्र.- इमामगंज, जिला-गया)**

राजनैतिक दल का नाम : **न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **227, इमामगंज (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र**

मैं **विगन पासवान** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूंः

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | शेरघाटी | कोठी थाना कांड सं. 15/2023 | विचाराधीन | 147,149,323,385,379,435,436 |

| क्रम सं० | (ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।


# रानी के समर्थन में चिराग ने मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र में किया रोड शो



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित उम्मीदवार रानी कुमारी के पक्ष में मतदान करने को लेकर लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने शुक्रवार के दिन विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में रोड शो कर एनडीए समर्थित उम्मीदवार रानी कुमारी के पक्ष में वोट डालने की अपील की। चिराग पासवान का हेलीकॉप्टर प्रभात नगर में उतरा जहां पहले से ही मौजूद हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। यहां से चिराग पासवान ने मखदुमपुर बाजार स्थित प्रभात नगर से सड़क मार्ग के ज़रिए धरौत, आरीपुर, नावबगंज, छरियारी, धनकोल, मोहम्मदपुर, कंसारा, मखदुमपुर बाजार, तक रोड शो किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला तथा पुरुष कार्यकर्ता सहित लोजपा और एनडीए के जिला एवं प्रखंड स्तर के कई नेता मौजूद रहे। वहीं चिराग पासवान को देखने और उनका स्वागत करने के लिए लोग घरों के छतों से फूल बरसा कर उनका स्वागत कर रहे थे। इस दौरान चिराग पासवान भी हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते नजर आए। लोजपा सुप्रीमो सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया था। जैसा कि ज्ञात हो गुरुवार को भी लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान की सभा मखदुमपुर में आयोजित होनी थी लेकिन कतिपय कारणों से चिराग पासवान सभा में उपस्थित नहीं हो सके थे, जिसके कारण कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में मायूसी देखी जा रही थी। बताया गया कि चिराग पासवान को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने शुक्रवार को कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यकर्ताओं का मान मर्दन किया।

# हर मतदाता का एक वोट, यही है लोकतंत्र की ताकत




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के मतदान से पहले मतदाता जागरूकता को लेकर जिलेभर में अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में काको स्थित कायनात इंटरनेशनल स्कूल में भारत स्काउट और गाइड का 75वां स्थापना दिवस मनाया गया। भारत स्काउट गाइड का 75वां स्थापना दिवस लोकतंत्र को समर्पित रहा। इस दौरान लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु "एक वोट, एक जिम्मेदारी" का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त हरिशंकर कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति मताधिकार है। बिहार विधानसभा चुनाव के मतदान हेतु 11 नवंबर को हर मतदाता अपने मतदान केंद्र पहुंचे, यही लक्ष्य लेकर स्काउट-गाइड जहानाबाद द्वारा स्वीप अभियान के तहत लगातार जनसंपर्क, संवाद और जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। भारत स्काउट-गाइड के उपाध्यक्ष व स्कूल के संस्थापक शकील अहमद काकवी ने कहा कि स्काउट-गाइड सदस्य वार्ड और पंचायत स्तर पर घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत करा रहे हैं और "मतदान फिर जलपान" का संदेश समाज तक पहुंचा रहे हैं। वहीं इस अवसर पर कंपनी कमांडर खुशी कुमारी ने जानकारी दी कि जागरूकता अभियान 9 नवंबर तक लगातार जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग अपनी सहभागिता निभाते हुए मतदान कर लोकतंत्र को सशक्त बना सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड कैडेट्स, छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया और ज्यादा से ज्यादा मतदान की शपथ ली।


फार्मेट सी-1

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **प्रकाश वीर (ग्राम-रामदासी, पो.-सिंगर,रजौली, थाना-रजौली, जिला-नवादा (बिहार) 805125 )**

राजनैतिक दल का नाम : **जनशक्ति जनता दल**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **235, रजौली (अ.जा.)**

मैं **प्रकाश वीर** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूंः

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | एसीजेएम I सह वि.न्या. (एमपी, एमएलए) नवादा | सिरदला थाना नवादा 149/2010 | लंबित | धारा 188 भा.द.वि 133 लोक प्रा. अधिनियम.(आरपी एक्ट) आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन |
| 2. | एसीजेएम I सह वि.न्या. (एमपी, एमएलए) नवादा | रजौली थाना नवादा 111/2005 | लंबित | 3 (1) बी.पी.डी ऑफ पी.पी एक्ट आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन |
| 3. | एसीजेएम I सह वि.न्या. (एमपी, एमएलए) | सिरदला थाना नवादा 437/2020 | लंबित | 188 भा.द.वि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन |

| क्रम सं० | (ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।


# जहानाबाद में 'स्वीप' गतिविधियों ने पकड़ी तेजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देशानुसार जिले में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी (स्वीप) कार्यक्रम को जोर-शोर से चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य सभी मतदाताओं की लोकतंत्र के महापर्व में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना है।

***मुख्य गतिविधियां एवं पहल*** :

217-घोसी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रखंड-घोसी के बूथ संख्या-64 (काजीसराय) में डोर-टू-डोर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान, नागरिकों के घरों के बाहर स्वीप लोगो लगाकर उनसे यह अनुरोध किया गया कि वे अपने संपर्क में आने वाले सभी मतदाताओं को 11 नवंबर 2025 को मतदान के लिए प्रेरित करें।

216-जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड-जहानाबाद के ग्राम धरमपुर में ग्रामीण महिलाओं, पुरुषों, सहायिकाओं और सेविकाओं द्वारा एक भव्य मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। सभी प्रतिभागियों ने "आपका वोट जहानाबाद की नई सोच" का नारा बुलंद करते हुए, हर नागरिक को इस राष्ट्रीय महापर्व में अपना अनिवार्य योगदान देने हेतु प्रेरित किया।इस दौरान पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर रतनी फरीदपुर के नारायणपुर पंचायत में बूथ संख्या-123 एवं बूथ संख्या-49 पर भी विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। 217-घोसी विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड हुलासगंज में बूथ नंबर-234 पर जीविका दीदियों ने अपने समूह से जुड़ी सभी महिलाओं को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मतदान दिवस के दिन वोट डालने का सामूहिक संकल्प दिलाया।

मतदाताओं को निरंतर यह सूचित किया जा रहा है कि यदि उनका नाम मतदाता सूची में है, तो वे मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों का उपयोग करके भी अपना मतदान कर सकते हैं। बताया गया कि प्रत्येक बूथ पर शौचालय, शुद्ध पेयजल, रैंप और अन्य सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं मतदाताओ के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी ने जिले के सभी मतदाताओं से निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं किसी भी प्रलोभन से मुक्त होकर, मतदान करने का करबद्ध आग्रह किया है।

# वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान का अमर घोष : एस पी शाही

## मगध विश्वविद्यालय में 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन, राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित भारत के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मगध विश्वविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में शुक्रवार को वंदे मातरम गायन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही, कुलसचिव प्रोफेसर वी. के. मंगलम, शिक्षा विभाग के निदेशक प्रोफेसर सुशील कुमार सिंह, मानविकी संकायाध्यक्ष प्रोफेसर निभा सिंह, समाजविज्ञान संकायाध्यक्ष प्रोफेसर आर. एस. जमुआर, कुलानुशासक प्रोफेसर उपेंद्र कुमार सहित विश्वविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे। सभी ने एक साथ राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और बलिदान के मूल्यों को उजागर करना, भारत की स्वतंत्रता के ऐतिहासिक संघर्ष को याद करना और मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना था। कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, मातृभूमि के प्रति समर्पण और स्वतंत्रता की भावना का अमर घोष है। यह गीत जब पहली बार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने अपनी अमर कृति आनंदमठ में लिखा, तब से यह शब्दों से अधिक भावनाओं की गूंज बन गया। स्वतंत्रता संग्राम के हर मोर्चे पर इस गीत ने सेनानियों को साहस और प्रेरणा दी तथा बलिदान के लिए तैयार किया। कुलसचिव प्रोफेसर वी. के. मंगलम ने कहा कि आज जब हम स्वतंत्र भारत के नागरिक हैं तो यह गीत हमें स्मरण कराता है कि स्वतंत्रता केवल प्राप्त करने की वस्तु नहीं, बल्कि उसे सुरक्षित और सशक्त बनाए रखने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का कर्तव्य है कि वह इस भावना को नई पीढ़ी के हृदय में रोपे ताकि विद्यार्थी केवल ज्ञान में ही नहीं, बल्कि चरित्र, देशभक्ति और सेवा-भाव में भी अग्रणी बनें। समारोह के अंत में उपस्थित सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्रों ने यह संकल्प लिया कि वे देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे तथा 'वंदे मातरम' की भावना को अपने जीवन और कर्म में जीवित रखेंगे – एक ऐसी भावना जो भारत को केवल एक भू-भाग नहीं, बल्कि एक जीवंत और संवेदनशील मां के रूप में देखती है।

# प्रेम कुमार ने वकीलों के बीच चलाया जनसंपर्क अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** गया विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी और बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने शुक्रवार को गया बार एसोसिएशन परिसर में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं से मुलाकात की और अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में गया बार के वरिष्ठ अधिवक्ता और भाजपा प्रवक्ता मुकेश कुमार, बार अध्यक्ष केशर सरफुद्दीन, सचिव रवींद्र कुमार, कोषाध्यक्ष मालवीय, विधि प्रकोष्ठ संयोजक सुनील कुमार सिंह, सिंधु भूषण ओझा, ललिता सिंह, इंदु सहाय, अर्जुन प्रसाद और राजेश आनंद समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि गया विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रेम कुमार जैसा योग्य, ईमानदार और जनसेवा के प्रति समर्पित उम्मीदवार दूसरा कोई नहीं है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार गया की जनता नवमी के बाद ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करेगी और प्रेम कुमार को भारी मतों से विजय दिलाएगी। प्रेम कुमार ने अधिवक्ताओं के स्नेह और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जीवन जनता की सेवा और समर्पण के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा मैं गया की धरती का बेटा हूं और गया के विकास, सुशासन व जनकल्याण के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। आप सबका आशीर्वाद और सहयोग ही मेरी असली ताकत है। बार परिसर में जनसंपर्क अभियान के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल रहा। सैकड़ों अधिवक्ताओं ने प्रेम कुमार के प्रति अपना समर्थन जताया और उनके पक्ष में जनसंपर्क किया।

# कुलपति शशि प्रताप शाही ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से की शिष्टाचार मुलाकात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने शुक्रवार को भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से गया हवाई अड्डे पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कुलपति ने उन्हें अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले आगामी दीक्षांत समारोह और चल रही शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों पर धर्मेंद्र प्रधान से चर्चा की। उन्होंने विश्वविद्यालय के विकास संबंधी पहलुओं की जानकारी दी और शिक्षा क्षेत्र में केंद्र सरकार से निरंतर सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। कुलपति ने धर्मेंद्र प्रधान को भविष्य में आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में आमंत्रित भी किया। मुलाकात सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में सुधार, नवाचार और उच्च शिक्षा के विस्तार पर सार्थक चर्चा हुई।

# प्रेम कुमार ने गया की जनता की सेवा मिशन के रूप में की : अन्नपूर्णा देवी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** केंद्र सरकार की राज्य मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को गया विधानसभा क्षेत्र के इमलिया चक्र में एनडीए प्रत्याशी और सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार के समर्थन में एक भव्य चुनावी सभा को संबोधित किया। सभा में एनडीए गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। अन्नपूर्णा देवी ने जनता से अपील की कि गया विधानसभा के आठ बार के विजेता और अनुभवी नेता प्रेम कुमार को एक बार फिर भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रेम कुमार जैसे जनसेवक का पुनः विधानसभा पहुंचना गया ही नहीं बल्कि पूरे बिहार की प्रतिष्ठा का विषय है। अन्नपूर्णा देवी ने यह भी कहा कि प्रेम कुमार ने पिछले 35 वर्षों में गया की जनता की सेवा को मिशन के रूप में निभाया है। वह केवल एक राजनेता नहीं बल्कि जनता के सच्चे सेवक हैं जिन्होंने हर वर्ग के विकास के लिए निःस्वार्थ भाव से काम किया है। उन्होंने कहा कि गया की जनता ने उन्हें लगातार आठ बार जीताकर जो भरोसा दिखाया है, वह इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया है। अन्नपूर्णा देवी ने विश्वास जताया कि गया की जनता इस बार भी उन्हें रिकॉर्ड मतों से जीताएगी। कार्यक्रम में चतरा के विधायक जनार्दन यादव, केपीएस कॉलेज के डायरेक्टर कामता प्रसाद यादव, जिला मंत्री धर्मेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, हरि यादव, सिंपल देवी, सुदेश चंद्रवंशी, अजीत चंद्रवंशी, रुपेश वर्मा, शंभू केसरी और विकास कुमार सहित कई सामाजिक नेता और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# खंडेल में खेसारी लाल यादव ने भरी हुंकार

## कहा-भीड़ बदलाव का संकेत है, रोजगार-शिक्षा से बदलेगा बिहार का भविष्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** विधानसभा क्षेत्र 226 के राजद प्रत्याशी के समर्थन में शुक्रवार को भोजपुरी सुपरस्टार व राजद नेता खेसारी लाल यादव ने खंडेल गांव के खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज जो भीड़ यहां जुटी है, वह बिहार में आने वाले बदलाव का संकेत दे रही है। बिहार की तस्वीर मंदिर-मस्जिद से नहीं, बल्कि रोजगार, व्यापार और शिक्षा से बदलेगी। उन्होंने कहा कि जनता अब समझ चुकी है कि असली मुद्दे क्या हैं। बेरोजगारी, पलायन और शिक्षा की गिरती स्थिति को सुधारना ही असली विकास है। खेसारी लाल ने लोगों से राजद उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने भावनात्मक अंदाज में कहा मैं भी चुनाव लड़ रहा था और मेरा चुनाव चिन्ह लालटेन था। यहां के उम्मीदवार का भी दो नंबर पर लालटेन छाप है, इसलिए आप सभी से अपील है कि उन्हें अपना कीमती वोट दें और विजयी बनाएं। सभा स्थल पर खेसारी लाल यादव को देखने और सुनने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान राजद के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी मंच साझा किया और जनसमर्थन जुटाने की अपील की।

# कोंच में तेजस्वी यादव और खेसारी लाल यादव की चुनावी सभा आज, तैयारियां जोरों पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** टिकारी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी लगातार तेज होती जा रही है। इसी क्रम में राजद के जिला अध्यक्ष सुभाष यादव ने जानकारी दी है कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, भोजपुरी अभिनेता सह छपरा प्रत्याशी खेसारी लाल यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी 8 नवंबर, शनिवार को कोंच प्रखंड के काबरगढ़ मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यह सभा दोपहर 2 बजे आयोजित की जाएगी। राजद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि सभा में महागठबंधन के प्रमुख नेताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल होंगे। इस दौरान तेजस्वी यादव, खेसारी लाल यादव और मुकेश सहनी टिकारी विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी अजय दांगी के समर्थन में लोगों से वोट देने की अपील करेंगे। राजद नेताओं ने बताया कि इस सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर तैयारियां जोरों पर हैं। मंच निर्माण, पंडाल सजावट, बैठक व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधन की समीक्षा की जा रही है। कार्यकर्ताओं की टीमें लगातार गांव-गांव जाकर लोगों को सभा में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रही हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि यह सभा क्षेत्र में महागठबंधन के चुनाव अभियान को नई गति प्रदान करेगी।

# लालटेन का युग समाप्त, अब हर घर में जल रही नीतीश की बिजली : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** गांधी इंटर उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि अब लालटेन का युग समाप्त हो चुका है। आज नीतीश कुमार के नेतृत्व में हर घर में फ्री बिजली जल रही है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव 20 माह में पहाड़ तोड़ने की बात करते हैं जबकि उनके माता-पिता ने 15 वर्षों के शासन में केवल 96 हजार नौकरियां दीं। चौधरी ने स्पष्ट किया कि जीविका दीदियों को दिए गए 10,000 की राशि वापस लेने की अफवाह पूरी तरह झूठी है। वित्त मंत्री होने के नाते मैं घोषणा करता हूं कि कोई भी यह पैसा वापस नहीं ले सकता। सभा में एनडीए प्रत्याशी अनिल कुमार ने कहा कि पहले विद्यालय में केवल 13 विद्यार्थी थे, आज 1300 हैं। जनता का साथ मिला तो चिराग पासवान, नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी और मजबूत होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनजीत कुमार सिंह और संचालन कुंदल वर्मा ने किया। मौके पर हजारों लोग मौजूद रहे।

# अजय दांगी के समर्थन में जुटे राजद नेता, रविदास समाज से मिला समर्थन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** शुक्रवार को टिकारी विधानसभा क्षेत्र में राजद प्रत्याशी अजय दांगी के समर्थन में पार्टी के कई शीर्ष नेता लगातार प्रचार में जुटे रहे। प्रदेश राजद की महिला प्रवक्ता सारिका पासवान, मखदुमपुर के विधायक सतीश दास, डॉ. प्रणव कुमार चंद्रवंशी सहित अन्य नेताओं ने क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया। नेताओं ने घर-घर जाकर लोगों से अजय दांगी को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता इस बार परिवर्तन के मूड में है और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना चाहती है। इसी क्रम में काबर पंचायत में रविदास समाज के लोगों के साथ बैठक कर समर्थन प्राप्त किया गया। नेताओं ने कहा कि अजय दांगी ने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा संघर्ष किया है और जनता उनके साथ खड़ी है। वहीं ग्रामीणों ने भी भारी मतों से समर्थन देने का आश्वासन दिया।

# स्टार प्रचारक पवन सिंह की जनसभा में उमड़ा जन सैलाब

## शेरघाटी के एनडीए प्रत्याशी के लिए मांगा वोट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** शुक्रवार को शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र के चंडी स्थान स्थित सुग्गी हाई स्कूल के मैदान में एनडीए की जनसभा आयोजित की गई। भोजपुरी फिल्म अभिनेता और एनडीए के स्टार प्रचारक पवन सिंह ने इस सभा को संबोधित किया और एनडीए के पक्ष में वोट मांगे। अपने संबोधन में पवन सिंह ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार बनने के बाद प्रदेश का सम्मान देशभर में बढ़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब कोई बिहारी को गाली नहीं देता, बल्कि सभी गर्व से खुद को बिहारी कहते हैं।

पवन सिंह ने अपने चिर-परिचित अंदाज में मंच से भोजपुरी गीतों के माध्यम से जनसमूह को उत्साहित किया। उनके मंच पर आते ही समर्थकों ने 'एक बिहारी सौ पर भारी' के नारे लगाए। उन्होंने जनता से लोजपा 'आर' के प्रत्याशी उदय कुमार सिंह को अधिकतम मतों से विजयी बनाने की अपील की और हेलिकॉप्टर छाप पर बटन दबाकर विकास और आत्मसम्मान की जीत सुनिश्चित करने को कहा। उनके संबोधन के दौरान सभा स्थल पर भारी भीड़ उमड़ रही जिससे मैदान में चुनावी जोश का माहौल दिखाई दिया। सभा में अन्य वक्ताओं ने भी बिहार में एनडीए सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली के क्षेत्र में हुए सुधारों को गिनाया और लोगों से एनडीए समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ. विनोद प्रसाद यादव, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू, क्षेत्रीय नेताओं, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में आम लोगों की उपस्थिति रही।

# नदी से किशोर का शव बरामद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गया।** डोभी प्रखंड के नीलांजना नदी में बुधवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ जहां स्नान करने गए एक 15 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रिंस कुमार, पिता अखिलेश वर्मा, निवासी डोभी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार प्रिंस कुमार अपने चार साथियों के साथ बुधवार की सुबह करीब 11 बजे घर से नीलांजना नदी में स्नान करने के लिए निकला था। स्नान के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूब गया। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। टीम ने नदी में देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन किशोर का कोई सुराग नहीं मिला। लगातार खोजबीन के बाद लगभग 42 घंटे बाद किशोर का शव नदी के कुछ दूर स्थित झाड़ियों में मिला। शव बरामद होने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे एकत्रित होकर परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं।

# बांकेबाजार में जीविका दीदियों ने चलाया सृजनात्मक मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बांकेबाजार।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, गया जिले के बांकेबाजार प्रखंड में जीविका से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों ने मतदाता जागरूकता को लेकर एक प्रेरणादायक पहल की। आगामी 11 नवंबर को होने वाले मतदान में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान सभी पंचायतों में चलाया गया। पनानिया पंचायत में सोहनी जीविका महिला स्वयं सहायता समूह और लुटुआ पंचायत के कोठिलवा ग्राम में देवी जीविका महिला ग्राम संगठन ने मिलकर गांव में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता की अलख जगाई। दीदियों ने गलियों में रैली निकाली, घर-घर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया और निष्पक्ष, निर्भीक चुनाव की शपथ ली। उन्होंने ग्रामीणों को भी यह शपथ दिलवाई कि वे बिना किसी दबाव, प्रलोभन या भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। रंगोली निर्माण, सामूहिक शपथ कार्यक्रम, मेंहदी प्रतियोगिता और प्रेरक नारों के माध्यम से अभियान को रचनात्मक रूप दिया गया। अपनी सरकार चुनेगा बिहार, वोट करेगा बिहार और पहले मतदान, फिर जलपान जैसे संदेशों से सजे बैनर लेकर दीदियों ने रैली निकाली जिससे गांव की गलियां लोकतंत्र के रंग में रंग गईं। जीविका दीदियों ने वोट देने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, पहले वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, छोड़ के घर के सारे काम, पहले जाकर करें मतदान! जैसे नारे लगाकर स्थानीय नागरिकों को यह संदेश भी दिया। साथ ही मतदान में भाग लेने हेतु शपथ पत्र एवं आमंत्रण पत्र भी दिया गया। जीविका दीदियों द्वारा यह अभियान गया जिले के सभी प्रखंडों में चलाया जा रहा है जिसमें जीविका दीदियां ग्राम संगठन एवं संकुल संघ के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

# वंदे मातरम का सामूहिक गायन संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** वंदे मातरम गायन के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को स्वामी शिवानंद जी तीर्थ महाविद्यालय प्रांगण में वंदे मातरम का सामूहिक गायन महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर वंदे मातरम राष्ट्रगीत का उद्देश्य, एकता एवं बलिदान के मूल्यों को उजागर करते हुए मातृभूमि के प्रति प्रेम तथा आभार व्यक्त किया गया।

CMYK

संपादकीय

# आर्थिक खस्ताहाली का संकेत

मप्र सरकार द्वारा इस बार गेहूं और धान की विकेन्द्रीकृत खरीदी से हाथ खींचना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि प्रदेश की माली हालत चरमरा रही है। यह राज्य का नीतिगत बदलाव भी है, जिसमें अभी तक किसान हितों को सर्वोपरि रखा जाता था। गौरतलब है कि मप्र सरकार ने नागरिक आपूर्ति निगम (नान) पर चढ़े 77 हजार करोड़ रुपए के भारी-भरकम कर्ज का हवाला देते हुए केंद्र सरकार से सीधे धान और गेहूं खरीदने की अपील की है। इसके लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को पत्र लिखा है। मप्र में धान-गेहूं खरीदी की विकेंद्रीकृत व्यवस्था है यानी प्रदेश सरकार किसानों से ये अनाज खरीदती है और केंद्र सरकार का भारतीय खाद्य निगम प्रदेश सरकार से अनाज लेता है। यदि केंद्र सरकार इस प्रस्ताव को मान लेती है, तो ये व्यवस्था खत्म होगी और नागरिक आपूर्ति निगम की कोई भूमिका नहीं होगी। अगले सत्र से गेहूं-धान की खरीदी सीधे भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ही करेगा। सरकार का दावा है कि व्यवस्था में बदलाव से किसानों या आम जनता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन जानकारों का कहना है कि इसके मप्र के किसानों की मुश्किलें बढ़ेंगी। क्योंकि नागरिक आपूर्ति निगम (नान) शिथिल मानकों के तहत खरीदी कर लेता था, लेकिन एफसीआई ऐसा नहीं करेगा। क्योंकि एफसीआई के गुणवत्ता मानक सख्त होते हैं, जिससे बड़ी संख्या में किसानों की उपज रिजेक्ट हो सकती है और उन्हें अपनी मेहनत की कमाई औने-पौने दामों पर निजी व्यापारियों को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। गेहूं और धान की राज्य सरकार द्वारा खरीदी नहीं किए जाने से किसानों में उपजने वाले रोष को दरकिनार अगर मोहन यादव सरकार ने केन्द्र से गेहूं व धान खरीदी की गुहार की है तो इसके पीछे कुछ ठोस कारण व विवशताएं हैं। क्योंकि सरकार ने पिछले सालों में किसानों से बड़ी मात्रा में गेहूं और धान खरीद लिया था, जो बाद में ठीक से बिका नहीं और घाटा नान के माथे आ गया। राज्य के पत्र में उल्लेख है कि पिछले सालों में खरीदी बढ़कर गेहूं 77.74 लाख मीट्रिक टन एवं धान 43.49 लाख मीट्रिक टन हो गई है। इतने अनाज का स्टॉक करना भी महंगा पड़ रहा है। उसमें समय भी ज्यादा लगता है। पिछ्ली खरीदी के लिए नान ने बैंको से 72 हजार 177 करोड़ रू. उधार लिए थे। इसको चुकाने में ही पसीना आ रहा है। दूसरे, जितनी खरीदी हो रही है, उस मुकाबले खपत बहुत कम है। मप्र ने इस साल प्रदेश ने 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा, जिसमें से केवल 20 हजार मीट्रिक टन ही प्रदेश के राशन वितरण में इस्तेमाल होगा। लगभग 58 लाख मीट्रिक टन अनाज अतिरिक्त है। कुल खरीदी का 70-75त्न हिस्सा बाद में एफसीआई को ही जाता है। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया का खर्च, जिसमें ट्रांसपोर्ट, भंडारण, रखरखाव और ब्याज शामिल है उसे राज्य सरकार को उठाना पड़ता है। क्योंकि एफसीआई बहुत देरी से प्रतिपूर्ति करती है। दूसरे, वह खरीदी भी अपने हिसाब से करती है। उसका नजरिया व्यावसायिक ज्यादा होता है, क्योंकि वह एक व्यावसायिक संस्था है। इस साल गेहूं खरीदी पर ही राज्य ने 20 हजार करोड़ रुपए का व पिछ्ले साल धान पर 10 हजार करोड़ रू. का कर्ज लिया था। उधर विपक्षी कांग्रेस ने इसको मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है। पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रदेश के करोड़ों किसानों को गंभीर संकट में धकेलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके किसानों को केवल नुकसान ही होगा। यह मप्र में आर्थिक संकट की घंटी है। लाडली बहनाओं को हर साल 19 हजार करोड़ की राशि देने से सरकार वैसे ही हलाकान है।

# भारत ने प्रतिभा पलायन रोकने के लिए कसी कमर

**दशकों से भारत अपने प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और शिक्षाविदों के उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की ओर पलायन से जूझ रहा है. गौर करें तो इन प्रतिभाओं से बेहतर अनुसंधान अवसंरचना, वेतन और संस्थागत सहायता मिलती है. इस निरंतर 'प्रतिभा पलायन' ने भारत की नवाचार क्षमता को कमजोर किया है. साथ ही विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता की ओर प्रगति को धीमा कर दिया है. अब, भारत सरकार इस नुकसान को लाभ में बदलने के लिए एक रणनीतिक, बहुआयामी दृष्टिकोण अपना रही है. इस नए दृष्टिकोण के केंद्र में भारत-टैलेंट (विशेषज्ञता और राष्ट्रीय प्रतिभा का रूपांतरण और लाभ उठाना) ढांचा और प्रस्तावित भारत प्रतिभा गठबंधन है, जो मिलकर मानव पूंजी, अनुसंधान और नवाचार पर नीतियों को एकीकृत करने के भारत के अब तक के सबसे सुसंगत प्रयास का प्रतिनिधित्व करते हैं.**

अप्पा राव पोडिले

एक एकीकृत राष्ट्रीय मिशनः भारत-टैलेंट ढांचा प्रतिभा प्रबंधन के प्रति भारत के दृष्टिकोण में एक क्रांतिकारी बदलाव का प्रतीक है. इसका उद्देश्य उन पहलों की एक विस्तृत श्रृंखला को एकीकृत करना है, जो लंबे समय से विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में अलग-अलग संचालित होती रही हैं.

इसके तीन लक्ष्यः घरेलू प्रतिभा को बनाए रखना, प्रवासी भारतीय पेशेवरों (भारत-वापसी) को आकर्षित करना, और अनुसंधान एवं नवाचार के लिए एक अधिक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करके संस्थागत क्षमता का निर्माण करना.



इसके लिए एक प्रमुख तंत्र भारत टैलेंट अलायंस होगा. इसकी परिकल्पना नीतियों को एकीकृत करने, भर्ती और वित्त पोषण प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, और प्रवासी भारतीयों के जुड़ाव और वैश्विक साझेदारी के लिए एक एकल मंच के रूप में कार्य करने के लिए एक राष्ट्रीय समन्वय निकाय के रूप में की गई है. इसके अनुरूप, शिक्षा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय अल्पकालिक, उच्च-प्रभावी नियुक्तियों के लिए कुशल भारतीय मूल के शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को आकर्षित करने के लिए एक नया कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं. यह घरेलू अनुसंधान क्षमता को मजबूत करेगा और साथ ही प्रवासी विद्वानों को भारत की अनुसंधान एवं विकास प्राथमिकताओं मे योगदान करने के लिए संरचित अवसर प्रदान करेगा. भारत को वैश्विक भारतीय प्रतिभाओं के लिए एक प्रतिस्पर्धी गंतव्य बनाने के लिए, सरकार नई योजनाएं और प्रोत्साहन तैयार कर रही है. इनमें आईआईटी, आईआईएससी और राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में नेतृत्वकारी पदों से लेकर आकर्षक पोस्टडॉक्टरल फेलोशिप तक शामिल हैं. प्रस्तावित 'ब्रेन गेन भारत' पहल का उद्देश्य प्रतिस्पर्धी वेतन, स्टार्टअप अनुसंधान अनुदान और स्थानांतरण सहायता प्रदान करके हजारों अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और विदेशी विशेषज्ञों को आकर्षित करना है. यह भारत में अल्पकालिक सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए वज्र संकाय योजना (एसईआरबी/एएनआरएफ), भारतीय मूल के जैव चिकित्सा वैज्ञानिकों को वापस लौटने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए रामलिंगस्वामी फेलोशिप (डीबीटी), विदेशों में उत्कृष्ट भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के लिए रामानुजन फेलोशिप (डीएसटी), और विभिन्न करियर चरणों में वापस लौटने वालों को सहायता प्रदान करने के लिए जैव चिकित्सा अनुसंधान कैरियर कार्यक्रम (बीआरसीपी) जैसे पूर्व प्रयासों पर आधारित है. हालांकि इन योजनाओं को मध्यम सफलता मिली है, लेकिन संस्थागत जड़ता, खंडित कार्यान्वयन और सीमित अनुवर्ती कार्रवाई जैसी समस्याओं ने इनके पूर्ण प्रभाव को कम कर दिया है. प्रवासी-केंद्रित कार्यक्रमों के साथ-साथ, सरकार ने घरेलू अनुसंधान पाइपलाइन को मजबूत करने के लिए कई पहल शुरू की है. इनमें प्रधानमंत्री अनुसंधान अध्येता (पीएमआरएफ) कार्यक्रम, स्टार्स (विज्ञान में परिवर्तनकारी और उन्नत अनुसंधान योजना), इंस्पायर और एमके भान युवा शोधकर्ता फेलोशिप शामिल हैं. ये सभी मिलकर युवा वैज्ञानिक प्रतिभाओं का पोषण करने, शोधकर्ताओं के पलायन को कम करने और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि भारत में अवसर बौद्धिक और व्यावसायिक रूप से लाभकारी हों. एक सहायक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माणः नीतिगत सुधारों को अब व्यापक अनुसंधान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश द्वारा पूरक बनाया जा रहा है. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, एएनआरएफ और आईआईएससी व टीआईएफआर जैसे सहयोगी संस्थानों के माध्यम से नई प्रयोगशालाएं, उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) और सहयोगी केंद्र बनाए जा रहे हैं.

नवाचार और उद्यमिताः स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत ने नवाचार और तकनीकी-उद्यमिता की एक जीवंत संस्कृति को प्रोत्साहित किया है.

प्रवासी जुड़ावः प्रवासी भारतीय दिवस, वैभव शिखर सम्मेलन और वैश्विक शैक्षणिक नेटवर्क पहल (जीआईएएन) जैसी पहल भारतीय संस्थानों और वैश्विक भारतीय विद्वानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देती हैं. शिक्षा सुधारः राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 गुणवत्ता संवर्धन, अंतःविषयकता और एक वैश्विक शिक्षा ब्रांड के रूप में 'भारत में अध्ययन' पर जोर देती है. शहरी नवीनीकरण और स्मार्ट सिटी परियोजनाएं जीवन-यापन की स्थिति में सुधार ला रही हैं, जो प्रतिभाओं को आकर्षित करने और उन्हें बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण कारक है. एक देश के रूप में, राज्यों को भारत सरकार के इस राष्ट्रीय प्रयास को सक्रिय रूप से पूरक बनाने की आवश्यकता को समझना चाहिए, क्योंकि अपेक्षित परिणाम सीमित ही रहेंगे. राज्यों के पास विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके स्थानीय मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिभा पलायन की स्थिति को उलटने से लाभ प्राप्त करने के अधिक अवसर हैं. मजबूत नीतिगत इरादे के बावजूद, संरचनात्मक बाधाएं बनी हुई हैं. कई सार्वजनिक विश्वविद्यालय, विशेष रूप से राज्य स्तरीय सार्वजनिक विश्वविद्यालय, नौकरशाही की देरी, अपर्याप्त वित्त पोषण और कम कठोर प्रक्रियाओं से भर्ती किए गए अस्थायी संकाय पर अत्यधिक निर्भरता से ग्रस्त हैं. वापस लौटने वाले वैज्ञानिकों को अक्सर अस्पष्ट प्रतिबद्धताओं, सीमित स्वायत्तता और प्रशासनिक बाधाओं का सामना करना पड़ता है. मूल्यांकन प्रणालियां अक्सर संभावित स्थानीय प्रभाव की तुलना में पिछली उपलब्धियों को महत्व देती हैं. कई नए केंद्रीय विश्वविद्यालय दूर-दराज के स्थानों पर हैं, जिससे स्थानांतरण में बाधा आ रही है। शैक्षणिक पदानुक्रम, रोस्टर अंक, अनुदान में देरी और आवास या स्कूली शिक्षा के विकल्पों की कमी मामलों को और जटिल बना देती है. यदि भारत शीर्ष वैज्ञानिकों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनना चाहता है, तो इन प्रणालीगत मुद्दों को केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से तत्परता और पारदर्शिता के साथ संबोधित किया जाना चाहिए. चीन की 2008 में शुरू की गई हजार प्रतिभा योजना, शिक्षाप्रद सबक देती है. प्रोत्साहनों को एकरूप करके, बुनियादी ढांचे में निवेश करके और विभिन्न मंत्रालयों के बीच समन्वय स्थापित करके, चीन ने दो दशकों के भीतर खुद को एक वैश्विक नवाचार महाशक्ति के रूप में बदल लिया. एक लोकतांत्रिक और बाजार-संचालित व्यवस्था होने के नाते, भारत चीन के राज्य-नियंत्रित दृष्टिकोण का अनुकरण नहीं कर सकता और न ही उसे करना चाहिए. फिर भी, वह चीन की रणनीतिक सुसंगतता, दीर्घकालिक योजना और बुनियादी ढांचे-आधारित सुधारों से सीख सकता है. एक सुसंगत 'ब्रेन गेन भारत मिशन' की ओरः ब्रेन ड्रेन को वास्तव में ब्रेन सर्कुलेशन में बदलने के लिए, भारत को भारत टैलेंट अलायंस पर आधारित एक राष्ट्रीय मिशन की आवश्यकता है. इस मिशन को प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाना होगा, संस्थानों को अधिक नियुक्ति स्वायत्तता प्रदान करनी होगी, और शिक्षण, अनुसंधान और उद्योग सहयोग को मिलाकर मिश्रित करियर पथ प्रदान करना होगा.

अध्यात्म

## बुजुर्गों का अनुभव हमें हर पल सिखाता है

एक युवा युगल के पड़ोस में एक वरिष्ठ नागरिक युगल रहते थे, जिनमे पति की आयु लगभग अस्सी वर्ष थी, और पत्नी की आयु उनसे लगभग पांच वर्ष कम थी। युवा युगल उन वरिष्ठ युगल से बहुत अधिक लगाव रखते थे, और उन्हें दादा दादी की तरह सम्मान देते थे। इसलिए हर रविवार को वो उनके घर उनके स्वास्थ्य आदि की जानकारी लेने और कॉफी पीने जाते थे। युवा युगल ने देखा कि हर बार दादी जी जब कॉफ़ी बनाने रसोईघर में जाती थी तो कॉफ़ी की शीशी के ढक्कन को दादा जी से खुलवाती थी। इस बात का संज्ञान लेकर युवा पुरुष ने एक ढक्कन खोलने के यंत्र को लाकर दादी जी को उपहार स्वरूप दिया ताकि उन्हें कॉफी की शीशी के ढक्कन को खोलने की सुविधा हो सके। उस युवा पुरुष ने ये उपहार देते वक्त इस बात की सावधानी बरती की दादा जी को इस उपहार का पता न चले ! उस यंत्र के प्रयोग की विधि भी दादी जी को अच्छी तरह समझा दी। उसके अगले रविवार जब वो युवा युगल उन वरिष्ठ नागरिक के घर गया तो वो ये देख के आश्चर्य में रह गया कि दादी जी उस दिन भी कॉफी की शीशी के ढक्कन को खुलवाने के लिए दादा जी के पास लायी। युवा युगल ये सोचने लगे कि शायद दादी जी उस यंत्र का प्रयोग करना भूल गयी या वो यंत्र काम नही कर रहा ! जब उन्हें एकांत में अवसर मिला तो उन्होंने दादी जी से उस यंत्र के प्रयोग न करने का कारण पूछा। दादी जी के उत्तर ने उन्हें निशब्द कर दिया। दादी जी ने कहाः ओह! कॉफी की शीशी के ढक्कन को मैं स्वयं भी अपने हाथ से, बिना उस यंत्र के प्रयोग के आसानी से खोल सकती हूँ, पर मैं कॉफी की शीशी का ढक्कन उनसे इसलिए खुलवाती हूँ कि उन्हें ये अहसास रहे कि आज भी वो मुझसे ज्यादा मजबूत हैं। और मैं उन्हीं पर आश्रित हूँ, इसीलिए वे हमारे घर के पुरुष हैं। इस बात से मुझे भी ये लाभ मिलता है कि मैं ये महसूस करती हूँ कि मैं आज भी उन पर निर्भर हूँ, और वो मेरे लिए आज भी बहुत महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं। यही बात हम दोनों के स्नेह के बंधन को शक्ति प्रदान करती है।किसी भी युगल की एकजुटता ही उनके सम्बन्ध की बुनियाद होती है। अब हम दोनों के पास अधिक आयु नही बची है, इसलिए हमारी एकजुटता हम दोनों के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। उस युवा युगल को एक बहुत ही महत्वपूर्ण सीख मिली। वरिष्ठ नागरिक चाहे घर में किसी भी प्रकार की आमदनी का कोई सहयोग ना दे रहे हों, पर उनके अनुभव हमें पल पल महत्वपूर्ण सीख देते रहते हैं।

# तुर्श-जुबाँ ममदानी अब न्यूयार्क के मेयर

**जोहरान ममदानी की उम्र ज्यादा नहीं है। महज तैंतीस वर्ष। वह साफग़ो हैं और ऊर्जा से लबरेज हैं। उन्हें अपने मुसलमान होने पर फख्र हैं और वह इस्रायल के मुखर आलोचक हैं। वह आवास, पुलिस और जेल सुधारों के हिमायती हैं। पिछले चुनावों में रिपब्लिकनों ने उनके विरोध की जहमत गवारा नहीं की। वह न्यूयार्क के मुस्लिम डेमाक्रेटिक क्लब के मेंबर हैं। उनके निर्वाचन क्षेत्र में एस्टोरिया भी है, जहां मुस्लिमों और अरबों की अच्छी खासी तादाद है। वह कार्पोरेट - चालित राजनीति के बरक्स अवाम - चालित -आंदोलन की बात करते हैं। वह नये बिजली घर चाहते हैं और मुफ्त बस सेवा। वह अपराधों पर काबू के लिए मानसिक स्वास्थ्य सुधारने पर बल देते हैं और सामाजिक आवास विकास एजेंसी बनाना चाहते हैं। न्यूयार्क शहर में वह सभी परिवारों को बेबी-बास्केट देने की बात करते हैं।**

डॉ. सुधीर सक्सेना

जोहरान ममदानी अब न्यूयार्क के निर्वाचित महापौर हैं। वह अमेरिका के राजनीतिक-नभ में धूमकेतु की मानिंद उभरे हैं। ठीक वैसे ही जैसे कभी सोवियत रूस के परिदृश्य में करीब चार दहाई पहले बोरिस येल्तसिन का उदय हुआ था। दोनों में तुलना बेमानी होगी, लेकिन जोहरान ममदानी अपनी तुर्श-जुबानी से फिलवक्त विश्वव्यापी सुर्खियों में है। बिला शक वह जेरे-बहस भी हैं। उनके आतिशी बयानों ने सनसनी फैलाने के साथ-साथ लोगों को तरह-तरह के कयास लगाने को बाध्य कर दिया हे। अब ट्रंप के विरोध के बावजूद उनके न्यूयार्क का मेयर चुन लिए जाने के बाद इसका असर न्यूयार्क की अंदरूनी तस्वीर के साथ ही अमेरिकी राजनय और विभिन्न देशों से अमेरिका के रिश्तों पर भी पड़ेगा।

शेक्सपियर भले ही कहते हों कि नाम में क्या धरा है, लेकिन नाम बहुत कुछ कहता है। उनका पूरा नाम है जोहरान क्वामे ममदानी, लेकिन यह नाम भी उनके कुल-गोत्र और सजरे को समग्रता में व्यक्त नहीं करता। यह उनकी जड़ों की ओर भी संकेत नहीं करता। वह गुजरात के शिया-मुस्लिम परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनकी रगों में मिश्रित रक्त बह रहा है। पिता मुस्लिम हैं, तो मां पंजाबी हिन्दु। उनके पिता महमूद ममदानी शिक्षाविद हैं, जो गुजरात से अफ्रीका चले गये थे। उनकी मां मीरा नायर सिने-संसार की जानी मानी हस्ती हैं और मिसीसिपी मसाला, द नेमसेक, मानसून वेडिंग और सलाम बांबे जैसी चर्चित फिल्में के लिये जानी जाती है। पद्मभूषण से सम्मानित 67 वर्षीया मीरा ने सन 1991 में महमूद ममदानी से दूसरी शादी की। 18 अक्टूबर, सन 1991 को युगांडा की राजधानी कंपाला में जनमे जोहरान इसी युगल की संतान हैं।

बाल्यावस्था दक्षिण अफ्रीका में बिताने के बाद सात साल की उम्र में वह संयुक्त राज्य अमेरिका में आकर न्यूयार्क में बस गये। ब्रोंक्स हाईस्कूल ऑफ साइंस से स्नातक के बाद उन्होंने बोडोइन कॉलेज से अफ्रीकन स्टडीज में डिग्री हासिल की। राजनीति में पदार्पण के पूर्व वह हाउसिंग काउंसलर रहे और हिप-हाप संगीतकार के रूप में सक्रिय रहे। इन्हीं दिनों उनके विचार सरोकारों की सान चढ़े और उन्होंने आवासीय समस्या और उसके समाधान पर ध्यान दिया। वह पहले-पहल सन 2020 में न्यूयार्क स्टेट असेंबली के लिए चुने गये। उन्होंने चार बार के विजेता अरावेला सिमोटास को मात देकर सबको चकित कर दिया।

अपनी कथनी और करनी से उन्होंने वाहवाही बटोरी और लगातार निर्विरोध चुने जाते रहे। गत वर्ष उन्होंने सन 2025 के महापौर के चुनाव में अपनी उम्मीदवारी का ऐलान कर दिया। शत-प्रतिशत संभावना थी कि वह न्यूयार्क शहर के मेयर चुने जायेंगे। वजह यह कि उन्होंने अपनी मुहीम में बसों में मुफ्त यात्रा, बच्चों की देखभाल, राजकीय स्वामित्व की किराना दुकानों, भवनों का किराया बांधने और आवासीय ईकाइयों के निर्माण की घोषणा कर आम लोगों के बीच 'उम्मीद का चिराग' बनकर उभरे हैं। लोगों की उम्मीदों का ग्राफ



उनकी सफलता की ओर संकेत करता है। डेमोक्रेटिक प्राइमरी अभियान के दौरान उन्हें बनी सैन्डर्स और अलेक्जेंड्रिया ओकासियो कोर्टेज जैसी प्रगतिशील और सम्मानित हस्तियों का समर्थन मिला।

जोहरान के पूरे नाम पर गौर करें। जोहरान क्वामे ममदानी। नाम और कुल नाम का मध्यवर्ती क्वामे उनके पिता की च्वाइस और देन है। क्वामे एनक्रूमा घाना के राष्ट्राध्यक्ष और प्रधानमंत्री थे और उन्हे पैन - अफ्रीकी नेता और अश्वेत मुक्ति के महानायक के तौर पर देखा जाता है। वह अफ्रीका के लेनिन कहलाये और सन 1963 में उन्हें लेनिन शांति पुरस्कार से नवाजा गया। जाहिर है कि नाम में क्वामे का समावेश प्रयोजनमूलक होने से मायने रखता है। इस ओर भी संकेत करता है कि वैचारिक दृष्टि से जोहरान किसके नक्शे-पा चलेंगे? बहरहाल वह न्यूयार्क के मेयर पद के चुनाव की रेस में उलटफेर करने में सफल रहे हैं। इस महत्वपूर्ण पद पर प्रतिष्ठित पहले भारतवंशी के साथ ही पहले मुस्लिम भी हैं। अपने प्रतिद्वन्द्वी और पूर्व गवर्नर को डेमोक्रेटिक प्राइमरी में मात देने के बाद उन्होंने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुये कहा - आज रात हमने इतिहास रच दिया। प्रतिद्वन्द्वी एंड्रयू कुओमो ने 'आज की रात हमारी नहीं थी। यह ममदानी की रात है' कहकर उन्हें फोन पर बधाई थी।

जोहरान ममदानी की उम्र ज्यादा नहीं है। महज तैंतीस वर्ष। वह साफग़ो हैं और ऊर्जा से लबरेज हैं। उन्हें अपने मुसलमान होने पर फख्र हैं और वह इस्रायल के मुखर आलोचक हैं। वह आवास, पुलिस और जेल सुधारों के हिमायती हैं। पिछले चुनावों में रिपब्लिकनों ने उनके विरोध की जहमत गवारा नहीं की। वह न्यूयार्क के मुस्लिम डेमाक्रेटिक क्लब के मेंबर हैं। उनके निर्वाचन क्षेत्र में एस्टोरिया भी है, जहां मुस्लिमों और अरबों की अच्छी खासी तादाद है। वह कार्पोरेट - चालित राजनीति के बरक्स अवाम - चालित -आंदोलन की बात करते हैं। वह नये बिजली घर चाहते हैं और मुफ्त बस सेवा। वह अपराधों पर काबू के लिए मानसिक स्वास्थ्य सुधारने पर बल देते हैं और सामाजिक आवास विकास एजेंसी बनाना चाहते हैं। न्यूयार्क शहर में वह सभी परिवारों को बेबी-बास्केट देने की बात करते हैं। उन्होंने बड़ी तादाद में फाइनेंसर भी जुटा लिये हैं। वह राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप की रीतियों-नीतियों के विरोधी हैं। गुजरात के सांप्रदायिक घटनाक्रम पर उनकी तीखी टिप्पणी ने सनसनी फैला दी थी।

उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीखी आलोचना करते हुये यहां तक कहा है कि वह उन्हें मैडिसन स्क्वेयर में सभा नहीं करने देंगे। किस्सा कोताह यह कि जोहरान क्वामे ममदानी ऐसा विवादास्पद चेहरा बनकर उभरे हैं, जिसके आगामी कल को लेकर सिर्फ कयास लगाए जा सकते हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपको शारीरिक कष्ट से राहत मिलेगी। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है। व्यापारिक व्यक्तियों के साथ आपके सम्बन्ध मजबूत होंगे।

**वृषभ**
अनावश्यक बातों पर अधिक ध्यान देना उचित नहीं है। परिजन आपसे किसी कारणवश नाराज हो सकते हैं। मन में नकारात्मक विचार लाने से बचें।

**मिथुन**
आपको नया काम सौंपा जा सकता है। बच्चों के करियर को लेकर चिन्ता दूर होगी। व्यवसाय में अटका हुआ धन आपको प्राप्त होगा।

**कर्क**
गुरुतुल्य व्यक्ति से मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। आयात-निर्यात के कार्यों में बड़ा धन लाभ मिल सकता है। मन में जो करियर को लेकर चिन्ता थी वह दूर होगी।

**सिंह**
व्यापारियों को नकदी की कमी का सामना करना पड़ सकता है। गूढ़ विषयों में अधिक रुचि न लें। थकान के कारण चिड़चिड़ापन हो सकता है।

**कन्या**
दाम्पत्य जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। रिलेशनशिप को लेकर परेशानियाँ दूर होंगी। शाम के समय कोई बड़ा खर्च सामने आ सकता है। माता की सेहत का ध्यान रखें।

**तुला**
नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। अपनी इच्छाओं के अनुसार काम करने से लाभ होगा। आपके व्यक्तित्व में अत्यन्त सकारात्मक सुधार होगा।

**वृश्चिक**
आज आप आसपास के लोगों के व्यवहार का सटीकता से आकलन करेंगे। नये प्रेम सम्बन्ध विकसित हो सकते हैं। महिलायें अपनी सेहत को लेकर सजग रहें।

**धनु**
दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। पिताजी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। अपने मित्रों पर अधिक विश्वास न करें। जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे।

**मकर**
आज का दिन काफी शानदार रहने वाला है। किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं करेंगे तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सभी महत्वपूर्ण कार्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे।

**कुंभ**
परिवार में अशान्ति का वातावरण रहेगा। नकारात्मक बातों में अपना समय बर्बाद करना उचित नहीं है। जरूरी सामान खरीदने के लिये बाजार जा सकते हैं।

**मीन**
अपनी दिनचर्या में परिवर्तन कर लेना आपके लिये उचित होगा। व्यस्तता के बावजूद आप अपनों को समय अवश्य देंगे। एक से अधिक कार्य करने से बचें।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला उचक्के ने महिला का झोला छीना झोला में मोबाईल, नकद, बैंक पासबुक

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को सराय मुहल्ला स्थित एक मिठाई दुकान में एक महिला का नास्ते करने के दौरान हीं उसका झोला लेकर एक महिला उच्चके भाग गई। जिसमे मोबाइल, नकद पैसा व बैंक पासबुक था। जानकारी के अनुसार मनेर थाना क्षेत्र के पश्चिमी सुअरमरवा गांव निवासी पप्पू यादव की पत्नी मनेर में किसी काम से आई थी। उसके बाद वो सराय मुहल्ले स्थित एक मिठाई की दुकान में बैठ कर नास्ता करने लगी। इसी दौरान एक बच्ची के साथ रही महिला उच्चके ने उसके सामान वाले झोले लेकर फरार हो गई। जिसमें मोबाइल फोन, बैंक का पासबुक करीब दो हजार रुपए थे। उक्त मामले में पीड़ित महिला ने मनेर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है

### सियार के हमले से बकरी चराने गई महिला जख्मी, एकमा सीएचसी में हुआ उपचार

**एकमा/मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी थाना क्षेत्र के कलान गांव में सियार के हमले से बकरी चराने गई एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला स्व. राजेश्वर साह की पत्नी बेदामो देवी (65) बताई गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार बेदमो देवी अपने बकरियों को चराने के लिए गांव के बाहर खेत की ओर गई थीं। तभी अचानक झाड़ियों से निकले सियार ने उन पर हमला कर दिया। जब तक वह कुछ समझ पातीं या किसी को मदद के लिए बुला पातीं, सियार ने उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा ले गए, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ सुशील कुमार एवं स्वास्थ्यकर्मी मोहम्मद शाहिद ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में सियारों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण प्रशासन से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग कर रहे हैं।



### जनता का अपार आशीर्वाद मिला है: रामकृपाल यादव

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनडीए प्रत्याशी रामकृपाल यादव ने बताया कि दानापुर विस क्षेत्र के जनता का अपार आशीर्वाद मिला है और भारी मतों से विजयी होंगे.उन्होंने बताया कि मतदान के प्रतिशत बढने से एनडीए पक्ष में 6 प्रतिशत वोट पडे है. दियारा में भी इस बार दो प्रतिशत ज्यादा वोट मिलेगा. श्री यादव ने बताया कि सभी वर्गों का वोट मिला है. उन्होने बताया कि दानापुर से भाजपा हर साल आगे रहती है. इसी बार भी दानापुर के जनता एनडीए सरकार पर भरोसा जताते हुए भारी मतों से विजयी बनायेंगा.

### पारस एचएमआरआई मे 9 नवम्बर को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना के बेली रोड स्थित पारस एचएमआरआई में दिनांक 9 नवम्बर दिन रविवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन होने जा रहा है। इसमें आमजन का रैंडम ब्लड शुगर, बीपी, ईसीजी, बीएमडी, स्पीरोमेटरी की जांच मुफ्त की जाएगी। साथ ही सभी सुपरस्पेशलिस्ट ओपीडी इंटरनल मेडिसिन से लेकर ऑथोर्पेडिक्स, ओंकोलॉजी, कार्डियोलॉजी, फिजियोथेरेपी, यूरोलॉजी, पेडियेट्रिक्स, जेनरल सर्जरी, गायनेकोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, ईइनटी, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोइन्टेरोलॉजी, डायटेटिक्स और पल्मोनोलॉजी में मुफ्त परामर्श भी दी जाएगी। इस मौके पर अन्य पैथोलॉजी- रेडियोलॉजी जांच पर 50% तक की छूट भी दी जाएगी। निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। पारस एचएमआरआई के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि हास्पिटल परिसर में लगातार हमलोग आमजन के लिए निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर लगा रहे हैं इस का उद्देश्य है कि हर किसी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

# चुनाव के बाद प्रत्याशियों का दिन बीता आत्ममंथन और भावनाओं के साये में

- श्याम रजक ने स्व पत्नी के जन्मदिन पर हैप्पी बर्थडे कहा
- गोपाल रविदास ने महा गठबंधन कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा कर मटन चावल का भोज कराया
- फुलवारी की जनता ने फिर से बड़े अंतर से जिताने के लिए किया है मतदान : श्याम रजक
- 20 से 25,000 का रहेगा मेरी जीत का अंतर : गोपाल रविदास

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा चुनाव में मतदान समाप्त होने के अगले ही दिन फुलवारी शरीफ में सियासत के रंग कुछ बदले-बदले नजर आए. थकी हुई आंखों में अब राहत थी, और दिमाग में नतीजों का गणित. एक ओर जहां जदयू प्रत्याशी और पूर्व मंत्री श्याम रजक ने सुबह-सुबह अपनी स्वर्गीय पत्नी को याद कर उनके जन्मदिन पर ह्हैप्पी बर्थडेह्व कहा, वहीं माले प्रत्याशी गोपाल रविदास ने एक महीने की चुनावी भागदौड़ के बाद कार्यकताओं के साथ बैठकर मटन-चावल का आनंद लिया. शुक्रवार की सुबह श्याम रजक के घर का माहौल भावनाओं से भरा था. मतदान की रात स्ट्रांग रूम की निगरानी में बिताने के बाद उन्होंने सुबह नहा-धोकर अपनी स्वर्गीय पत्नी अलका रजक की तस्वीर के सामने दीप जलाया. उन्होंने हाथ जोड़कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामना दी और कुछ पल चुपचाप बैठे रहे. परिवार और राजनीति के बीच बीते उन पलों को याद करते हुए उनकी आंखें नम हो गई. उसके बाद उन्होंने हल्का नाश्ता किया और सीधे बैठक कक्ष पहुंचे, जहां कार्यकर्ता पहले से इंतजार कर रहे थे.



श्याम रजक ने फोन पर कार्यकर्ताओं से बुथवार रिपोर्ट ली. किसी से पूछा- सब ठीक रहा न? अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में कैसा रहा मतदान? जवाब मिला-भैया, पूरा पंचायत आपके साथ है, वोट अच्छा पड़ा है. कई पत्रकारों से भी उन्होंने बात की और क्षेत्रवार फीडबैक लिया. पूरे दिन वह कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति और संभावित परिणामों को लेकर चर्चा करते रहे. शाम तक वह अपनी पत्नी के चित्र के पास बैठकर ही लोगों से मिलते-जुलते रहे. उन्होंने कहा-अब जो भी परिणाम हो, हमने जनता के दिल में जगह बनाई है. फुलवारी शरीफ की जनता एक बार फिर से भारी मतों से उन्हें जीत दर्ज करके सदन में भेजने का काम करेगी। वहीं दूसरी ओर, माले प्रत्याशी गोपाल रविदास के घर पर सादगी और सुकून का माहौल था. चुनावी तनाव खत्म होते ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को बुलाकर समीक्षा बैठक की. हर पंचायत, हर बूथ से आए रिपोर्ट पर चर्चा हुई. गोपाल रविदास ने कहा- हमारा जनाधार मजबूत है, इस बार जीत का अंतर 20 से 25 हजार रहेगा.ह्व बैठक के बाद उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को मटन-चावल का भोज कराया. लंबे समय बाद परिवार और साथियों के साथ बैठने का यह पल उन्हें राहत दे गया. जन सुराज प्रत्याशी शशिकांत भी अपने कार्यालय में व्यस्त दिखे. किराया, वाहन और कैटरिंग के बिलों का भुगतान करते हुए वे कार्यकर्ताओं से बोले- हमने नई सोच के साथ चुनाव लड़ा है. परिणाम चाहे जो भी हो, पहचान हमारी बनी रहेगी. फुलवारी शरीफ के बाजारों में भी दिनभर चुनाव की गूंज सुनाई दी. इसापुर मस्जिद चौराहा, चुनौती कुआं और लाल दास की चाय दुकान पर राजनीतिक बहस जारी रही. पान और सैलून की दुकानों पर लोग अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का दावा करते दिखे. सट्टा बाजार में भी हलचल रही. इस बार सबसे ज्यादा दांव श्याम रजक पर लगाया गया है. फुलवारी शरीफ की सियासत में अब सबकी निगाहें मतगणना के दिन पर टिकी हैं.

## चुनाव के बाद प्रत्याशी अपने फ्लैट पर कर रहे जीत-हार की चर्चा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधान सभा चुनाव की आपाधापी, प्रचार कार्य में मशगूल जीवन से बाहर निकले प्रत्याशी को अब थोड़ी राहत मिली. दानापुर विधानसभा क्षेत्र के कई प्रत्याशी मतदान के दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह तरोताजा व चैन में दिखे. प्रतिदिन की तरह दिनचर्या पूरी की. दानापुर विस के एनडीए प्रत्याशी रामकृपाल यादव सुबह 5 बजे ही तैयार होकर पूजा अर्चना करने के बाद करबिगहिया स्थित फ्लैट पर समर्थकों के साथ चुनावी विश्लेषण व चर्चा करते देखे गए. श्री यादव ने दावा किया कि दानापुर विधानसभा में उन्हें सभी वर्ग का भरपूर प्यार मिला है. राजद के निवर्तमान विधायक से त्रस्त लोग अब ऊब चुके थे. जिसका नतीजा 14 नवंबर को देखने को मिल जाएगा. राजद से लगातार दूसरी बार चुनाव लड़ रहे राजद प्रत्याशी रीतलाल यादव फिलहाल जेल में बंद है. उनके पत्नी रिंकू देवी , पुत्री श्वेता सिंघानिया व भाई टिंकू कुमार यादव ने मतदान के दूसरे दिन शुक्रवार को पूजा-अर्चना करने के बाद कोथवां स्थित कार्यलय परिसर में पहुंचे कार्यकताओं के साथ मतदान गतिविधियों की समीक्षा बूथवार किया. विधानसभा चुनाव के हालात पर चर्चा की.उन्होंने ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव व तेजस्वी यादव के नेतृत्व पर भरोसा कर जनता का चुनाव में आपार जनसमर्थन प्राप्त हुआ है.



## दानापुर में बीआरसी की 18वीं बिहार बटालियन का 17वां स्थापना दिवस मनाया गया





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने वाली 18 बिहार बटालियन का 17वां स्थापना दिवस बिहार रेजिमेंट केंद्र में बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया. रेजिमेंट की 18वीं बटालियन की नींव विजय दशमी के दिन पुरवैया की धरती पर रखी गई. बटालियन का प्रथम ध्वज झारखंड के राज्यपाल महामहिम कटिकल शंकरनारायणन ने फहराया. रेजिमेंट के लंबे, शानदार और गौरवशाली इतिहास में अपनी जगह बना रही है साथ ही बटालियन ने न केवल ऑपरेशनों में अपनी क्षमता साबित की है, बल्कि पेशेवर और खेल प्रतियोगिताओं में भी अनुकरणीय प्रदर्शन किया और अपने लिए कई वीरता पुरस्कार अर्जित किए हैं. स्थापना दिवस के इस अवसर पर यूनिट की शौर्यगाथाओं को याद किया गया और यूनिट के शौर्य, बलिदान और गौरवपूर्ण इतिहास को याद करते हुए जवानों ने देश की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया.18 बिहार का गौरवपूर्ण इतिहास हर सैनिक और नागरिक के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है.यह बटालियन हमेशा देश की रक्षा और सुरक्षा के लिए तत्पर रहेगी और अपने आदर्श वाक्य के अनुसार काम करेगी. बटालियन में तैनात देश की सेवा में लगे हुए वीर बिहारी योद्धाओं का जज्बा, जुनून और उत्साह काबिल-ए-तारीफ रहा है.इन बिहारी सैनिकों ने समय-समय पर अपने अदम्य साहस और शौर्य के प्रदर्शन से सभी को चकित कर दिया, जिसके चलते इन यो द्धाओं को और बटालियन को अनेक वीरता पुरस्कारों और प्रशंसा पत्रों से नवाजा जा चुका है. देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बटालियन के वीर सैनिकों को याद करने और सम्मानित करने के लिए रेजिमेंट के वीर स्मृति स्थल पर एक विशेष श्र द्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया. रेजिमेंट के कार्यवाहक कमांडेंट कर्नल तेजेंदर पाल सिंह हुंदल,(वीएसएम ), ले. कर्नल अंकुर कुमार मिश्रा समेत कई सैन्य अधिकारी, जेसीओ व सैनिक ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान सेना बैंड द्वारा "वंदे मातरम्" और रेजिमेंटल गीत की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को देशभक्ति और श्रद्धा से भर दिया.

## पिस्टल की नोक पर दस लाख की लूट, विरोध करने पर कर्मचारी को मारी गोली

### रामकृष्ण नगर में दिनदहाड़े वारदात, सीसीटीवी में दो लुटेरे हेलमेट में कैद

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना में अपराधियों ने शुक्रवार को एक बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया. रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के बाईपास रोड पर मोटरसाइकिल सवार दो लुटेरों ने एक निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से पिस्टल की नोक पर दस लाख रुपये लूट लिए. विरोध करने पर अपराधियों ने कर्मचारी को गोली मार दी. गोली उसके बांह में लगी, जिसके बाद घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अपराधी रुपए से भरा बैग लेकर बाइक से फरार. दोनों बदमाशों ने हेलमेट पहन रखा था. घटना की जानकारी मिलते ही रामकृष्ण नगर थाना पुलिस, डीएसपी सदर-2 रंजन कुमार सिंह और सिटी एसपी (पूर्वी) मौके पर पहुंचे. पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की. फुटेज में दो बाइक सवार अपराधी हेलमेट पहने हुए नजर आ रहे हैं, जो कर्मचारी से रुपयों से भरा बैग छीनते दिखाई दे रहे हैं. पुलिस के अनुसार, घायल कर्मचारी अविनाश, जो भारत फाइनेंस कंपनी में कार्यरत है, कंपनी का दस लाख रुपये लेकर जीरो माइल स्थित बैंक में जमा करने जा रहा था. तभी यूनियन बैंक के नीचे पहुंचे दो बदमाशों ने उस पर हमला कर रुपयों से भरा बैग छीनने की कोशिश की. अविनाश ने विरोध किया तो एक लुटेरे ने पिस्टल से गोली चला दी. गोली लगने के बाद भी अविनाश ने साहस दिखाया, मगर बदमाश रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए. पुलिस ने बताया कि घायल की स्थिति खतरे से बाहर है और उसका इलाज मेदांता अस्पताल में चल रहा है. डीएसपी सदर-2 ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है और छापेमारी जारी है.



## दानापुर विधानसभा क्षेत्र में करीब 58.52 प्रतिशत मतदान

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोकतंत्र में इस बार मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया. दानापुर विधानसभा क्षेत्र में इस बार 58.52 प्रतिशत मतदान पडे है और पिछ्ले विस चुनाव से 6 प्रतिशत ज्यादा वोट पडे है. दियारा के छह पंचायतों के 56 बूथ पर मतदाताओं का काफी उत्साह होकर मतदान करते देखा गया. पीपा पुल नही रहने के बाद भी स्टीमार व नाव पर सवार होकर गंगा पर जाकर अपने बूथ पर मताधिकार प्रयोग किया. दियारा में करीब 62 प्रतिशत वोट पडे है. जबकि शाहपुर थाना क्षेत्र के उपवार में करीब 60 प्रतिशत , ग्रामीण क्षेत्र में 60 प्रतिशत , रूपसपुर में 55 प्रतिशत वोट पडे है. जबकि बेली रोड के रूपसपुर व रूकनपुरा में करीब 50 प्रतिशत, बेली रोड गोला रोड व रामजयपाल नगर में करीब 55 प्रतिशत , सगुना क्षेत्र में 45 प्रतिशत, छावनी क्षेत्र में करीब 65 प्रतिशत , शहरी क्षेत्र में 55 प्रतिशत व रामजीचक में 50 प्रतिशत वोट पडे है. जिसको लेकर भाजपा व राजद कार्यकर्ताओं वोट प्रतिशत को लेकर गुण भाग करने में जुटे हुए थे. दोनों के कार्यकर्ताओं के माने तो यही कह रहे है कि इस बार जनता का अपार जनसमर्थन मिला है और भारी मतों से विजयी होंगे. अब देखना है कि 14 नवंबर को मतगणना के बाद पता चल जायेगा. कौन विजयी यहां से होते है.दोनों प्रत्याशी दावे कर रहे है कि इस बार भारी मतों से विजयी होंगे.



## हर पदाधिकारी पर तय हो जवाबदेही, देर करने पर मिले दंड, पीएमओ ने किया समर्थन

### भारतीय लोकहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रख्यात पर्यावरणविद् एवं शिक्षाविद् गुरुदेव प्रेम ने उठायी मांग

फुलवारी शरीफ. पटना के संपतचक स्थित बैरिया प्रेम लोक मिशन स्कूल से एक सशक्त संदेश देशभर में गूंज उठा है. स्कूल के निदेशक एवं भारतीय लोकहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रख्यात पर्यावरणविद् एवं शिक्षाविद् गुरुदेव प्रेम ने कहा है कि शासन और न्याय व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करने का समय आ गया है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुख्य न्यायाधीश हों, प्रधानमंत्री हों या चुनाव आयोग झ सभी को निश्चित समय सीमा के भीतर हर आवेदन का निष्पादन अनिवार्य रूप से करना चाहिए. गुरुदेव प्रेम ने यह भी कहा कि यदि किसी पद पर बैठा व्यक्ति अपने कार्य में जानबूझकर देरी करे, तो उसे कठोर दंड दिया जाना चाहिए. उन्होंने बताया कि इस सुझाव पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने धन्यवाद ज्ञापित किया है, जो संकेत देता है कि यह व्यवस्था जल्द ही लागू हो सकती है. उन्होंने आगे कहा कि दुनिया को स्मार्ट नहीं, बल्कि चरित्रवान शिक्षक, ईमानदार राजनेता, आज्ञाकारी पुत्र और शिष्य, तथा सच्ची निष्ठा वाली विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की आवश्यकता है. गुरुदेव प्रेम ने इस विचार को भारत के नैतिक पुनर्जागरण का मार्ग बताया और कहा कि जब तक चरित्र और अनुशासन व्यवस्था का आधार नहीं बनेगा, तब तक विकास अधूरा रहेगा.



## 'वन हेल्थ, वन वर्ल्ड' का संदेश लेकर एम्स पटना में निकली जागरूकता रैली






### मानव, पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य को जोड़ने वाला अभियान बना आकर्षण का केंद

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना में शुक्रवार को ह्वन हेल्थ डेह्व के अवसर पर सामुदायिक एवं परिवार चिकित्सा विभाग द्वारा भारतीय निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा संघ और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के सहयोग से 'वन हेल्थ जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया. रैली का उद्देश्य 'वन वर्ल्ड, वन हेल्थ' के संदेश को समाज तक पहुंचाना था. कार्यक्रम का शुभारंभ एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल ने किया. मौके पर प्रो. डॉ. पुनम प्रसाद भदानी, डीन (अकादमिक), प्रो. डॉ. संजय पांडे, डीन (रिसर्च) एवं विभागाध्यक्ष, सामुदायिक एवं परिवार चिकित्सा विभाग, तथा प्रो. डॉ. अनुप कुमार, चिकित्सा अधीक्षक सहित कई गणमान्य चिकित्सक मौजूद रहे. रैली में संकाय सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर और इंटर्न छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए. सभी प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे पोस्टर और बैनर लेकर मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य की एकजुटता का संदेश दिया. परिसर में सभी का स्वास्थ्य, सबकी जिम्मेदारी जैसे नारों से माहौल गूंज उठा. रैली के बाद प्रो. डॉ. संजय पांडे ने 'वन हेल्थ अप्रोच' पर जागरूकता व्याख्यान दिया. उन्होंने कहा कि वन हेल्थ की अवधारणा यह सिखाती है कि मानव, पशु और पर्यावरण-तीनों का स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़ा हुआ है, और समन्वित प्रयासों से ही वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा संभव है. कार्यक्रम के अंत में डॉ. संतोष कुमार निराला, एसोसिएट प्रोफेसर, ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि एम्स पटना हमेशा जनस्वास्थ्य से जुड़े अभियानों में अग्रणी रहेगा. उन्होंने सभी प्रतिभागियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया.

## दबंगों ने किसान की रैयती भूमि को जबरन भरकर बनाई सड़क

### 1580 डिसमिल भूमि पर बना दिया रास्ता, प्रशासन बना रहा मूकदर्शक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के रतनी प्रखंड क्षेत्र के सेसंबा मौजे अंतर्गत दारोगा बिगहा (चगोड़ी) गांव के बधार में चार किसानों के 1590 डिसमिल जमीन पर जबरन मिट्टी भरकर रास्ता बनाने का मामला सामने आया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पुलिस प्रशासन और अंचल अधिकारी को पीड़ित के द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद न तो दबंग को मिट्टी भरकर रास्ता बनाने से रोका गया और नहीं बाद में किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई आरोपियों के खिलाफ आज तक की गई है। इस संबंध में पीड़ित किसान दुर्गा प्रसाद, अरुण कुमार, उपाध्याय रवि शंकर और सत्येंद्र सिंह ने बताया कि उन चारों लोगों के रैयती जमीन जिसका खाता संख्या 154 एवं 97 तथा प्लॉट संख्या क्रमशः 2177 एवं 2221 है। उक्त भूमि का रक्तवा 1575 डेसिमल एवं 15 डिसमिल है उसे पर दरोगा बीघा टोला के कुछ लोगों ने जबरन मिट्टी भरकर पक्का सड़क बनाने का प्रयास किया है। इसके लिए पूरी योजना बनाकर कुछ लोगों ने खेत में फसल लगे रहने के बावजूद लगभग 15 से 18 फीट चौड़ाई में मिट्टी भरकर अभी फिलहाल कच्चा रास्ता बना दिया है। हालांकि इस भूमि पर पक्का रास्ता बनाने का प्रयास पहले की जा चुकी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नारायणपुर निवासी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में उन लोगों ने शकूराबाद थाना की पुलिस एवं रतनी अंचल अधिकारी को मिट्टी हटवाने के लिए गुहार लगाकर थक चुके हैं, लेकिन प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई आज तक नहीं की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा पूर्वी चंपारण जिला में स्वच्छ एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर नियुक्त किए गए सभी 12 विधान सभाओं के प्रेक्षक गण की उपस्थिति में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह जिलाधिकारी के द्वारा मतदान के दिन मतदान केंद्रों के लिए प्रतिनियुक्त 485 माइक्रो आब्जर्वर को मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। मतदान के दिन माइक्रो आब्जर्वर मतदान केंद्र पर जिन गतिविधियों पर नजर रखना होता है उससे संबंधित उन्हें जानकारी दी गई। ज्ञातव्य है कि माइक्रो आब्जर्वर मतदान से संबंधित अपना प्रतिवेदन प्रेक्षक गण को उपलब्ध कराते हैं। इसको लेकर जिलाधिकारी के द्वारा स्पष्ट निर्देश प्रशिक्षण के दौरान दिया गया।

### स्कूली बच्चों ने दिया मतदान जागरूकता का संदेश

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रामनगर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर फ्रेंड्स एकेडमी बरवा बंजरिया के बच्चों ने रंग-बिरंगे पोस्टर और नारे के साथ जागरूकता रैली निकाली। रैली में बच्चों ने पहले मतदान, फिर जलपान और मतदान करना हमारा अधिकार है जैसे नारे लगाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य पुलकित झुनझुनवाला ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति को मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के माध्यम से समाज में बड़ा संदेश जाता है क्योंकि वे घर-घर में लोगों को प्रेरित करते हैं। रैली में नगर के जनप्रतिनिधि नागेंद्र साह, समाजसेवी सुजल सिंह, आशीफ अली, भूषण झुनझुनवाला समेत कई शिक्षकों ने भाग लिया। सभी ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। रैली के दौरान बच्चों ने सड़कों पर कतारबद्ध होकर पोस्टर लहराए और नागरिकों से मतदान दिवस पर मतदान केंद्र तक पहुंचने की अपील की. पूरे नगर में बच्चों की आवाज गूंजती रही कृ ह्नकोई जीते, कोई हारे, वोट देने जाएंगे सारे. इस रैली ने नगरवासियों में नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार किया।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान अब रफ्तार पकड़ चुका है। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मझौलिया में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० अनुपम प्रसाद के नेतृत्व में एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं एवं चिकित्सा कर्मियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान ह्न11 नवम्बर को मतदान करें, लोकतंत्र को सशक्त बनाएंह्न जैसे नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० अनुपम प्रसाद ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य आम लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना है, ताकि हर नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग भी सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत मतदाता जागरूकता में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।रैली के माध्यम से लोगों से अपील की गई कि वे मतदान के दिन घर से अवश्य निकलें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार मझौलिया में शत-प्रतिशत मतदान होगा। मौके पर डॉ० राहुल कुमार, प्रधान लिपिक डॉ० सुशांत कुमार, चिकित्सा कर्मी, एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय रही। रैली के अंत में सभी ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान का संकल्प लिया।

### नुक्कड़ नाटक और शपथ के जरिए बच्चों ने दिया संदेश

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 11 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को राजकीय मध्य विद्यालय पारस पकड़ी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन कुमार की उपस्थिति में बच्चों द्वारा एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से बताया गया कि मतदान करना न केवल अधिकार है, बल्कि देश के विकास में भागीदारी का प्रतीक भी है।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पोस्टर और नारों के जरिए लोगों से अपील की कि वे निर्भीक होकर मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। इसी क्रम में राजकीय मध्य विद्यालय महोदीपुर में शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ 'रिंग बनाकर' शपथ ग्रहण कराया गया, जिसमें सभी ने शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया।प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन कुमार ने इस अवसर पर बच्चों को न केवल मतदान के महत्व के बारे में बताया, बल्कि शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग कम करें, अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, तभी स्वस्थ समाज और सशक्त लोकतंत्र का निर्माण संभव है।उन्होंने यह भी कहा कि हर नागरिक को लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। मौके पर विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### चुनाव कार्य में प्रत्युक्त होने वाले वाहनों की धरपकड़ शुरू

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दूसरे चरण के दौरान 03 नरकटियागंज विधानसभा में 11 नवंबर को चुनाव की तिथि निर्धारित है। चुनाव को लेकर सभी प्रकार की प्रशाशनिक तैयारियां लगभग अंतिम चरण में है। वही चीनी मिल के यार्ड में वाहनों का पड़ाव स्थल बनाया गया है। जहां चुनाव कार्य प्रत्युक्त होने वाले वाहनों को प्रशासन द्वारा लगवाना शुरू दिया गया है। वाहन कोषांग पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ने बताया कि चुनाव कार्य मे लगने वाले वाहनों का धर पकड़ आरंभ कर दिया गया है। वाहनों को पार्किंग स्पॉट पर लगवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नरकटियागंज विधानसभा के लिए चुनाव कार्य में कुल करीब ढाई सौ छोटे बड़े वाहनों की जरूरत है जिसको लेकर सभी मुख्य मार्ग जैसे हरदिया रामनगर मोड, नागेंद्र तिवारी चौक के अलावा सभी एसएसटी प्वाइंट पर वाहन जांच और वाहनों की धर पकड़ शुरू की गई है। वही दूसरी तरफ सभी सेक्टर पदाधिकारियों क्षेत्र भ्रमण के लिए शुक्रवार को वाहन उपलब्ध करा दिया गया है।नरकटियागंज विधानसभा के एआरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि विधानसभा के सभी 33 सेक्टर पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण के लिए वाहन उपलब्ध करवाया गया है। ताकि चुनावी कार्य में उन्हें कोई परेशानी नहीं उठानी पड़े। एआरओ ने यह भी बताया कि सभी सेक्टर पदाधिकारियों को सख्त निर्देशित किया गया है वे अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहें। और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों को चिन्हित करें। किसी भी सूरत में आचार संहिता उलंघन करने वालो को बख्शा नही जाएगा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एनडीए प्रत्याशी राजेश कुमार के समर्थन में चिराग पासवान ने किया चुनावी सभा को सम्बोधित

**बिहार के नीतीश कुमार की डबल इंजन की सरकार ने सभी के लिए किया है काम बदल गई बिहार की तस्वीर**



**सुगौली/मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रघुनाथपुर करमवा बाजार स्थित मैदान में भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री लोजपा आर सुप्रिमो चिराग पासवान ने सुगौली रघुनाथपुर करमवा बाजार पर आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा इस बार भी बिहार के प्रगति और विकास पर प्रदेश के आम लोगों ने बिहार के सता पुनः नीतीश कुमार को सौंपने जा रही है। चिराग पासवान ने सुगौली विधानसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के लोजपा आर प्रत्याशी राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2005 के पहले बिहार में भ्रष्टाचार, और अराजकता का माहौल बना हुआ था। लेकिन आज बिहार में अमन-चैन और कानून का राज है। चिराग पासवान ने अपने प्रत्याशी बबलू गुप्ता को आम लोगों से केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने के लिए प्रत्याशी बबलू गुप्ता को भारी मतों से चुनाव जीताने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विधानसभा में नागरिकों ने एनडीए की सरकार बनाने का मन बना चुके हैं। उन्होंने चुनावी सभा की मंच से आम लोगों से आह्वान किया कि क्या आप लोग एनडीए प्रत्याशी बबलू गुप्ता को विजयश्री दिलाने का काम करेगें सभी लोगों ने हां कहा तो मंच से चिराग पासवान ने राजेश गुप्ता को माला पहनाकर स्वागत किया। चुनावी सभा को एनडीए नेता रामगोपाल खंडेलवाल, अखिलेश गुप्ता, राम एकबाल प्रसाद, प्रत्याशी राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता, अवध पटेल, राम जी पासवान, विजय जयसवाल, राजेश्वर ठाकुर, विकास शर्मा, नईम खान, सत्येंद्र सिंह आदि नेताओं ने प्रत्याशी राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता के पक्ष में आस्था जताते हुए बिहार के नीतीश कुमार सरकार की उपलब्धि की खुलकर चर्चा किया।

# अगले पांच साल में बिहार और विकसित होगा : नीतीश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिकटा के प्लस टू जनता उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को राजग समर्थित सिकटा विधानसभा के उम्मीदवार समृद्ध वर्मा के समर्थन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी सभा को सम्बोधित किया। कहा बड़े पैमाने पर कब्रिस्तान की घेराबंदी कराया। दो लाख अंठावन हजार शिक्षकों की पहले बहाली किया। सतहर हजार शिक्षकों का पद रिक्त है। उसके लिए तैयारी कर दिए है। पुराने व ले मेडिकल कॉलेज को और विकसित किया गया है। दस लाख नौकरी दस लाख रोजगार दे दिया गया है। एक करोड़ युवाओं नौकरी व रोजगार देने की घोषणा किया। तीन लाख 85 हजार जीविका दीदीयों को शहरी क्षेत्र में लाभ दिया गया है। सभी वृद्ध, दिव्यांग जनों को चार सौ से ग्यारह हजार बढा दियें है। हर घर बिजली पहुचा दिया है। सभी घरेलू उपभोक्ता को मुफ्त में बिजली दी जा रही है। मुख्यमंत्री रोजगार योजना को एक करोड़ इकावन लाख महिलाओं को दस हजार की राशि देकर रोजगार करने को लेकर प्रोतसाहित किया गया है। बहुत सारे काम केन्द्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। मोदी को नमन किया। अब बिहार बहुत ज्यादा विकसित होगा। पहले वाली सरकार कुछ नहीं किया है। थरूहट क्षेत्र का विकास कराया गया है। 2005 से पहले पूरे राज्य में पढाई, स्वास्थ्य की व्यवस्था नहीं था। देश की प्रगति में बिहार का महत्वपूर्ण योगदान है। जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने भी सभा को संबोधित किया। अध्यक्षता व संचालन जदयू के जिला अध्यक्ष शत्रुधन कुशवाहा ने किया। सभा को एमएलसी वीरेन्द्र नारायण यादव, नन्दकिशोर चौधरी,आलोक पटेल, सुजीत कुमार यादव, नितिन उर्फ संजू श्रीवास्तव, ध्रूव कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, पूर्व विधायक दिलीप वर्मा, मिन्टू पांडेय आदि ने की

# नरेंद्र मोदी व नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास की रफ्तार हुई तेज : पवन सिंह

**भोजपुरी अभिनेता ने भाजपा प्रत्याशी लालबाबू प्रसाद गुप्ता के पक्ष में चुनावी सभा को किया संबोधित**



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के महंत जयनारायण पूरी उच्च माध्यमिक विद्यालय शिकारगंज के खेल मैदान में शुक्रवार को भोजपुरी फिल्मों के स्टार और भाजपा नेता पवन सिंह ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। चिरैया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लालबाबू प्रसाद गुप्ता के पक्ष में सभा को संबोधित करते हुए पवन सिंह ने कहा कि चारों तरफ विकास ही विकास दिख रहा है। मोदी-नीतीश की जोड़ी ने गांव-गांव में बिजली, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा की रोशनी पहुंचाई है। अब जनता को बस एक काम करना है 11 नवम्बर को कमल फूल छाप पर बटन दबाकर चिरैया का विधायक बड़े भैया लालबाबू जी को जीता कर भेज देना है, ताकि विकास की रफ्तार और तेज हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की ऐसी रफ्तार पकड़ी है, जिसे कोई रोक नहीं सकता। इससे पूर्व पवन सिंह के मंच पर पहुंचते ही युवाओं की बेकाबू भीड़ मोबाइल से सेल्फी लेने के लिए बैरिकेटिंग को तोड़कर मंच तक पहुंच गई। इस दौरान प्रेस दीर्घा में बैठे पत्रकार किसी तरह अपनी जान बचा कर वहां से निकल पाए। जिसके बाद पवन सिंह ने लोगों से हाथ जोड़कर शांति बनाए रखने की अपील की। उत्साही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज भी करना पड़ा। हालांकि चिरैया थानाध्यक्ष महेश कुमार एवं शिकारगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार खुद कमान संभाले हुए थे, लेकिन युवाओं में पवन सिंह के प्रति जोश इतना ज्यादा था कि पुलिस की एक ना चली। पवन सिंह का युवाओं और महिलाओं ने तालियों, सीटी और नारों से जोरदार स्वागत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा शिकारगंज के मंडल अध्यक्ष गांधी यादव व मंच का संचालन संजय कुमार सिंह ने की। मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री राकेश यादव, नीरज कुमार गुप्ता, राजीव रंजन कुशवाहा, जयराम प्रसाद निषाद, संजय प्रसाद, सूर्य नारायण प्रसाद, मधुरेंद्र प्रताप सिंह, टुनटुन सिंह, सोनेलाल प्रसाद, अनिल बैठा, चंदन पटेल, मिथलेश यादव समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बिहार के अंदर भी माफिया की शुरू हो गई उल्टी गिनती : सीएम योगी



- प्रथम चरण के चुनाव में कांग्रेस,आरजेडी और इनके सहयोगियों को कोई स्थान नहीं
- महिलाओं को आर्थिक मदद देकर स्वालंबी बनाया जा रहा
- पवन जायसवाल को विजयी बनाने की लोगों से किया अपील

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के अंदर भी अब माफिया की उल्टी गिनती शुरू हो गई है.उक्त बाते यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ढाका विधान सभा के भेलवा हाई स्कूल के खेल मैदान में एनडीए के भाजपा प्रत्याशी पवन जायसवाल समर्थन में जनसभा को संबोधित करते कहा.उन्होंने कहा कि बिहार के अंदर पहले चरण के मतदान ने साबित कर दिया है,कांग्रेस आरजेडी और उनके सहयोगियों के लिए कोई स्थान नहीं है. आप इनको विजयी बनाकर भेजेंगे तो जैसे यूपी के अंदर माफिया आज पस्त है और नौजवान मस्त है.बिहार के अंदर भी अब माफिया की उल्टी गिनती प्रारंभ हो गई है.जिन लोगों ने बिहार के गौरवशाली परम्परा को कलंकित कर बिहार को बांटने और लूटने का काम किया है वो खानदानी माफिया है इनको तो पक्का तय है कि अब इनकी हालत पतली होने वाली है.बहनों भाइयों जब 14 नवंबर को ईवीएम खुलेगा तब एक ही परिणाम आनेवाला है फिर एक बार एनडीए की सरकार.बहनों भाइयों आपने देखा होगा कैसे पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों के अंदर भारत की तकदीर और तस्वीर बदली है.इन 11सालों में आपने देखा होगा बिहार के अंदर आज सड़क भी है,बिजली भी है,पानी भी है.रेलवे की केंक्टिविटी भी है और एयर केंक्टिविटी भी आज बिहार के अंदर बेहतर हुई है.केंद्र और राज्य की सरकार कई लोक कल्याणकारी कार्य कर रही है.12करोड़ घरों में शौचालय बनाए गए, करोड़ों लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान दिए गए.तीन करोड़ लोगों को मुफ्त बिजली बिजली कनेक्शन दिया गया,गरीबों को आर्थिक मदद मिल रही है,महिलाओं को आर्थिक मदद देकर स्वावलंबी बनाया जा रहा है.सीएम योगी ने कहा आप याद करिए यह कांग्रेस लोग कहते थे कि राम हुए ही नहीं. आरजेडी के लोगों ने भगवान राम के विकास मंदिर के निर्माण के रथ यात्रा को रोकने का पाप किया था.इनके सहयोगी समाजवादी पार्टी ने राम भक्तों पर गोलियां चलाई थी.बहनों और भाइयों हम तब भी कहते थे कि राम लला हम आएंगे,लाठी गोली खाएंगे और आज अयोध्या में राम मंदिर बन गया है ना कोई संदेह है क्या और अब तो आपके पड़ोसी जिला में मां जानकी के धाम सीतामढ़ी में भी मां जानकी का भव्य मंदिर के निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है.यह काम केवल एनडीए ही कर सकता है,एनडीए ही करेगा.उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक नक्सल को पूरी तरह से समाप्त करना है.उन्होंने ढाका विधायक पवन जायसवाल को विजयी बनाने की अपील किया.मौके पर रा.लो.मो.के स्टार प्रचारक सह प्रदेश महासचिव रामपुकार सिन्हा,मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश सिंह काका,प्रमुख प्रतिनिधि भोला प्रसाद यादव,पूर्व मुखिया मनीष कुमार आदि।

### योगी आदित्यनाथ ने चम्पारण की धरती से विरोधियों को जमकर कोसा

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्सौल विधानसभा क्षेत्र के आदापुर अवस्थित भवनरी विद्यालय के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिन्हा के प्रचार में उतरे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यालय से हुंकार भरा, उन्होंने भाषण के शुरूआती ही भगवान श्री राम से की, माता सीता की जयकारे के साथ प्रारंभ हुई, बिहार को लूटने वाले आज कह रहे हैं की हमारी सरकार बनेगी तो कल-कारखाने लगेंगे, बेरोजगारों को काम देंगे,अभी जीत हुई नहीं नौकरियां बांट रहे हैं, इन्हें सिर्फ अपने पेट भरने से मतलब है,1990से 2005 तक सत्ता की मलाई मारने वाले , बिहार में अपराध की फैक्ट्रियां चलाने वाले, अपहरण वाले गिरोह के मदद गार, बलात्कार, महिलाओं की इज्जत आबरू लूटने वाले गिरोह, बिहार में जातिए संघर्ष के बीच नरसंहार की बीजारोपण करने अपने कलंक को धोने से नहीं मिटेगा। नये बिहार समृद्ध बिहार बनेगा,नितिश कुमार का बिहार होगा, डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद,वीरकुवर सिंह, कपूरी ठाकुर, इतिहास के पन्नों में दर्ज है,शारदा सिन्हा बालेश्वर ठाकुर, बिहार के पहचान है।

# प्रधानमंत्री के आगमन पर चनपटिया का कुड़िया कोठी मैदान बना नो ड्रोन जोन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री का कुड़िया कोठी मैदान में चुनावी भ्रमण कार्यक्रम के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विशेष एहतियात बरता जा रहा है। प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर प्रशासन ने क्षेत्र की हवाई सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कुड़िया कोठी मैदान को अस्थायी रेड जोन नो ड्रोन फ्लाई जोन घोषित किया है। यह प्रतिबंध 8 नवम्बर 2025 की रात्रि 8:00 बजे तक प्रभावी रहेगा।इस अवधि के दौरान कुड़िया कोठी मैदान से 05 किलोमीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के ड्रोन, हॉट एयर बैलून, पारा मोटर, पारा ग्लाइडर, पावर्ड हैंड ग्लाइडर, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट या इस प्रकार के किसी अन्य नॉन-कन्वेंशनल फ्लाइंग ऑब्जेक्ट के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इस निर्देश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति या संस्थान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिताएवं अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है। ड्रोन निगरानी प्रणाली, सीसीटीवी कैमरा, एंटी-ड्रोन उपकरण और सुरक्षा बलों की विशेष टीमें मैदान और आस-पास के इलाकों में तैनात की जा रही हैं।जिला प्रशासन ने आम नागरिकों, स्थानीय निवासियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के उड़ान उपकरण या ड्रोन कैमरे का उपयोग न करें और प्रशासन के निदेर्शों का पूर्ण पालन करें।

### प्रतीक एडवीन के आवास पर बम प्रहार, जांच में जुटी पुलिस

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रतीक एडविन शर्मा के कमलनाथ नगर स्थित घर पर अपराधियों ने बम विस्फोट की घटना को अंजाम दिया हैं। गुरुवार की देर शाम दो बाइक पर सवार पांच अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया हैं। नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में प्रतीक एडविन शर्मा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की जा रही हैं। बम सिर्फ आवाज करने वाला था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा हैं। शीघ्र ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार प्रतीक एडविन शर्मा अपने परिवार के लोगों के साथ कमलनाथ नगर स्थित आवास पर थे। इसी दौरान उनके घर के अहाते में चलती बाइक से अपराधियों ने बम फेंका।

# विकास रोकने वालों को मौका मिला तो अराजकता ही लौटेगी : योगी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया स्टेडियम में गुरुवार को आयोजित चुनावी सभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीखे शब्दों में विपक्ष पर प्रहार किया और बिहार में विकास के एजेंडे को पहली प्राथमिकता बताया। सभा में उन्होंने कहा कि राज्य को पूर्व की अराजकता और भय के दौर में वापस नहीं भेजा जाएगा और विकास को रोकने वालों को चुनाव में नकारा जाना चाहिए।योगी ने अपने संबोधन में 2005 से पहले के बिहार का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय यहां कानून की जीत नहीं, अपराध की हैसियत थी। उन्होंने आरोप लगाया कि तब अपहरण, गुंडागर्दी और बलात्कार जैसी घटनाएं सामान्य हो चुकी थीं, जबकि एनडीए शासन और नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने के बाद स्थिति में सुधार हुआ। सड़कों के निर्माण, स्वास्थ्य और शिक्षा के विस्तार व नए मेडिकल संस्थानों के उदय का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यही कारण है कि आज जनता 'लालटेन' नहीं, 'एलईडी' जैसी चमकदार सरकार चाहती है।

सभा में मौजूद लोगों ने भाजपा और नेता के समर्थन में नारे लगाए। योगी ने राजद पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके शासन के दौरान 30 हजार से अधिक अपहरण की घटनाएं हुईं और प्रशासन अपराधियों के सामने कमजोर नजर आता था। उन्होंने कहा कि ऐसा दौर अब लौटने नहीं दिया जाएगा और अपराध पर सख्ती बरती जा रही है।अपने भाषण में योगी ने कलाकार और वर्तमान विधायक विनय बिहारी की समर्थन में जोरदार वकालत की। उन्होंने विनय बिहारी को जनप्रिय और क्षेत्र के हितैषी बताते हुए कहा कि उन्हें भारी मतों से जीताकर क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। सभा का संचालन कौशल किशोर पांडेय ने किया। कार्यक्रम में यूपी के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, नगर मंडल अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, लड्डू सिंह, संजय मुखिया, दीपू तिवारी, विजय पांडेय, सुजीत तिवारी और आनंद सिंह सहित कई नेता मौजूद रहे और उन्होंने भी समर्थन में भाषण दिए।

# एलएनडी कॉलेज में आयोजित हुआ सामूहिक गायन कार्यक्रम



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के एल एन डी कॉलेज के स्वामी विवेकानंद सभागार में भारत सरकार के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनएसएस स्वयं सेवकों सहित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो (डॉ) राजेश कुमार सिंह ने कहा कि देश को एकसूत्र में बांधने में वंदे मातरम् गीत का अतुलनीय योगदान है। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ सुबोध कुमार ने वंदे मातरम् गीत के ऐतिहासिक महत्व को दशार्ते हुए कहा कि बंकिम चंद्र चटर्जी ने आनंद मठ नामक पुस्तक में इस गीत को संकलित किया। साथ ही कहा कि राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन का यह कार्यक्रम याद दिलाता है कि गुलामी के दौर के थोपे गए सांस्कृतिक प्रतीकों को खोजकर मिटाना होगा। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रविरंजन सिंह ने स्वयंसेवकों को बताया कि वंदे मातरम् गीत को 1896 में रविन्द्र ठाकुर टैगोर ने कलकत्ता के कांग्रेस अधिवेशन में सर्वप्रथम प्रस्तुत किया। मंच संचालन पूर्व एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अरविंद कुमार ने किया।महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ प्रभाकर कुमार ने बताया कि सालभर तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य एकता और बलिदान के मूल्यों को उजागर करने के लिए मातृभूमि के प्रति हमारे आभार को व्यक्त करना है।

# भोजपुरी के पवार स्टार ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में की जनसभा

**खेसारी ने राजद के पक्ष में किया रोड शो, उमड़ी भीड़**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को भाजपा एवं राजद ने अपना अपना शक्ति प्रदर्शन किया है। एक तरफ जहां भाजपा प्रत्याशी संजय पाण्डे के पक्ष में भोजपुरी सिनेमा जगत के पवार स्टार काहे जाने वाले पवन सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के भंटाडीह में जनसभा की और एनडीए के पक्ष में मतदान कर बिहार के विकास में अपना योगदान सुनिश्चित करने की अपील की। अपने संबोधन के दौरान पवार स्टार ने नरकटियागंज के मिट्टी से निकले भोजपुरी जगत के रजनीश मिश्रा के बारे में लोगो को अवगत कराते हुए कहा कि श्री मिश्रा ने उनके लिए सबसे हिट गाना लिखा था। अभिनेता ने जोड़ी मोदी व नीतीश के हिट होई आदि गानों पर झूमते हुए कहा कि नरकटियागंज की माटी पर फिर से कमल खिलेगा और बिहार के विकास पुरुष कहे जाने वाले नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनेगी। कार्यक्रम के दौरान भोजपुरी अभिनेता को देखने व सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी रही। लोग छत व पेड़ पर चढ़ कर गए। वही भीड़ को काबू करने के लिए सुरक्षा कर्मियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। वही दूसरी तरफ राजद प्रत्याशी दीपक यादव के पक्ष में भोजपुरी सिनेमा जगत के ट्रेंडिंग स्टार व राजद नेता खेसारी लाल यादव ने रोड शो किया हैं। इस दौरान निर्धारित रूट मैप के अनुसार खेसारी से देवराज के बगही तेलपुर से रोड शो की शुरूआत की जो कंधवलिया, बस्वरिया चौक, ब्यासपुर चौक, धुमनगर, हरदिया चौक होते हुए शिवगंज पोखरा चौक, हाई स्कूल चौक, हॉस्पिटल चौक, वर्मा चौक, पकड़ी ढाला तक रोड शो कर राजद प्रत्याशी दीपक यादव के पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान लालू बिना ई बिहार ना चली आदि गानों पर लोग झूमते नजर आए। रोड शो के समाप्ति के बाद खेसारी लाल यादव रेलवे मिडिल स्कूल में बनाये गए हेलीपैड से रवाना हो गए। इस रोड शो में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। रोड शो के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। सड़क जाम होने से आम जनता को इस मार्ग से आवागमन में काफी परेशानी हुई।

### भाजपा की चुनावी सभा में पवन सिंह ने की वोट की अपील

**नौतन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय श्रीराम खेल मैदान में शुक्रवार को सिने स्टार पवन सिंह का जैसे हेलीकॉप्टर पहुंचा की युवाओं व मतदाओं ने अपना धैर्य खोते हुए बेरिकेट तथा कुर्सी व पंडाल तोड़ते हुए मंच तक आ पहुंचे।जहां सुरक्षा में तैनात पुलिस व सेना के जवानों को भीड़ संभालने में काफी मशक्कत करना पड़ा। हालांकि सिने स्टार पवन सिंह ने भीड़ का अभीवादन कर मतदाताओं से आज्ञा लेकर भाजपा प्रत्याशी नारायण प्रसाद को विजय माला पहनाकर चल दिये।इस बीच एक घंटे तक काफी भीड़ रही ।तथा पुरा सड़क जाम रहा।करीब साढ़े तीन बजे पहुंचे पवन सिंह को सुनने के लिए मतदाताओं को करीब चार घंटा तक इंतजार करना पड़ा। भीड़ से खचा खच भरे खेल मैदान में लोगो की उत्सुकता देख मंच पर करीब सात मिनट समय देने वाले सिने स्टार ने लोगों की भीड़ देख अपनी उत्सुकता जाहीर कर एनडीए के पक्ष में भाजपा को चुनाव करने की अपील किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अरूण कुशवाहा तथा संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष छोटेलाल कुशवाहा ने की। कार्यक्रम को जदयू के प्रदेश नेता बृजेश कुशवाहा,उतर प्रदेश के मंत्री सोमेन्द्र तोमर,देविदलाल प्रसाद, चंद्रमा सिंह,अवध किशोर सिंह,पप्पु सिंह, विरेन्द्र सिंह, चंद्रशेखर राव,राधा कृष्ण कुशवाहा,अभिषेक यादव आदि ने भी संबोधित किया।

## एक नजर

### जीविका दीदियों ने दिखाई मतदाता जागरुकता की मिसाल

**नवादा**। हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के धनवा पंचायत अंतर्गत धनवा मसाला जीविका महिला ग्राम संगठन की दीदियों द्वारा आज विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। दीदियों ने समूह बैठकों, संवाद कार्यक्रमों एवं जनसम्पर्क के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के महत्व से अवगत कराया तथा आगामी 11 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। अभियान के दौरान दीदियों ने "एक भी मत न छूटे", "लोकतंत्र की पहचान – मतदान" जैसे नारे लगाकर लोगों में उत्साह का संचार किया। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का प्रतीक है।

### स्काउट गाइड ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**नवादा**। राजकीयकृत कन्या इंटर विद्यालय, नवादा में स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रैली निकालकर तथा पोस्टर, नारे और जागरूकता संदेशों के माध्यम से आमजन को मतदान के महत्व से अवगत कराया।
अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं ने "मतदान करें, अधिकार निभाएं" एवं "पहले मतदान, फिर जलपान" जैसे नारे लगाकर लोगों को आगामी 11 नवम्बर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिसर में आयोजित शपथ समारोह में सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगे और अपने आस-पास के लोगों को भी मतदान हेतु प्रेरित करेंगे।

### जीविका दीदियों ने वोट को लेकर लोगों को किया जागरूक

**नवादा**। रजौली विधानसभा क्षेत्र में आज जीविका दीदियों के द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जिला स्वीप आइकॉन बुल्लू कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मतदान के महत्व पर विस्तृत रूप से जानकारी दी और आगामी 11 नवम्बर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की अपील की। बुल्लू कुमार ने कहा कि "मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने का सबसे बड़ा माध्यम है।" उन्होंने जीविका दीदियों से आग्रह किया कि वे गांव-गांव जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें और यह संदेश दें कि "हर वोट जरूरी है।" अभियान के दौरान जीविका दीदियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगी और दूसरों को भी मतदान हेतु प्रेरित करेंगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न विभागों के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किए जा रहे हैं, ताकि प्रत्येक मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सके।

### जन-जागरूकता अभियान आयोजित



**नवादा**। हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नरहट प्रखंड में आज मतदाता जन-जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों, बच्चों, महिलाओं तथा दिव्यांग जनों को मतदान के महत्व की जानकारी दी और आगामी 11 नवम्बर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की। अभियान के दौरान रैली निकालकर "मतदान करें, लोकतंत्र को मजबूत करें" एवं "पहले मतदान, फिर जलपान" जैसे नारे लगाते हुए लोगों में जागरूकता फैलाई गई। सेविकाओं ने लोगों से संकल्प दिलाया कि वे स्वयं मतदान करेंगे और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

### मतदाता जागरुकता हेतु समाहरणालय गेट व सद्भावना चौक पर लगाया गया बलून




**नवादा**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के मद्देनज़र जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार स्वीप (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत समाहरणालय गेट एवं सद्भावना चौक पर मतदाता जागरूकता संबंधी संदेश से युक्त बड़े आकार के बलून का अधिष्ठापन किया गया। इन बलूनों का उद्देश्य नागरिकों को मतदान के प्रति प्रेरित करना तथा अधिक से अधिक मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करना है। यह दृश्यात्मक माध्यम लोगों का ध्यान आकर्षित कर उन्हें लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रयोग हेतु प्रेरित करेगा। नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग न बताया कि निर्वाचन के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाने के लिए जिले में विभिन्न नवाचारी पहलें की जा रही हैं, जिनमें यह बलून अधिष्ठापन भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आम मतदाताओं से अपील की कि वे 11 नवंबर 2025 को अवश्य मतदान कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### वृद्धजन व दिव्यांगजन को किया गया जागरूक

**नवादा**। 7 नवम्बर 2025 को बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र बुनियाद केंद्र, हिसुआ में वृद्धजन एवं दिव्यांगजन लाभार्थियों के साथ विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करते हुए वृद्धजनों एवं दिव्यांग मतदाताओं को उनके मतदान अधिकार, सुविधाओं तथा निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विशेष व्यवस्थाओं के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों को घर से मतदान केंद्र तक पहुंचाने हेतु उपलब्ध व्हीलचेयर, रैम्प, वाहन सुविधा, पोस्टल बैलेट (पीडब्ल्यूडी एवं 80+ मतदाता) जैसी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्हें मतदान की तिथि, मतदान की प्रक्रिया तथा अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

### वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

नवादा। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं मुख्य सचिव, बिहार सरकार के निर्देशानुसार वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समाहरणालय, नवादा परिसर में भव्य सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में गरिमामयी एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई। समाहरणालय के विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों, कर्मियों, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्ण सहभागिता निभाई। वंदे मातरम् के सुरों से पूरा परिसर गूंज उठा और देशभक्ति का अनुपम वातावरण निर्मित हुआ। इस अवसर पर अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा सदर, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही जिले के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों, शिक्षकों, समाहरणालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति थी।

# डीएम-एसपी ने किया वज्रगृह का निरीक्षण

**इवीएम की त्रिस्तरीय सुरक्षा**




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। प्रथम चरण में जिले में पूरी तरह शांतिपूर्ण तथा पारदर्शिता के साथ गुरुवार को सातों विधानसभा में मतदान संपन्न हो गया। जिले के सुदूरवर्ती इलाकों के बूथों से भी इवीएम सुरक्षित नालंदा कालेज अवस्थित वज्रगृह में सुरक्षाबलों की निगरानी में मतदान कर्मी रात्रि तक पहुंचा दिए थे। वज्रगृह में प्रत्याशियों व प्रत्याशियों के प्रतिनिधि के देख-रेख में इवीएम व वीवीपैट विधानसभा वार बनाए गए वज्रगृह में कैद कर दिया गया था। उक्त वज्रगृह के अंदर-बाहर चप्पे-चप्पे पर तीसरी आंख यानी सीसीटीवी निगरानी कर रही है। शुक्रवार को नालंदा कालेज अवस्थित वज्रगृह की सुरक्षा व लगातार वहां कि गतिविधियों की 24 घंटे वीडियो रिकार्डिंग कर रहे सीसीटीवी कैमरे की स्थलीय निरीक्षण डीएम-एसपी करने गए थे। नालंदा कालेज में डीएम-एसपी इवीएम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान प्रथम लेयर करी व्यवस्था के तहत अंदर की सुरक्षा की जवाबदेही निभा रहे केंद्रीय सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) के जवानों तथा उसके प्लाटून कमांडर से 24 घंटे सुरक्षा करते देखा। वहीं दूसरे लेयर की सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रतिनियुक्त स्टेट आर्म्स फोर्स की तैनाती का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त जो तीसरे लेयर की सुरक्षा व्यवस्था है उसमें वज्रगृह से 150 मीटर की दूरी पर ड्राप गेट है, जहां जिला सशस्त्र बल के जवान तैनाती 24 घंटों के लिए किया गया है। इसके अतिरिक्त मुख्य प्रवेश मार्ग अंदर वाले मार्ग से संपूर्ण नालंदा कालेज परिसर में भ्रमणशील रहकर 2-8 पुलिस बल 24 घंटे कर रहे हैं। वहीं विधानसभा वार बने वज्रगृह के चारों तरह लगाए गए सीसीटीवी कैमरे में प्रत्याशी या उसके कार्यकर्ता पूरी तरह वहां कि गतिविधियों को देख सकते हैं इस बार ऐसी व्यवस्था किया गया है। वहीं नालंदा कालेज में जो भी पदाधिकारी या अन्य कोई अगर आ रहा है तो उसकी वीडियो रिकार्डिंग करने के लिए सीआरपीएफ को वीडियो कैमरा उपलब्ध कराया गया है। वहीं वज्रगृह परिसर की संपूर्ण व्यवस्था का प्रभार नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा को है तथा नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला पंचायती राज पदाधिकारी मनोहर कुमार साहू, वरीय कोषांगार पदाधिकारी राजेश राम तथा पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय तारकेश्वर प्रसाद सिंह को दिया गया है। निरीक्षण के दौरान डीएम-एसपी सभी बिन्दुओं पर नजर दौडाकर उसका अवलोकन किए। डीएम ने बताया कि वज्रगृह में उपस्थित रहने वाले कार्यकर्ता को अपने साथ फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र एवं वज्रगृह प्रवेश पत्र अनिवार्य है। वहीं निगरानी करने वाले कार्यकर्ता अपने साथ किसी प्रकार अस्त्र-शस्त्र एवं ज्वलशील पदार्थ रखना पूर्णतया वर्जित रहेगा।

## न्यू एरिया में एनडीए प्रत्याशी विभा देवी का जोरदार स्वागत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे सरगर्मी के बीच में नवादा विधानसभा से प्रत्याशी रही एनडीए की विभा देवी को नवादा के न्यू एरिया पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वारसलीगंज विधानसभा क्षेत्र की विधायक अरुणा देवी के आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम के तहत वहां पूर्व जिला पार्षद अखिलेश सिंह के द्वारा एनडीए प्रत्याशी विभा देवी पूर्व मंत्री राजबल्लभ प्रसाद का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर मोहल्ले के गण्यमान्य लोग मौजूद रहे। जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रामानुज कुमार, जदयू नेता अजय कुमार रविकांत, श्रीकांत सिंह , मथुरा यादव, नंदकिशोर चौरसिया सहित कई लोगों ने इस बार के विधानसभा चुनाव में एनडीए उम्मीदवार विभा देवी को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। साथ ही कहा कि बिहार में विकास के लिए एनडीए गठबंधन का होना जरूरी है। किसी भी भावना में नहीं बहकर सिर्फ और सिर्फ बिहार के विकास के लिए एनडीए प्रत्याशी को वोट करना है। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री राजवल्लभ प्रसाद ने भी कहा कि बिहार के विकास के लिए वोट कीजिए। चुनाव के बाद जो भी संभव हो पाएगा मैं सभी का ख्याल रखूंगा। इस मौके पर काफी संख्या में पुरुष और महिलाएं मौजूद रही। कार्यक्रम को जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, उपाध्यक्ष निशा चौधरी, नवीन कुमार फेंकू, राजेश कुमार, रवि कुमार, विनय कुमार सिन्हा सहित कई गण्यमान्य लोगों ने भी संबोधित किया।

## फिल्म अभिनेता सागर इंडिया नए वोटरों को कर रहे हैं जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। अपने लिखे कविता गीत से, मतदाताओं को कर रहे हैं जागरूक। उनकी टीम में फिल्म अभिनेत्री बिहार की डोरेमोन अनुराधा पंडित और आदित्य वर्धन, आयुष राज, सचिन कुमार, राजा आदि मिलकर एड फिल्म बनाकर नए वोटरों और मतदाताओं को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। उनके बनाए एड फिल्म सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे हैं।
वही बच्चों की फेवरेट डोरेमोन की आवाज में, अनुराधा पंडित मतदान की अपील कर रही है कार्टून कैरेक्टर डोरेमोन, नोबिता, शिन-चैन लिटिल कृष्णा, रेलवे की अनाउंसमेंट आदि की आवाज में, बड़े ही नाटकीऊ अंदाज में अपनी प्रस्तुति से इस बिहार विधानसभा चुनाव में आगामी 11 नवंबर को होने वाले चुनाव में, अधिक से अधिक संख्या में युवाओं और सभी मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित कर रही हैं।
वही फिल्म अभिनेता सागर इंडिया और अनुराधा पंडित की यह जोड़ी मतदाताओं को और सोशल मीडिया पर भी बहुत पसंद की जा रही है। कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से इनके वीडियो पोस्ट किए जा रहे हैं। सागर इंडिया की कविता और गीत,
अधिकार वोट मेरा, मतदान करें हम।
अपने उंगलियों की ताकत की पहचान करें हम मतदान करें हम।
खूब पसंद किया जा रहा है, वह मगही में भी गीत गाकर मतदाता जागरूकता कर रहे हैं, गीत के बोल हैं जो लोक धुन पर आधारित है।
मगही में गीत के बोल हैं। वोटबा जरूरी है जी, देशवा के शान में, राष्ट्र धर्म ई भी है जी, राष्ट्र निर्माण में।
चौखट संस्था के बैनर तले फिल्म अभिनेता सागर इंडिया और उनकी पूरी टीम मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे है। वह पिछले कई दिनों से जिले के अलग-अलग लोगों से मिलकर नुक्कड़ नाटक, गीत, संगीत, कविता के माध्यम से लोगों से मतदान करने की अपील कर रहे हैं।
इसी क्रम में, यादव चौक स्थित एंबीशन कैरियर इंस्टिट्यूट में, नए वोटरों के साथ उन्होंने जन संवाद किया और उन्हें शपथ भी दिलाई और अपने कविता गीत और अपने टीम के प्रस्तुति के माध्यम से नए वोटरों को जागरूक भी किया, इसमें इंस्टिट्यूट के प्रमुख अमित राज सर, विकास कुमार, विक्रम कुमार, सोनू कुमार, शुभम राज आदि शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### मोगलकुआं गुरुद्वारा में 9 को मनाई जाएगी गुरुनानक जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। मोगलकुआं गुरुद्वारा में रविवार नौ नवम्बर को श्री गुरुनानक देव जी की जयंती का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी बिहार सिख फेडरेशन पटना साहिब के संस्थापक भाई त्रिलोक सिंह निषाद व भाई सरदार वीर सिंह ने दी। बताया कि कार्तिक पूर्णिमा को पटना साहिब गुरुद्वारा में देशभर से श्रद्धालु जुटते हैं, इसलिए बिहारशरीफ में यह आयोजन नौ नवम्बर को किया जाएगा। कार्यक्रम धर्म प्रचार कमेटी के अध्यक्ष सरदार महेंद्र पाल सिंह ढिल्लन के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। जयंती समारोह में गुरु नानक देव जी के उपदेशों और जीवन दर्शन पर चर्चा की जाएगी। भाई त्रिलोक सिंह ने बताया कि गुरुनानक देव ने मानवता, समानता, सत्य और सेवा का संदेश दिया था।

## दो सौ कैडेटों ने मतदान प्रक्रिया में स्वयं सेवक की भूमिका में दी सेवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालन्दा जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत गुरुवार को मतदान शांति, पारदर्शी और भयमुक्त माहौल में सम्पन्न हुआ। मतदाताओं में लोकतांत्रिक उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बलों की सख्त निगरानी तथा अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग के कारण पूरे दिन मतदान शांतिपूर्ण रहा। इस दौरान 38 बिहार बटालियन एनसीसी के लगभग 200 कैडेटों ने मतदान प्रक्रिया में स्वयं सेवक की भूमिका निभाते हुए विभिन्न मतदान केंद्रों पर अपनी सेवाएं दी। कैडेटों ने विशेष रूप से वृद्ध, दिव्यांग एवं जरूरतमंद मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने में सहयोग किया, जिससे उन्हें मतदान में किसी प्रकार की असुविधा न हो। 38 बिहार बटालियन के समादेशी पदाधिकारी कर्नल राजेश बाहरी के नेतृत्व में यह सेवा अभियान संचालित किया गया। उन्होंने बताया कि कैडेटों में देश और समाज के लिए योगदान देने की भावना स्वाभाविक रूप से विद्यमान है, और ऐसे अवसर उनके चरित्र व जिम्मेदारी बोध को और मजबूत करते हैं। इस कार्य को सफल बनाने में लेफ्टिनेंट कर्नल अजय कुमार (प्रशासनिक अधिकारी), सूबेदार मेजर लॉलिंद्र टिग्गा, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार रुपेश गुरुंग सहित पीआई स्टाफ एवं अन्य प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कैडेटों की इस सेवा भावना और सजगता से मतदान केंद्रों पर बेहतर व्यवस्था और सहयोगपूर्ण माहौल सुनिश्चित हुआ, जिसकी सराहना मतदाताओं और प्रेक्षकों द्वारा की गई।

## मतदान केंद्रों की तैयारियों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार विधानसभा चुनाव को स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने हेतु आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने 237-नवादा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, नवादा स्थित मतदान केंद्र संख्या 320, 321, 322, 323, 324 एवं 325 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुगम पहुंच, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था एवं रैंप जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया ।
प्रखंड विकास पदाधिकारी, नवादा सदर द्वारा यह जानकारी दी गई कि इस परिसर में दो पिंक बूथ एवं मॉडल मतदान केंद्र का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें महिला मतदाताओं एवं अन्य मतदाताओं के लिए बेहतर सुविधाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं।
निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ से मतदाता सूचना पर्ची के वितरण की प्रगति के विषय में जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन मतदाताओं तक अभी तक मतदाता पर्ची नहीं पहुंची है, उन्हें यथाशीघ्र पर्ची उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रत्येक मतदाता मतदान दिवस से पूर्व मतदान प्रक्रिया के प्रति पूरी तरह से तैयार एवं जागरूक हो सके।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूचना पर्ची प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। यह मतदाताओं को मतदान केंद्र की जानकारी, क्रम संख्या एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करती है, जिससे वे बिना किसी असुविधा के मतदान कर सकें।

## रामलाल इण्टर विद्यालय में मतदाता जागरूकता रैली का व्यापक प्रभाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। प्रखंड क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत स्थित रामलाल इण्टर विद्यालय तारगीर,रजौली में बच्चों के द्वारा शुक्रवार को एक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक राणा रंजीत आजाद के नेतृत्व में निकाली गई, इस रैली ने क्षेत्र में व्यापक प्रभाव छोड़ रखा है। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के जोरदार नारों ने लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। विशेष रूप से, 'चांद पर चंद्रयान, धरती पर मतदान','जो प्रलोभन में न आये, जागरूक मतदाता कहलाए', और 'जन जन का नारा है, मतदान अधिकार हमारा है' जैसे गुंजायमान नारों ने सबका ध्यान आकर्षित किया। प्रधानाध्यापक राणा रंजीत आजाद ने कहा कि लोकतंत्र में हर वोट कीमती है और युवाओं को इस जिम्मेदारी को समझना चाहिए। इस रैली के माध्यम से विद्यालय ने समाज में जागरूक मतदान का संदेश सफलतापूर्वक पहुंचाया। मतदान के प्रति उत्साह और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित इस रैली में इकोक्लब, बाल संसद और यूथ क्लब के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। रैली में मौजूद मुख्य प्रतिभागी बच्चों में नैंसी, खुशबू, सोनाली, चांदनी, प्रिया , मोनिका, साइमा, इकोक्लब के रोहित, इंदु, करिश्मा, सिमरन, ज्योति, प्रियंका, रिया, स्वीटी, आंसू,अदिति, रवि, अभिषेक, शिवानी, रितु, स्तुति, कोमल, बाल संसद, यूथ क्लब के सदस्य और रीमा आदि बच्चों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया।

## प्रशांत किशोर ने नवादा में किया रोड शो



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को नवादा जिले में रोड शो कर जिले के सभी पार्टी प्रत्याशियों के साथ ही नवादा के डॉ अनुज सिंह को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। गया के रास्ते तुंगी होकर नवादा पहुंचे प्रशांत किशोर को नवादा के प्रत्याशी डॉ अनुज सिंह ने नवादा विधानसभा क्षेत्र की सीमा नारदीगंज प्रखंड के दयाली बीघा मोड़ के पास सैकड़ो वाहनों के काफिले के साथ स्वागत किया । कई जगह पर जेसीबी से प्रशांत किशोर के ऊपर फूल बरसाए गए। नारदीगंज, कहुआरा बाजार, नवादा के गोंदापुर चौक, नवादा के सद्भावना चौक, रजौली बस स्टैंड, प्रजातंत्र चौक पर प्रशांत किशोर ने भारी संख्या में जुटे मतदाताओं से नवादा के प्रत्याशी डॉ अनुज सिंह को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। प्रशांत किशोर ने कहा कि इस बार अपने बेटे को शिक्षा, अपने बेटों को रोजगार, बिहार से पलायन रोक कर विकसित बिहार बनाने के उद्देश्य से जात-पात की भावना से ऊपर उठकर मतदान करें। तभी आप अपने बच्चों को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज तक जितने सरकार बनी सब अपने परिवार व अपने लोगों के लिए काम किया। लेकिन बिहार के गरीबों के लिए किसी ने नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि एनडीए तथा महागठबंधन के नेताओं के भरम जाल में नहीं रहे। महागठबंधन ने 15 वर्षों तक तथा एनडीए ने बिहार में 20 वर्षों तक शासन किया है तब भी बिहार की बदहाली खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि लाखों लोग पलायन कर रोजगार के लिए दूसरों राज्यों में मारे मारे फिर रहे हैं, तब भी बिहार की बदहाली खत्म नहीं हुई है। प्रशांत किशोर ने कहा कि लाखों लोग पलायन कर रहे हैं। इसलिए नवादा के बेटा डॉ अनूज सिंह को वोट देकर भारी मतों से विजय बनाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि राजनीति में प्रशांत किशोर पैसा कमाने नहीं आया है। बल्कि बिहार में जन्म लेने के कारण बिहार का कर्ज चुकाने आया है। उन्होंने कहा कि नवादा में उनका रोड शो ऐतिहासिक रहा। उन्होंने नवादा के प्रत्याशी डॉ अनुज सिंह को बेहतर शिक्षा विद के साथ बेहतर राजनेता बताते हुए कहा कि आप बुलंदी से चुनाव लड़ रहे हैं। भारी मतों से चुनाव जीतकर आप नवादा वासियों की सेवा करेंगे।


**Format C-1**

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: PRAMOD KUMAR SINGH, Vill-Kamat, P.S+P.O- Aurangabad, Bihar, 824101

Name of political party : JANATA DAL UNITED

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of Constituency : 224-RAFIGANJ

I PRAMOD KUMAR SINGH a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | CJM,Aurangabad | Case No. Madanpur 245/19 | For Charge | 353,147,148,149,504 IPC |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1. | ADJ 2, MAHASAMUND | 148,324/149 IPC | ONE YEAR RI & FINE RS. 1000 |
| 2. | ARUN NORGE, JM FIRST CLASS MAHASAMUND | 148,323/149 IPC | ONE YEAR RI & FINE RS. 1000 |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# एनटीपीसी कहलगांव में 51वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

## नवसृजन, दक्षता और समर्पण की भावना से आगे बढ़ते रहने को किया गया प्रेरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कहलगांव।** एनटीपीसी कहलगांव में आज 51वाँ स्थापना दिवस समारोह बड़े ही उत्साह, गरिमा एवं औपचारिकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक भवन प्रांगण में किया गया, जहाँ परियोजना प्रमुख रबीन्द्र पटेल द्वारा एनटीपीसी ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात एनटीपीसी संगठन गीत का सामूहिक गायन हुआ, जिसके उपरांत सीआईएसएफके जवानों द्वारा आकर्षक एवं अनुशासित ध्वज सलामी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम स्थल पर अनुशासन, ऊर्ज़ा और देशभक्ति का अद्भुत वातावरण सुस्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर हुआ। इसके पश्चात परियोजना प्रमुख महोदय ने प्रेरणादायी संबोधन दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एनटीपीसी कहलगांव सदैव राष्ट्र की ऊर्ज़ा सुरक्षा, संचालन उत्कृष्टता, पर्यावरणीय संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्ज़ा विस्तार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्ध रहा है और भविष्य में भी अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवसृजन, दक्षता और समर्पण भावना के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहने हेतु प्रेरित किया। आज ही 'वंदे मातरम' गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के पावन उपलक्ष्य में, समारोह में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगीतवंदे मातरम्का सामूहिक एवं भावपूर्ण गायन किया गया, जिससे समारोह का वातावरण और अधिक गरिमामय हो उठा। अगले चरण में परियोजना प्रमुख महोदय द्वारा अधिकारियों तथा यूनियन/ एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण को स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए। इसके उपरांत स्थापना दिवस के प्रतीक स्वरूप केक काटा गया एवं बैलून रिलीज़ कर उत्सव के उल्लासपूर्ण क्षणों का साझा आनंद लिया गया। तत्पश्चात नई दिल्ली स्थित कॉरपोरेट केंद्र में आयोजित केंद्रीय स्थापना दिवस कार्यक्रम का ध्वजारोहण एवं अध्यक्ष-प्रबंध निदेशक, एनटीपीसी लिमिटेड का संबोधन, सीधा प्रसारण के माध्यम से सामूहिक रूप से देखा गया। स्थापना दिवस के अवसर पर परिसर को राष्ट्रीय रंगों की थीम के साथ आकर्षक रूप से सजाया गया। संपूर्ण टाउनशिप एवं संयंत्र क्षेत्र में रंग-बिरंगी झालरों, पुष्प-सज्जा एवं प्रकाश-व्यवस्था के कारण उत्सव, गौरव और एकता का विशेष वातावरण अनुभव किया गया।




# जिले भर में रहेगा विशेष प्रतिबंध लागू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले में मतदान समाप्ति के उपरांत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126(क) के अंतर्गत विशेष प्रतिबंध लागू किया गया है।इस धारा के तहत अब किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल या ओपिनियन पोल का संचालन, प्रकाशन अथवा प्रसारण करना या कराना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया कि यह प्रतिबंध 06 नवंबर 2025 को प्रातः 7 बजे से लेकर अंतिम चरण के मतदान 11 नवंबर 2025 को संध्या 6:30 बजे तक प्रभावी रहेगा।इस अवधि में कोई भी मीडिया संस्थान, राजनीतिक दल, उम्मीदवार या आम नागरिक टेलीविजन, रेडियो, सिनेमा, इंटरनेट, सोशल मीडिया या किसी अन्य इलेक्ट्रनिक माध्यम से एग्जिट पोल अथवा ओपिनियन पोल से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी का प्रकाशन या प्रसारण नहीं कर सकते है।उन्होंने स्पष्ट किया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 का उल्लंघन करने पर दो वर्ष तक के कारावास, या जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मीडिया संस्थानों, पत्रकारों, राजनीतिक प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें तथा निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

# अंधकार की घोर निशा में ज्योति किरण बनी एनटीपीसी

## 51वें स्थापना दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए चार कर्मचारियों को प्रदान किया गया पावर एक्सेल पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** एनटीपीसी बरौनी थर्मल पावर स्टेशन में शुक्रवार को एनटीपीसी लिमिटेड का 51वां स्थापना दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। परियोजना प्रमुख (बरौनी) जयदीप घोष ने प्रशासनिक भवन प्रांगण में एनटीपीसी ध्वज फहराते हुए उपस्थित कर्मचारियों, सीआईएसएफ कर्मियों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। ध्वजारोह्ला के उपरांत एनटीपीसी गीत अंधकार की घोर निशा में ज्योति किरण बनकर हम छाये सामूहिक रूप से गाया गया। जिससे पूरा परिसर देशभक्ति और ऊर्जा से गूंज उठा। अपने संबोधन में श्री घोष ने कहा कि भारत सरकार द्वारा देश को निर्बाध एवं विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 7 नवम्बर 1975 को एनटीपीसी लिमिटेड की स्थापना की गई थी। आज एनटीपीसी 84,849 मेगावाट की संस्थापित क्षमता के साथ भारत की अग्रणी एकीकृत ऊर्जा कंपनी बन चुकी है। वर्ष 2032 तक 150 गीगावट की क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें 60 गीगावट स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर, जल एवं पवन से उत्पन्न होगा। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी अब केवल कोयला आधारित उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि हाइड्रोजन, अमोनिया, बैटरी स्टोरेज तथा परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भी अग्रसर है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी बरौनी न केवल विद्युत उत्पादन में बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में भी निरंतर अग्रणी है। समीपवर्ती गांवों के स्कूलों को शैक्षणिक सहायता, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर, और शौचालय निर्माण जैसे कार्यों से सशक्त किया जा रहा है। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्थानीय लोगों को घर-घर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। बेगूसराय जिले में 89 स्थलों पर हाई मास्ट लाइट लगाने का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इस वर्ष दूसरी बार बालिका सशक्तिकरण मिशन कार्यक्रम का सफल आयोजन भी एनटीपीसी बरौनी में किया गया। समारोह में उत्.ष्ट कार्य के लिए चार कर्मचारियों को पावर एक्सेल पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन केक काटने और रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़ने के साथ हुआ। समारोह में एनटीपीसी परिवार, सीआईएसएफ कर्मी एवं सहयोगी संस्थाओं के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




# अडानी पावर को बिहार में 2,400 मेगावाट की बिजली परियोजना आवंटित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** बिहार सरकार ने प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया के बाद भागलपुर जिले में 2,400 मेगावाट की पीरपैंती ताप बिजलीघर का ठेका अदाणी पावर लिमिटेड को दे दिया है। इस कंपनी ने तीन अन्य दावेदारों की तुलना में सबसे कम बिजली दर की बोली लगाई थी। निविदा प्रक्रिया से जुड़े सूत्रों ने कहा कि अदाणी पावर ने इस परियोजना के लिए 6.075 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई थी जो टोरेंट पावर, जेएसडब्ल्यू एनर्जी और ललितपुर पावर जनरेशन की बोलियों की तुलना में सबसे कम है। इस दर में 4.165 रुपये प्रति यूनिट का स्थायी शुल्क और 1.91 रुपये प्रति यूनिट का ईंधन शुल्क शामिल है। बिहार सरकार ने इसे 'अत्यंत प्रतिस्पर्धी दर' बताते हुए कहा कि हाल में मध्य प्रदेश में इसी तरह की एक परियोजना के लिए लगाई गई बोली में स्थायी शुल्क 4.222 से 4.298 रुपये प्रति यूनिट रहा है। राज्य सरकार ने यह खुली निविदा राज्य की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के लिए जारी की थी। अनुमान है कि 2034-35 तक राज्य की बिजली मांग दोगुनी होकर 17,000 मेगावाट से अधिक हो जाएगी। टोरेंट पावर ने इसके लिए 6.145 रुपये प्रति यूनिट, ललितपुर पावर ने 6.165 रुपये प्रति यूनिट और जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने 6.205 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई थी। सूत्रों ने कहा कि सभी प्रस्तावों का मूल्यांकन ई-बोली प्रणाली से किया गया ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहे। इस परियोजना में लगभग 30,000 करोड़ रुपये का निवेश होने की संभावना है, जिससे राज्य में औद्योगिक गतिविधि और रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। हालांकि अदाणी समूह की इस कंपनी को इस बिजली परियोजना का आवंटन राज्य में जारी विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के बीच राजनीतिक विवाद का मुद्दा बन गया है। पूर्व केंद्रीय बिजली मंत्री आर. के. सिंह ने बिहार में 'बिजली खरीद में घोटाले' के आरोप लगाए हैं। विपक्षी दल कांग्रेस के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अदाणी समूह को बिहार में विशेष रियायतें दी जा रही हैं। छह रुपये प्रति यूनिट की दर पर बिजली खरीदने का प्रस्ताव गरीबों और मध्यम वर्ग के पैसे को मोदी के करीबी उद्योगपतियों की झोली में डालने जैसा है। हालांकि सूत्रों ने परियोजना आवंटन को लगाए गए इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि 6.075 रुपये प्रति यूनिट की दर उत्पादन लागत में हाल की वृद्धि के बावजूद प्रतिस्पर्धी है और इसमें अदाणी पावर को किसी तरह की रियायत नहीं दी गई। परियोजना के लिए चिह्नित जमीन राज्य सरकार के स्वामित्व में है और उसे नाममात्र किराये पर बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, 2025 के तहत पट्टे पर दिया गया है। परियोजना की अवधि पूरी होने के बाद वह जमीन फिर से राज्य सरकार को मिल जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि अदाणी पावर को कोई विशेष छूट नहीं दी गई है और कंपनी को ही इस बिजली संयंत्र का विकास एवं संचालन करना होगा। भागलपुर परियोजना को सबसे पहले 2012 में बिहार राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड ने प्रस्तावित किया था, लेकिन पर्याप्त निवेशक न मिलने के कारण इसे 2024 में नए सिरे से शुरू किया गया।

## थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने भी किया मतदान

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में तृतीय लिंग समुदाय के मतदाताओं ने भी लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया। तृतीय लिंग के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया और अन्य मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया में समाज के सभी वर्गों की समान भागीदारी लोकतांत्रिक प्रणाली की सशक्तता का प्रतीक है। उन्होंने तृतीय लिंग समुदाय के मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समावेशन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' भारत माता के प्रति सम्मान का प्रतीक : कुलसचिव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, के कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी के आदेश से राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, पदाधिकारियों, शिक्षकों, डब्ल्यूआईटी के निदेशक, शिक्षकेत्तर कर्मियों, स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग के छात्रों के नेतृत्व में लोगों ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का सस्वर सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हांसदा ने लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय रचित राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' 7 नवंबर, 1876 को 'बंगदर्शन' पत्रिका में प्रकाशित हुआ था जो बाद में उनके प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' में 1882 में भी शामिल किया गया था। संस्कृत एवं बंगला भाषा में लिखित इस गीत में मातृभूमि की महिमा और उसके प्रति श्रद्धा का वर्णन किया गया है जो भारत माता के प्रति सम्मान का प्रतीक है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत भारतीय क्रांतिकारियों के लिए प्रेरणा और उत्साह का स्रोत बन गया था। कुलसचिव ने कहा कि आज 'वन्दे मातरम' गीत गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस सहित अन्य आयोजनों के अवसर पर गर्वभाव से गया जाता है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष में किया जा रहा है जो पूरे वर्ष भर आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य एकता और बलिदान के मूल्यों को उजागर कर मातृभूमि के प्रति आभार को व्यक्त करना है। यह गीत हर भारतीय के हृदय में नई ऊर्ज़ा, साहस और एकता के भाव को संचारित करता है।

# आयुर्वेदिक कॉलेज में हुआ राष्ट्रगान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** राजकीय अयोध्या शिव कुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय में स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर प्राचार्य डा. श्रीनिवास त्रिपाठी की के नेतृत्व में पूरे राष्ट्र भक्ति एवं राष्ट्र के प्रति प्रेम प्रदर्शित करते हुए वंदे मातरम का गीत गाया गया। वंदे मातरम का गीत प्राचार्य डक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी ने गाया। उनका अनुसरण करते हुए महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मचारी ने इस गीत को दोहराया। प्राचार्य ने कहा कि इस गीत का उद्देश्य बलिदान के उच्च मूल्यों को उजागर करने एवं मातृभूमि के प्रति हमारे आभार को व्यक्त करना है। इस आयोजन में वरीय प्राध्यापक डक्टर गार्गी प्रसाद शुक्ला, डा. अखिलेश जायसवाल, डा. इंदु कुमारी, डा. नंद कुमार साहनी, डा. बिजेंद्र कुमार, डक्टर संतोष कुमार सिंह, डा. अमलेश कुमार, डा. प्रमोद कुमार, डा. अनिल कुमार सत्येंद्र कुमार सिंह , डा. मनीष कुमार आलोक, डा. रामानंद साहनी, डा. दिनेश कुमार, डा. लाल कौशल कुमार, डा. रामसागर दास, डा. मुकेश कुमार, डा. आनंद मिश्रा, डक्टर ओम प्रकाश द्विवेदी, उपाधीक्षक दिलीप कुमार वर्मा, डक्टर आरती त्रिपाठी, आर उर्वशी सिंन्हा, शामिल थे। इस अवसर पर मोहम्मद जहीर आलम पंकज कुमार सिंह पंकज कुमार सिंह अनिशा कुमारी सुनील कुमार सुनील कुमार सिंह मुकेश कुमार सिंह समेत सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गोद भराई की रस्म अदा कर गर्भवतियों को किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन 2025 के तहत जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों पर आयोजित गोद भराई समारोह के माध्यम से महिलाओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने का एक अभिनव प्रयास किया गया। यह कार्यक्रम जिले के मदनपुर, हसपुरा एवं नवीनगर प्रखंडों में आयोजित किया गया, जहां महिलाओं ने सामाजिक परंपरा को लोकतंत्र से जोड़ते हुए मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी सेविकाओं एवं स्थानीय महिलाओं ने लोकतंत्र की गोद में आशा के नए बीज बोने का संदेश देते हुए कहा कि हर वोट एक नई उम्मीद और बेहतर भविष्य की शुरुआत है। महिलाओं ने पारंपरिक ङ्गगोद भराईङ्ग रस्म को लोकतंत्र से जोड़ते हुए यह प्रेरक संदेश दिया कि जैसे नई जिंदगी का स्वागत करते हैं, वैसे ही हर वोट से लोकतंत्र को नया जीवन मिलता है।




## स्कूलों में गूंजा वंदे मातरम गीत

**भगवानपुर।** स्कूलों में शुक्रवार को वंदे मातरम की गीत गूंजी। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर स्कूली छात्र-छात्राएं देशभक्ति से सराबोर वंदे मातरम का गायन किया। यह आयोजन मातृभूमि के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ-साथ देश की एकता, समर्पण और बलिदान की भावना को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करने के लिए आयोजित हुआ। आयोजन से संबंधित फोटो, वीडियो, प्रतिभागियों की संख्या को वंदे मातरम 150 डट इन वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार के किसानों ...

की सराहना की। श्री मोदी ने औरंगाबाद में एनटीपीसी की अतिरिक्त क्षमता के उद्घाटन का भी जिक्र किया। बिहार और केंद्र की एनडीए सरकार को डबल इंजन सरकार कहते हुए उन्होंने कहा कि इस डबल एनडीए की डबल इंजन सरकार के पास हर क्षेत्र के लिए नया संकल्प है और घोषणा पत्र में यह भी बताया गया है कि यह संकल्प हम कैसे सिद्ध करेंगे। हमारे पास हर क्षेत्र के लिए उसकी जरूरत के हिसाब से योजनाएं हैं। उदाहरण के तौर पर मगध क्षेत्र में सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल हब बनाया जा रहा है जहां पर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए रेलवे ट्रैक, पुल, सड़क आदि का निर्माण जारी है। उन्होंने वन रैंक वन पेंशन स्कीम के तहत फौजियों के खाते में एक लाख करोड रुपए भेजे जाने, बिहार की एक करोड़ 40 लाख महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपए भेजे जाने, बिहार में 60 लाख गरीबों को घर उपलब्ध कराए जाने, दलितों-पिछड़ों-वंचितों के घरों में बिजली, शौचालय, मुफ्त गैस कनेक्शन, मुफ्त इलाज और गरीबों को मुफ्त राशन दिए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि अब से एनडीए की सरकार बिहार में किसानों को नौ हजार रुपये प्रतिवर्ष किसान सम्मान निधि के अंतर्गत देगी जिसमें तीन हज़ार रुपये बिहार सरकार के होंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए एनडीए की डबल इंजन सरकार ने काफी काम किया है। पंचायती राज व्यवस्था, नगर निकाय, सरकारी नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण दिया गया। विधानमंडलों में भी आरक्षण दिया गया। लखपति दीदी जैसी योजनाएं भी संचालित हो रही हैं जिसकी वजह से बिहार की महिलाएं नया इतिहास लिख रही हैं। बिहार की जनता और बिहार की महिलाओं को इस बात पर यकीन है कि मोदी जो कहता है वह करता है और बिहार को एनडीए ही विकसित बना रहा है। बिहार एनडीए के ईमानदार संकल्प पत्र पर विश्वास करता है और यह मानता है कि एनडीए और मोदी जो कहेंगे वह करेंगे। श्री मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि जब नीतीश कुमार की सरकार बनी तो पहले 9 साल में केंद्र में कांग्रेस-राजद की सरकार थी जिसने बिहार के विकास में हर संभव बाधा डाली तथा आवंटन तक बंद कर दिया लेकिन 2014 में जब मुझे अवसर मिला तब बिहार में विकास के नए आयाम बने। आज लोगों को भरोसा है कि अगर मोदी कह रहे हैं कि एक करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा तो तय है कि मिलेगा। विगत वर्षों में भी लाखों बहालियां की गई हैं। प्रधानमंत्री ने राजद और कांग्रेस के लोगों से सतर्क रहने को कहा तथा आरोप लगाया कि राजद के लोग नौकरी के बदले जमीन लिखवा लेते हैं जिसे अदालत ने भी माना है। उन्होंने राजद और कांग्रेस के लोगों को कहा कि यह सभी जमानत पर चल रहे हैं, यह कभी नौकरी नहीं दे सकते। प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद के दौर को याद करते हुए कहा कि शाम ढलते बिहार की सड़के सूनी हो जाती थी और विकास कार्य, यात्री बसों के परिचालन के लिए नक्सलियों को रंगदारी देनी पड़ती थी लेकिन आज नक्सलवाद का सफाया हो गया हो गया है। जंगल राज के जाते ही बिहार से नरसंहार की घटनाएं बंद हो गई है। यही जंगल राज और सुशासन का स्पष्ट अंतर है कि पहले चरण के चुनाव में कमजोर तबके ने दिल खोलकर अपना वोट दिया और बिना रोक-टोक के अपना वोट दिया। पहले बूथ लूट होती थी, गोलियां चलती थी, खून की नदियां बहती थी और चुनाव से वंचित वर्ग को रोका जाता था। जंगल राज के गुर्गे आज भी साजिश करने में लगे हुए हैं। श्री मोदी ने राजद पर आरोप लगाया कि उसने कुटुंबा के उम्मीदवार और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को अपमानित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद ने कांग्रेस के सिर पर कट्टा रखकर सीएम पद के उम्मीदवार पद की चोरी कर ली है। यह अपने साथियों को भी धोखा देते हैं तो बिहार के लोगों को भी धोखा देंगे। उन्होंने राजद-कांग्रेस पर आरोप लगाया कि यह सिर्फ अपमान और गाली गलौज की राजनीति करते हैं। कांग्रेस के शाही परिवार के नामदार ने छठी मैया के नाम पर बिहार वासियों की तपस्या का अपमान किया है जिसकी सजा जनता उन्हें देगी।

### प्रथम चरण में लालू...

भी गिनाया। उन्होंने जीविका दीदियों को दी गई 10000 की सहायता वापस लेने की अफवाह पर भी लोगों को सावधान किया और कहा कि इस 10000 पर लालू प्रसाद की तीन पीढियां की भी दाल नहीं गलने वाली है। आगे दो लाख की भी सहायता मिलेगी। किसानों को अब छह की जगह 9000 खाते में मिलेंगे। जमुई में इलेक्ट्रिकल व्हीकल और गोला बारूद तैयार करने का कारखाना लगेगा। बेगूसराय में फार्मास्यूटिकल पार्क लगाए जाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर की विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को अब गोली का जवाब गोला से मिल रहा है। एक करोड़ लोगों को रोजगार का अवसर देने और चीनी मिल लगाने का भी भरोसा दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि लालू, रावड़ी और राहुल के पास कोई विकास का एजेंडा नहीं है। लालू-सोनिया के परिवारवाद पर भी उन्होंने तंज कसा और कहा कि दोनों अपने बेटों को पीएम और सीएम की कुर्सी पर बैठाना चाहते हैं लेकिन यहां वैकेंसी ही नहीं है।

### लोकतंत्र की रक्षा...

दी जा रही है, वहीं उनके विरोधियों के वोट काटे जा रहे हैं। भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा की वोट देते फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी, जिसमें उन्होंने दिल्ली और बेगूसराय दोनों जगह वोट डालते दिख रहे थे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमारे संविधान में जनता की आवाज सर्वोपरि है। लेकिन भाजपा अमीरों की मदद और जनता का धन लूटने के लिए वोट चोरी कर रही है। भाजपा और चुनाव आयोग के लोग बिहार की जनता की असली ताकत नहीं जानते हैं। बिहार की जनता किसी भी कीमत पर वोट चोरी नहीं होने देगी। लोकतंत्र की रक्षा और संविधान के सम्मान के लिए बिहार का हर व्यक्ति सावधान रहेगा। उन्होंने कहा कि पिछले बीस साल से डबल इंजन की एनडीए सरकार ने बिहार में एक भी उधोग धंधा लगाने का काम नहीं किया जिससे वहां पर पलायन की समस्या में वृद्धि होते गई और आज देश के विभिन्न हिस्सों में बिहार के लोग मजदूरी करने के लिए विवश हैं।

# पथरा गांव के समीप बांध बनने से किसान व पशुपालक हो रहे लाभान्वित

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के देव प्रखंड के दुलारे पंचायत के पथरा गांव के समीप का इलाका जंगल और पहाड़ से घिरा है। बता दें कि इलाका अतिनक्सल प्रभावित और पानी के मामले में मरूस्थल की तरह है। यहां हाथ से चापाकल को लगाना मुश्किल होता है। मशीन से बोरिंग होता है तब पानी निकलता है। हर वर्ष गर्मी के मौसम में पानी के लिए हाहाकार मचता है। बता दें कि इस इलाके की वन क्षेत्र में वन विभाग के लगाए जाने वाले अधिकांश पौधे पटवन के अभाव में सूख जाते थे। इसे देखते हुए वन विभाग ने प्राकृतिक वनों का विकास योजना के तहत गारलैंड ट्रेंचिंग यानी बांध बनाने की योजना तैयार की। वहीं पूर्व में योजना के तहत विभागीय अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया इसके बाद पहाड़ से गिरने वाला वर्षा का जल को रोकने के लिए बांध बनाया। पथरा गांव के समीप बनाया गया बांध में वर्षा के मौसम का पानी बर्बाद नहीं हुआ। करीब पांच एकड़ की क्षेत्रफल में पानी जमा है। जमा पानी से गांव के किसानों की खेतों का पटवन हो रहा है। जंगल में चारा चरने प्रत्येक दिन जाने वाले काफी संख्या में पशुओं को पीने का पानी मिल रहा है। जंगल में रहने वाले हिरण, चितल, लोमड़ी, लंगूर समेत अन्य जंगली जानवरों को भी पीने का पानी मिल रहा है। बांध के आसपास जल का स्तर मेंटेन हो गया है। पथरा गांव के ग्रामीण जनेश्चर राम, मनोज राम का कहना है कि बांध निर्माण और उसमें पानी के जमा होने से लाभ मिल रहा है। अब जंगल जाने वाले पशुओं को प्यास बुझाने के लिए तड़पना नहीं पड़ रहा है। कहा कि अब अगर बांध से एक पइन की खुदाई हो जाएगी तो पथरा के अलावा केवलहा, मंझौली, गोल्हा, घुरनडीह गांव तक किसानों के खेतों का पटवन होने लगेगा। बताया कि उनके पंचायत में दो बांध बनाया गया है। दोनों बांध में पानी जमा है। अब वर्षा का पानी बर्बाद नहीं हो रहा है बल्कि बांध में जमा होने लगा है। बांध में पानी जमा होने से गांव के जलस्तर में काफी हद तक सुधार हुआ है।

# सरकारी विद्यालयों में हुआ वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन

## वंदे मातरम गीत के 150वें वर्ष का मनाया जा रहा उत्सव, कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** वंदे मातरम गीत का 150 साल हो गया है। इसकी रचना 1875 में बंकिम चंद्र चटर्जी ने की थी। 150 साल बीत जाने के बाद वंदे मातरम गीत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक अभियान के तहत पहुचाने के लिए एक उत्सव के रूप मे देखा जा रहा है। मसौढी में विभिन्न सरकारी स्कूलों में वंदे मातरम गीत को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किये गये। जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाईस्मा उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदौरा प्राथमिक विद्यालय निरीक्षक अधिकारी विद्यालयों में बच्चों के बीच वंदे मातरम गीत गाकर वंदे मातरम के महत्व गीत की रचना एवं इसके सभी पहलुओं के बारे में जागरूक किया गया। वही उत्क्रमित मध्य विद्यालय भैसवां के शिक्षक



नेयाज अहमद ने बताया कि आज हम वंदे मातरम के 150वें वर्ष का उत्सव मना रहे हैं। हम सब जानते हैं कि आजादी के आंदोलन के नेताओं ने जो स्वप्न महान भारत के लिए देखे थे, विगत 11 वर्षों में उन सपनों की पूर्ति के लिए देश के सामूहिक प्रयास से ढेर सारे काम हुए हैं वही मो. मंजर शादाब ने कहा कि वह वंदे मातरम गीत हर भाषा में गाने और गुनगुनाने का काम करें। इस गीत को जन-जन तक ले जाने की जरूरत है. वंदे मातरम गीत में कई गंभीर संदेश हैं। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि देश को एकता की सूत्र में बांधने में इस गीत का योगदान रहा है।

## वंदे मातरम के 150वें वर्ष पर सामूहिक गायन एवं हस्ताक्षर अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** नगर परिषद मसौढी कार्यालय परिसर में शुक्रवार को 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभी ने मिलकर 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम का आयोजन नगर प्रबंधक पदाधिकारी शेखर कुमार प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। जहां सभी कर्मियों ने इसे सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती



के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद 'वंदे मातरम' का गायन प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर प्रबंधक शेखर कुमार प्रसाद ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारी स्वतंत्रता की आत्मा और राष्ट्र की पहचान है। उन्होंने बताया कि इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देश के सेनानियों को प्रेरित किया था। उन्होंने सभी कर्मियों से अपने कार्यों में निष्ठा, अनुशासन और देशहित की भावना को सर्वोपरि रखने की अपील की। इसके साथ ही साथी हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधान लिपिक शिव प्रकाश, आमीन रामाधार कुमार यादव, टैक्स दारोगा अंजनी कुमार गौतम, राम अवतार शास्त्री, नगर मिशन प्रबंधक एवं अन्य शामिल रहे।

# कौन बनेगा मसौढ़ी के चुनावी दंगल का महानायक

## प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में कैद, सबके अपने-अपने हैं दावे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी विधानसभा सीट पर मतदान संपन्न हो चुका है और अब प्रत्याशियों का भविष्य ईवीएम में कैद है। इस प्रतिष्ठित सीट पर इस चुनाव में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला है। इस बार राजद से रेखा पासवान और जदयू से अरुण मांझी के बीच कांटे की टक्कर के साथ कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। अब तक मसौढ़ी विधानसभा सीट पर 68.42% मतदान दर्ज किया गया है। जो आजादी से अब तक पहली बार रिकॉर्ड तोड़ मतदान प्रतिशत का आंकड़ा रहा है। मतदान प्रतिशत के इस आंकड़े से एक और जहां चुनाव आयोग काफी खुश है वहीं



प्रत्याशी भी अपने-अपने हिसाब लगाकर खुश नजर आ रहे हैं। मसौढी विधानसभा में महागठबंधन से रेखा देवी और एनडीए से अरुण मांझी के बीच आमने-सामने की लड़ाई है। राजनीतिक पंडितों की माने तो मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी का मतलब बदलाव का संकेत है वहीं विपक्ष के लोगों ने दावा किया है कि इस बार 30000 वोटो से हमारी जीत होगी वहीं एनडीए समर्थकों ने बताया की मसूरी प्रखंड और धनरूआ प्रखंड से बंपर बोर्ड एनडीए को मिला है अब देखना यह है कि दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों के दागों में कितनी सच्चाई है और मसूरी विधानसभा सीट का महानायक कौन बनता है आगामी 14 नवंबर को पूरे मसौढी विधानसभा की मतदाताओं की नज़रें 14 नवंबर पर टिकी हुई है फिलहाल अटकलें का बाजार गर्म है और लगातार चुनावी विश्लेषक अपनी समीक्षा में लगे हैं। अगर 2020 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो यह सीट राष्ट्रीय जनता दल ने जीती थी। राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार रेखा देवी ने जनता दल यूनाइटेड के नूतन पासवान को 32227 वोटों के अंतर से हराया था। मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र, पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। 2024 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार मीसा भारती ने भारतीय जनता पार्टी के राम कृपाल यादव को 85174 वोट के अंतर से हराकर पाटलिपुत्र से सांसद चुने गए।

# मसौढ़ी एवं धनरूआ में धान की फसल में लगा हरदा रोग

## किसान परेशान, सैकडों बीघे में लगी फसल नष्ट होने के कगार पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढी एवं धनरूआ में किसान एक बार फिर से हताश और परेशान हो चुके हैं। किसानों की मेहनत पर पानी फिरने वाला है. दरअसल मसौढी एवं धनरूआ कई पंचायतों में किसानों के खेत में धान की तैयार फसल कुछ दिन के बाद अब कटने ही वाली थी कि इसी बीच हरदा रोग लग जाने से धान की सारी फसल नष्ट होने के कगार पर पहुंच गई है। हरदा रोग लग जाने से किसान काफी परेशान हैं, किसानों ने कहा कि इसको लेकर कई बार दवा का

**आफत**

छिड़काव भी किया गया था, लेकिन कीटों का आतंक लगातार जारी है। धान में लगा हरदा रोग कमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले में कृषि विशेषज्ञ नवीन कुमार सिंह ने बताया कि किसानों को खेती करने से पहले बीज का उपचार कर ही खेतों में बीज लगाने की हिदायत दी जाती है, लेकिन कई किसान सावधानियां नहीं बरतते हैं वहीं अगर अभी भी किसी फसल में हरदा रोग लगा है तो उसपर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर उसे बचाया जा सकता है। किसान विशेषज्ञों की मानें तो हरदा रोग एक ऐसा कीट है, जो धान की बाली को नष्ट कर देता है। यह धान के शीशे को क्षति पहुंचाता है, जिससे उपज घट जाती है। कृषि विभाग इसे फॉल्स स्मार्ट मॉल्ड के नाम से जानते हैं. यह रोग हवा और पानी के माध्यम से फैलता है. किसान इसे पीला, काला और हरे रंग से पहचान सकते हैं। इसके वजह से धान की बाली में लगी अनाज मोटी नहीं हो पाती है और आटे जैसा पिसकर गिर जाती है।

## मतदान के दौरान हुई मारपीट में पांच गिरफ्तार

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के शाहजहांपुर गांव में विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान केंद्र के सामने हुई मारपीट को लेकर पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया है। वहीं दो पक्षों द्वारा भी थाना में काउंटर केस किया गया है। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि गुरुवार को मतदान के क्रम में दोपहर बाद दो पक्ष आपस में भीड़ गए।दोनों पक्षों से रोड़ेबाजी और लाठी डंडे चलने लगे। पुलिस हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों से पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार लोगों में कृष्ण मुरारी शर्मा, परवीन, उमेश यादव, मुकेश यादव एवं सुधीर कुमार शामिल हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# वोटिंग के बाद मसौढ़ी में चाय की दुकानों पर दिन भर चुनावी विश्लेषण का बाजार रहा गर्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** प्रथम चरण को लेकर हुए मतदान में मसौढी विधानसभा में बंपर वोटिंग हुई है। गांव से लेकर शहर तक वोटो की गंगा बह गई है और आजादी से अब तक पहली बार 70% तक मतदान प्रतिशत रहा है। ऐसे में वोटिंग के बाद शनिवार को सुबह से लेकर शाम तक बाजारों में चाय की दुकानों पर नुक्कड़ चौराहा पर दिन भर चुनावी विश्लेषण का बाजार गर्म रहा है। हर तरफ वोटो की चर्चाएं होती रही, कई जगहों पर मतदान प्रतिशत बढ़ोतरी पर लोगों ने बदलाव के संकेत दिए हैं, उनकी माने तो यह बदलाव के संकेत है जब भी मतदान प्रतिशत बढ़ता है तो सत्ता में



काबिज प्रतिनिधि बदल जाते हैं वहीं दूसरी ओर विपक्ष यूनिट के कई लोगों ने कहा है कि यह हमारी मेहनत है जो हम ने बूथों तक वोटरों को पहुंचाया है और वोट परसेंटेज बढा है ।गौरतलब है की मसौढी विधानसभा में तीन लाख 26 हजार 092 मतदाता है। जहां पर तकरीबन 2 लाख 64 हजार मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग किया है। वहीं शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा बंपर वोटिंग हुई है। शहर की रफ्तार थोड़ी थमी रही है। इसी मतदान प्रतिशत के बढ़े हुए मतदान प्रतिशत पर लोगों की उम्मीद बढ़ गई है सभी जगह अपनी अपनी बात लोग कहते दिखे हैं। चुनावी विश्लेषक केवड़ा के नागेंद्र सिंह ने कहा कि बार मसौढ़ी विधानसभा में बदलाव देखने को मिलेगा और अच्छे खासे वोट से हमारे प्रत्याशी जीत रहे हैं, वहीं विपक्ष के कई नेताओं ने कहा कि हर बूथ पर 70% तो कहीं 80% मतदान हुआ है तो ऐसे में हमारा ही समर्थन का जोर रहा है, हालांकि इसी दरमियान कई लोगों ने कहा है की पहली बार ऐसा हुआ है कि हर गांव के बुथ पर 70 एवं 80% मतदान हुआ है जो पहले कभी नहीं होता था इसका मतलब यह रहा कि कई बार लोगों ने बोगस वोट देने की कोशिश की थी कई लोगों का नाम भी कट जाया करता था लेकिन इस बार बहुत ही अच्छा मतदान प्रतिशत रहा है। मसौढ़ी में बदलाव दिखेगा। बहरहाल अब सबों को 14 नवंबर का इंतजार है किसकी सरकार बनती है या फिर बिगड़ती है यह तो आने वाले 14 नवबंर को ही तस्वीर साफ होगी। तब तक सभी वोटर अपनी-अपने चुनावी समीक्षा और विश्लेषण में जुटे हैं। मौके पर गोपाल सिंह, लालमोहन सिंह, महामाया प्रसाद सिंह, पन्नालाल सिंह, नवीन कुमार सिंह, नागेंद्र सिंह, मृत्युंजय पांडे, मोहम्मद आरफराज साहिल आदि शामिल रहे।

# आपसी विवाद में दो गुटों में झड़प, चार जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढी थाना क्षेत्र के बेर्रा गांव में आपसी विवाद में दो गुटों में जमकर हिंसक झड़प हुई, जहां कुल चार लोग गंभीर रूप में जख्मी हुए हैं और इस पूरे मामले में पांच लोगों पर मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पीड़ित ने आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित छोटे मोची पिता नरेश मोची के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन में लिखा है की शौच से लौट रहे थे उसी समय घात लगाए गांव के ही कमलेश मोची, रामाश्रय मोची, गणेश मोची, लाल मोहित मोची और विजय मोची ने लाठी डंडे और लोहे के रॉड से मारना शुरू कर दिया, उसी समय जब हमारा चचेरा भाई राजेश मोची, लाल मोची आया तो उससे भी मारपीट कर अधमरा कर दिया उसके बाद सूर्या मोची और हमारे पिता नरेश मोची बचाने आए तो उन्हें भी लोगों ने नहीं छोड़ा और लाठी डंडे से पीट कर सिर फोड़ दिया और पिस्तौल दिखाते हुए धमकी दी कि अगर केस करोगे तो जान से मार देंगे पुलिस पूरे मामले में बिंदुवार जांच पड़ताल में जुटी है।

## दो आटो की टक्कर में महिला की मौत, तीन रेफर

**आरा।** बड़हरा सरैंया सिन्हा रोड के सरैंया महुआनी के समीप दो ऑटो के सीधी टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घटना इतना दर्दनाक था कि घटना स्थल पर एक महिला की मौत इलाज के दौरान हो गयी। मृतक महिला आरा नगर थाना क्षेत्र के पुरानी अदालत पड़ाव निवासी विक्की यादव की पत्नी 26 वर्षीय माया देवी हैं। वह अपने मायके गंगापार खवासपुर के हरिटोला गांव से आरा जा रही थी। वह लक्ष्मण यादव की पुत्री है। बताया जा रहा है कि माया अपने बाल बच्चों के साथ छठ करने अपने मायके गई थी। गुरुवार को वापस ससुराल लौट रही थी तभी रास्ते में सड़क हादसा हो गया। कृष्णागढ़ पुलिस घटना के बाद मौके पर पहुंची। घायलों को स्थानीय सरैया बाजार में एक नीजि क्लिनिक मे इलाज कराया। ज्यादा जख्मी को आरा रेफर कर दिया। मृतक माया देवी का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया।

# बिहार में एनडीए को जनता का अपार समर्थन : उमेश कुशवाहा

## जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने घोसी विधानसभा क्षेत्र में किया रोड शो

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद के घोसी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित रोड शो में भाग लेते हुए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने राज्य के सभी 243 सीटों पर एनडीए की जीत का ऐलान करते हुए कहा कि एनडीए विधानसभा चुनाव के बाद भारी बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर और जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने घोसी विधानसभा क्षेत्र के जदयू प्रत्याशी ऋतुराज कुमार के पक्ष में आयोजित रोड शो में हिस्सा लेते हुए एनडीए प्रत्याशी ऋतुराज को विजयी बनाने का अपील मतदाताओं से किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में लगातार विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनता से मिल रहे अपार समर्थन से स्पष्ट हो चुका है की विधानसभा चुनाव के बाद एनडीए की मजबूत सरकार यहां देखने को मिलेगा। इस दौरान जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने घोसी मे मिल रहे जनता के समर्थन से गदगद होते

**भारी बहुमत से सरकार बनाने का किया दावा**

हुए कहा कि बिहार में एनडीए का कोई मुकाबला, किसी से नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता ने नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों के ऊपर मोहर पहले चरण में ही लगा दी है। उन्होंने कहा कि इससे भी अधिक बहुमत दूसरे चरण के मतदान में देखने को मिलेगा। इस दौरान श्री कुशवाहा ने बताया कि पहले तो एनडीए ने बिहार में 225 सीटों पर जीत का लक्ष्य रखा था, लेकिन जनता से मिल रहे अपार समर्थन को देखते हुए अब ऐसा प्रतीत होता है कि हम राज्य में विपक्ष को क्लीन स्वीप करने जा रहे हैं। उन्होंने महागठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा की मौजूदा समय में विपक्ष के पास कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है और बिहार से उनका सफाया होना तय है। पहले चरण के मतदान में भारी मतदान और मतदान प्रतिशत में काफी वृद्धि से उत्साहित श्री कुशवाहा ने कहा कि यह नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के विकास पर जनता की मोहर है। इस दौरान जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार ने एनडीए सरकार के विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि आज बिहार की जनता को 125 यूनिट मुफ्त बिजली मिल रही है। महिलाओं को रोजगार के लिए 2 लाख की सहायता और घर-घर में बिजली पहुंचाने जैसे कई उल्लेखनीय योजनाओं पर काम किया गया है। सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत प्रदेश के बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग लोगों की पेंशन ढाई गुनी एक साथ बढ़ाई गई, यह एक युगांतरकारी पहल है। उन्होंने राजद के चुनाव चिन्ह लालटेन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। यहां बिजली से गांव का हर एक घर रोशन है। इसलिए कोई अब लालटेन युग में वापस जाना नहीं चाहेगा। कार्यक्रम को प्रत्याशी ऋतुराज कुमार ने संबोधित करते हुए कहा की उनके पिताजी ने जो कार्य विकास के जिले में किए हैं उसे और आगे बढ़ने का आशीर्वाद आपलोग हमें दें, ताकि केंद्र और राज्य सरकार की मदद से घोसी में समावेशी विकास को हम उच्च मुकाम तक पहुंचा सकें।

# सेसंबा गांव में दबंगों ने किसान की रैयती भूमि को जबरन भरकर बनायी सड़क

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के रतनी प्रखंड क्षेत्र के सेसंबा मौजे के अंतर्गत दारोगा बिगहा (चगोड़ी) गांव के बधार में कर किसानों के 1590 डिसमिल जमीन पर जबरन मिट्टी भरकर रास्ता बनाने का मामला सामने आया है सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पुलिस प्रशासन और अंचल अधिकारी को पीड़ित के द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद न तो दबंग को मिट्टी भरकर रास्ता बनाने से रोका गया और नहीं बाद में किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई आरोपियों के खिलाफ आज तक की गई है इस संबंध में पीड़ित किसान दुर्गा प्रसाद अरुण कुमार उपाध्याय रवि शंकर और सत्येंद्र सिंह ने बताया कि उन चारों लोगों के रायटी जमीन जिसका खाता संख्या 154 एवं 97 तथा प्लॉट संख्या क्रमशः 2177 एवं 2221 है जिसका रक्तवा 1575 डेसिमल एवं 15 डिसमिल है उसे पर दरोगा बीघा टोला के कुछ लोगों ने जबरन मिट्टी भरकर रास्ता बनाने का प्रयास किया है इसके लिए पूरी योजना बनाकर खेत में फसल लगे रहने के बावजूद लगभग 15 से 18 फीट चौड़ाई में मिट्टी भरकर अभी फिलहाल कच्चा रास्ता बनाया गया है जिस पर का रास्ता बनाने की कोशिश भी पहले की जा चुकी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नारायणपुर निवासी सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि इस मामले में उन लोगों ने शकूराबाद थाना के पुलिस एवं रतनी अंचल अधिकारी को मिट्टी हटवाने के लिए गुहार लगाकर थक चुके हैं लेकिन प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई आज तक नहीं की गई है ऐसे में लगता है कि प्रशासन के द्वारा भी अवैध रूप से सड़क बनाने के प्रयास में उनकी सहभागिता कहीं ना कहीं है। पीड़ितों ने बताया कि सूचना के अधिकार के तहत उपरोक्त भूमि का विवरण मांगे जाने पर आंचल कार्यालय से इसे रहती भूमि तो बताया गया है लेकिन खेत में रास्ता बनाने और अतिक्रमण के प्रयास को प्रशासन द्वारा हटाने का कोई कार्य नहीं किया गया है। पीड़ित किसानों ने अवैध रूप से सड़क बनाने के काम में संकलित जेसीबी संचालक सहित 26 लोगों पर मुकदमा चलाने और खेत से मिट्टी हटवाने की गुहार लगाते हुए कहा है कि अगर प्रशासन ने उचित कदम नहीं उठाया तो वे लोग स्थानीय प्रशासन के खिलाफ न्यायालय के शरण में जाने के लिए विवश होंगे। पीड़ित किसानों द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के बाद पुलिस अधीक्षक, जहानाबाद एवं लोक सूचना के अधिकार के तहत जिला अपीलीय प्राधिकार से सूचना मांगी जा चुकी है जिस पर कोई सूचना पीड़ित किसानों को प्राप्त नहीं हुई है। अब किसानों ने पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक (अपराध शाखा) कार्यालय में अपील कर पूर्व में जिले के पुलिस प्रशासन से सूचना नहीं मिलने का जिक्र किया गया है।

# वंदे मातरम की गूंज से गुंजायमान हुआ अनुग्रह स्कूल का परिसर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वें वर्षगांठ पर अनुग्रह मध्य विद्यालय के बच्चे व जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय कर्मी राष्ट्रभक्ति की भावना से सराबोर हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत भारत को आजादी प्राप्त कराने में बड़ी भूमिका अदा किया एवं राष्ट्रीयता की चेतना को जागृत किया। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह की अल्प सूचना पर शानदार कार्यक्रम कराने के लिए साधुवाद भी दिए। कार्यक्रम में उपस्थित डीपीओ प्रारंभिक शिक्षा अमृतेश आनंद ने बच्चों के द्वारा रंग बिरंगे परिधान में किए गए प्रस्तुति को काफी सराहा एवं कहा कि इस अतिप्रभावी रचना को संविधान सभा ने राष्ट्रगीत के रूप में 1950 में स्वीकार किया था। विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने डीईओ के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आज के इस ऐतिहासिक पल पर अनुग्रह स्कूल के बच्चों को नृत्य के साथ राष्ट्रगीत को समन्वित कर शानदार तरीके से प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। बच्चों को प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने विस्तार से वंदे मातरम को राष्ट्रगीत बनने तक की यात्रा से अवगत कराया। पूरे देश के साथ विद्यालय परिवार को भी कालजयी इस सृजन के साथ खड़े होकर भारत माता को नमन करने का अवसर प्राप्त हुआ है। राष्ट्रगीत गायन के वक्त विद्यालय प्रधानाचार्य उदय कुमार सिंह, शिक्षिका शारदा सिंह, आभा कुमारी, प्रभावती कुमारी, रीता कुमारी योगेन्द्र पाल सहित डीईओ ऑफिस के सभी कर्मी उपस्थित थें।

# औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी : कैमरे की नजर में



औरंगाबाद जिले के दरभंगा में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा में उमड़ी लोगों की भीड़ (बाएं) एवं लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (दाएं)

## उत्तर कोयल परियोजना के लिए सुशील सिंह ने रात-दिन की मेहनत : प्रधानमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को औरंगाबाद में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए औरंगाबाद से जुड़े कई मसले उठाए जिसमें उत्तर कोयल नहर परियोजना का निर्माण, एनटीपीसी की विस्तारित क्षमता का निर्माण आदि भी शामिल थे। प्रधानमंत्री ने उत्तर कोयल नहर परियोजना का जिक्र करते हुए उसमें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह की भूमिका का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की सरकारों में किसानों के खेतों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाया जाता था। उत्तर कोयल नहर परियोजना का निर्माण ठप्प पड़ा हुआ था और किसानों में इस परियोजना को लेकर निराशा थी। उस वक्त औरंगाबाद के तत्कालीन सांसद सुशील कुमार सिंह इस परियोजना के लिए रात दिन मेहनत कर रहे थे तब मैंने इस परियोजना के लिए अतिरिक्त पैसे दिए जिससे आज इस परियोजना में तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि लालटेन वालों ने खेतों को पानी के लिए तरसाया और घरों को बिजली के लिए। उन्होंने नवीनगर में एनटीपीसी के अगले चरण के विस्तार के शिलान्यास का जिक्र करते हुए कहा कि हाल ही में उन्होंने इस चरण का शिलान्यास किया है जिससे केवल बिहार को पर्याप्त बिजली मिलेगी बल्कि औरंगाबाद को भी रोजगार के नए रास्ते मिलेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री ने सभी 10 विधानसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवारों को मंच पर आगे खड़ा होने को कहा और खुद भी सम्राट चौधरी के साथ उनके बीच में कतार से खड़े हुए। पीछे खड़े हुए पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह को भी प्रधानमंत्री ने खींचकर अपनी बगल में खड़ा किया और सब के साथ हाथ बांधकर, हाथ ऊपर उठाकर जनता से इन सभी उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। इनमें औरंगाबाद से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार त्रिविक्रम नारायण सिंह, गोह विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रणविजय सिंह, कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर के उम्मीदवार ललन राम, रफीगंज से जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार प्रमोद कुमार सिंह, नवीनगर से जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार चेतन आनंद, गुरुआ से भाजपा प्रत्याशी उपेंद्र प्रसाद आदि शामिल थे। वैसे मंच पर त्रिविक्रम नारायण सिंह के पिता और पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह भी मौजूद थे।



प्रधानमंत्री के साथ हाथ में हाथ मिलाकर मजबूती प्रदर्शित करते डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, पूर्व सांसद सुशील सिंह एवं प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह

## तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के जनकपुर पोखरा में डूबने से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। घटना का है। मृतक की पहचान स्थानीय मंगरू राम के पुत्र दुखन राम के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक वे देर रात शौच के लिए तालाब की ओर गए थे जहां अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गए और पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह जब परिजनों ने बुजुर्ग को घर में नहीं पाया तो खोजबीन शुरू कर दी। इसी क्रम में बुजुर्ग का शव तालाब किनारे मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। अपर थानाध्यक्ष सुमित कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## राष्ट्र निर्माण में एनटीपीसी का अहम योगदान : बेहरा

### नवीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट में उत्साह व गर्व के साथ मना एनटीपीसी का 51वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के नवीनगर एवं बारून की सीमा पर स्थित नवीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट में एनटीपीसी के 51वें स्थापना दिवस का आयोजन हर्षोल्लास और संगठनात्मक गर्व के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत एनटीपीसी नबीनगर के कार्यकारी निदेशक, एल. के. बेहरा ने एनटीपीसी ध्वज फहराकर किया। इसके पश्चात एनटीपीसी ध्वज एवं कार्यकारी निदेशक को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अपने संबोधन में एल. के. बेहरा ने सभी कर्मचारियों को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी और राष्ट्र निर्माण में एनटीपीसी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने संगठन की निरंतर प्रगति और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता की सराहना की। समारोह में एल. के. बेहरा द्वारा एनटीपीसी नबीनगर की राजभाषा पत्रिका 'दीपांजलि' के प्रथम संस्करण का विमोचन किया गया। यह पत्रिका राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देने, कंपनी में आयोजित राजभाषा गतिविधियों एवं कर्मचारियों की रचनाओं का एक संकलन है। इस अवसर पर एनटीपीसी की गौरवशाली यात्रा पर एक विशेष प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में एनटीपीसी तथा एनटीपीसी नबीनगर की उपलब्धियों, नई पहलों और सामाजिक कल्याण गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। इस आयोजन के दौरान मुख्य महाप्रबंधक (संचालन एवं अनुरक्षण) के. डी. यादव, महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा, टी. सी., महाप्रबंधक (ऑपरेशन एवं एफएम) अनिल कुमार तथा महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम) एम. पाणिग्रही सहित संयंत्र के अन्य अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## शराब सहित अन्य मामलों में सात लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न मामलों में सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत चार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। शराब कांड में 2 एवं अन्य शीर्ष कांड में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1056 वाहनों की जांच की गई जिससे 38500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। विदित हो कि चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इस अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक खुद कर रहे हैं ताकि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो। पुलिस अधीक्षक की माने तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें। एसपी ने आम जनता से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और समाज में शांति व सुरक्षा का माहौल बना रहे।

## भाजपा के शासन में महंगाई चरम पर : अखिलेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज के आर बी आर खेल मैदान में महागठबंधन की ओर से आयोजित चुनावी सभा को उतर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सम्बोधित किया। सभा का संचालन रामस्वरूप यादव ने किया। अखिलेश यादव को महागठबंधन के राजद प्रत्याशी डॉ गुलाम शाहिद सहित कई नेताओं ने माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सभा को संबोधित करते हुये अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नौकरी छिनने वाला है। भाजपा के शासन में महंगाई चरम सीमा पर है। अमेरिका भारत के खिलाफ खड़ा है। लोकसभा के चुनाव में उतर प्रदेश में अयोध्या सहित कई जगहों पर भाजपा को हराया। नौजवानों को बिहार में भविष्य बनाने के लिये लैपटॉप मिलेगा। इस बार बिहार में तेजस्वी यादव की सरकार बनेगी। अखिलेश ने कहा कि बिहार में सुशासन नहीं बल्कि दुशासन की सरकार चल रही है। उन्होंने मोकामा की घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह पार्टी इस्तेमाल करने वाली पार्टी है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा झूठा साबित हुआ और युवाओं को रोजगार नहीं मिला। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने बिहार में नौकरी देने की शुरुआत की है। भाजपा के एजेंडे में रोजगार देना कभी रहा ही नहीं। अगर तेजस्वी मुख्यमंत्री बने तो बिहार में रोजगार, शिक्षा और सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी जाएगी। भाजपा के राज में पुलिस व्यवस्था कमजोर हुई है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव कौलेश्वर यादव सहित महागठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## सर्पदंश से मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मदनपुर प्रखंड के रानीगंज में सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि फर्श पर लेटकर तीन वर्षीय मासूम बच्ची को दूध पिला रही 30 वर्षीय महिला को किसी विषैले सांप ने काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान उसी गांव निवासी मंटू गिरी की पत्नी बन्नी कुमारी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में परिजनों ने बताया कि सांप के काटने के बाद उसने घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर परिजन उसे इलाज कराने के लिए अस्पताल ले जाने के बजाय अंधविश्वास में पड़कर झाड़-फूंक कराने थाना क्षेत्र के वार गांव स्थित बकस बाबा मंदिर लेकर चले गए। बाद में परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया।

## दो साल बाद घर लौटे युवक की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दो साल बाद घर लौटे युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला सामने आया है। शव मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाला कर्मा गांव स्थित सरकारी स्कूल से बरामद किया गया है। मृतक की पहचान गया जिले के मदारपुर गांव निवासी सिद्धि सिंह के पुत्र विकास कुमार सिंह के रूप में की गई। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी मृतक के ससुराल वालों को दी गई। सूचना मिलते ही विकास की पत्नी पिंकी देवी समेत अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों द्वारा घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा मामले की छानबीन में जुट गई। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान विकास की पत्नी पिंकी ने बताया कि उसका पति पिछले 2 साल से घर पर नहीं था। वह बच्चों को पढ़ने के लिए औरंगाबाद शहर के कर्मा रोड में पुलिस लाइन के समीप किराए के मकान में रहती थी। अचानक शुक्रवार को मायका बाला कर्मा गांव के सरकारी स्कूल में विकास के शव होने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मृतक के घरवालों को भी दी गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## बीआरबीसीएल में उल्लासपूर्वक मना एनटीपीसी का स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारतीय रेल एवं एनटीपीसी के संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) में शुक्रवार को एनटीपीसी का 51वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी द्वारा पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कुल दो हजार पौधे लगाए गए जिसमें सभी विभागों के प्रमुख एवं कर्मचारीगणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बीआरबीसीएल प्लांट परिसर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी द्वारा एनटीपीसी का झंड़ा लहराया गया। इस अवसर पर सभी विभागों के प्रमुख एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री देहुरी ने एनटीपीसी के 50 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने और 51वें स्थापना दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में एनटीपीसी एवं बीआरबीसीएल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए संगठन की निरंतर प्रगति के प्रति सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री देहुरी के नेतृत्व में बीआरबीसीएल परिवार के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगणों ने समूह फोटोग्राफी में हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागी एनटीपीसी के 50 वर्षीय प्रतीक चिन्ह के आकार में खड़े होकर एकता और सामूहिकता का अद्भुत संदेश प्रस्तुत किया। यह दृश्य एनटीपीसी एवं बीआरबीसीएल परिवार की एकजुटता और गर्व का प्रतीक बन गया।



## पीएम मोदी ने औरंगाबाद के दो महान समूह सपूतों को किया नमन

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज औरंगाबाद में चुनावी रैली के दौरान अपने संबोधन के आरंभ में ही औरंगाबाद के दो महान सपूतों बिहार विभूति डॉक्टर अनुग्रह नारायण सिंह और आजादी की लड़ाई के दौरान 1942 की अगस्त क्रांति में शहीद जगतपति कुमार को याद किया और उन्हें नमन किया। प्रधानमंत्री द्वारा जिले के दोनों महान सपूतों को नमन किए जाने की पूरे जिले में सराहना की जा रही है।

## वंदे मातरम सामूहिक गायन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वंदे मातरम का 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद के कार्यालय परिसर में बंदे मातरम सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधीक्षण अभियंता ई. प्रेम प्रकाश रंजन के निर्देशन में अभियंताआ एवं कर्मचारियों द्वारा बंदे मातरम सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता ई. प्रेम प्रकाश रंजन ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्राण गीत है। इसके माध्यम से देशवासियों में मातृभूमि के प्रति प्रेम, त्याग और समर्पण की भावना जागृत होती है। हमें गर्व है कि आज की पीढ़ी भी इस गीत के महत्व को समझ रही है। देश की एकता और अखंडता के लिए 'वंदे मातरम' का गायन हमें नई प्रेरणा देता है। मौके पर ई विभास पाल, ई. अशरफ अली, ई. इमरान हुसैन, ई. सूरज कुमार पाण्डेय, नेहा कुमारी, सुरभि चटर्जी, आशा देवी, गणेश सिंह सरदार, मोहित कुमार मोदक, गौरीशंकर परीक्षा, विनय कुमार सिंह, अनादि प्रमाणिक, महादेव कुमार, मनोरमा देवी, उमा देवी, महेन्द्र प्रसाद के अलावें ग्रामीण कार्य विभाग, जांच एवं गुणवता नियंत्रण प्रयोगशाला के ई. रफीक आलम, ई. नीतेश कुमार, ई. रोहित राज, अभिषेक कुमार, ज्योति कुमारी तिवारी, अनुष्का तिवारी सहित अभियंता एवं कर्मचारी मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण कार्य विभाग, जांच एवं गुणवता नियंत्रण प्रमण्डल औरंगाबाद के कार्यपालक अभियंता ई. सुमन कुमार के नेतृत्व में भी बंदे मातरम सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)

सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)

पिन - 824101

मो.-9431223574,9572550076

व्हाटसप नं.-7295863300

ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com

Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.

बोकारो स्टील सिटी, बोकारो

मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

## ग्रामीणों ने शत-प्रतिशत मतदान का लिया संकल्प

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** आम निर्वाचन के तहत स्वीप अभियान के अंतर्गत बारून प्रखंड के भोपतपुर पंचायत स्थित घोरहा गांव में आज प्रभावशाली जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार गीत से हुई, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह और गौरव से भर दिया। इसके पश्चात जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने स्वयं उपस्थित होकर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुन उसका शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और सभी से 11 नवम्बर को मतदान केंद्र पहुंचकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर जीविका दीदियों द्वारा मतदान पर प्रेरक गीत प्रस्तुत किया गया। ग्रामीणों ने मतदान करने की शपथ ली। पूरे वातावरण में लोकतांत्रिक जोश और जनजागरूकता की लहर दौड़ गई। ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं की भारी उपस्थिति से कार्यक्रम जनोत्सव का रूप ले लिया।

## प्रेक्षक ने चुनाव की पारदर्शिता पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्राधिकृत व्यय प्रेक्षक ईशान रीमान खड़कोगर द्वारा आज कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एरका चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक के दिशा-निर्देशन में चेक पोस्ट पर तैनात स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) एवं फ्लाइंग सर्विलांस टीम (एफएसटी) द्वारा गुजरने वाले वाहनों की सघन जांच विशेष स्कैनर मशीनों के माध्यम से की गई। जांच के क्रम में विशेष रूप से शराब, अवैध नकदी, उपहार सामग्री अथवा निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रकार के वस्तु या सामग्री की गहन जांच की गई। व्यय प्रेक्षक श्री खड़कोगर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी वाहन को बिना जांच के आगे न जाने दिया जाए तथा शराब या अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की जांच स्कैनर से अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि चेक पोस्ट पर 24 घंटे निगरानी रखी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत जिला निर्वाचन नियंत्रण कक्ष को दी जाए। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक ने चेक पोस्ट पर शराब की जांच स्कैनर से किया गया। इसके अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था, टीम की तैनाती, तलाशी प्रक्रिया एवं रिकॉर्ड संधारण की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं सतर्कता के साथ कार्य करें ताकि अवैध धन, शराब या अन्य अनुचित माध्यमों से मतदाताओं को प्रभावित करने की किसी भी कोशिश पर पूर्ण विराम लगाया जा सके। व्यय प्रेक्षक ने सभी अधिकारियों को अपने कार्यों को संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ संपादित करने का निर्देश दिया।






CMYK